फाल्गुन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, मंगलवार
24 फरवरी 2026
वर्ष-27, अंक-25, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.




**रांची का तापमान**

| | कांके | | रांची |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 27.5° | अधिक. | 29.6° |
| न्यून. | 16.0° | न्यून. | 14.0° |

## नगर निकाय चुनाव 2026 में संध्या 05:00 बजे तक मतदान प्रतिशत

| नगरपालिका | प्रतिशत |
|---|---|
| मेदिनीनगर नगर निगम | 57.41 |
| विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग-ख) | 66.67 |
| हुसैनाबाद नगर पंचायत | 59.86 |
| हरिहरगंज नगर पंचायत | 64.99 |
| छत्तरपुर नगर पंचायत | 65.81 |
| गढ़वा नगर परिषद (वर्ग ख) | 63.32 |
| श्री बंशीधरनगर नगर पंचायत | 63.07 |
| मझिआंव नगर पंचायत | 62.80 |
| लातेहार नगर पंचायत | 66.12 |
| चतरा नगर परिषद (वर्ग ख) | 68.00 |
| हजारीबाग नगर निगम | 49.95 |
| झुमरीतिलैया नगर परिषद (वर्ग ख) | 58.82 |
| कोडरमा नगर पंचायत | 56.89 |
| डोमचांच नगर पंचायत | 54.16 |
| गिरिडीह नगर निगम | 60.00 |
| बड़कीसरैया नगर पंचायत | 63.74 |
| धनवार नगर पंचायत | 65.22 |
| देवघर नगर निगम | 52.92 |
| मधुपुर नगर परिषद (वर्ग ख) | 67.50 |
| गोड्डा नगर परिषद (वर्ग-ख) | 60.94 |
| महागामा नगर पंचायत | 70.45 |
| साहेबगंज नगर परिषद (वर्ग-ख) | 57.58 |
| राजमहल नगर पंचायत | 67.85 |
| बरहरवा नगर पंचायत | 73.58 |
| पाकुड़ नगर परिषद (वर्ग-ख) | 66.30 |
| दुमका नगर परिषद (वर्ग-ख) | 60.34 |
| बासुकीनाथ नगर पंचायत | 74.10 |
| मिहिजाम नगर परिषद (वर्ग-ख) | 60.14 |
| जामताड़ा नगर पंचायत | 61.45 |
| धनबाद नगर निगम (वर्ग-क) | 48.00 |
| चिरकुंडा नगर परिषद (वर्ग ख) | 60.14 |
| चास नगर निगम | 49.76 |
| फुसरो नगर परिषद (वर्ग-ख) | 58.37 |
| रामगढ़ नगर परिषद (वर्ग-क) | 65.63 |
| लोहरदगा नगर परिषद (वर्ग-ख) | 66.86 |
| गुमला नगर परिषद (वर्ग-ख) | 59.79 |
| खूंटी नगर पंचायत | 64.02 |
| रांची नगर निगम (वर्ग-क) | 43.28 |
| बुंडू नगर पंचायत | 74.00 |
| सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग-ख) | 67.83 |
| चक्रधरपुर नगर परिषद (वर्ग-ख) | 57.95 |
| चाईबासा नगर परिषद (वर्ग ख) | 61.72 |
| आदित्यपुर नगर निगम | 54.96 |
| कपाली नगर परिषद (वर्ग ख) | 57.29 |
| सरायकेला नगर पंचायत | 75.35 |
| मानगो नगर निगम | 50.70 |
| जुगसलाई नगर परिषद (वर्ग-ख) | 59.60 |
| चाकुलिया नगर पंचायत | 72.90 |

औसत 61.84

## निकाय चुनाव में संध्या पांच बजे तक हुआ 61.84 प्रतिशत मतदान

# झारखंड में नगर निकाय चुनाव संपन्न प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटियों में बंद



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य में नगर निकाय चुनाव के तहत विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए मतदान सोमवार की शाम में 05:00 बजे संपन्न हो गया। मेयर और अध्यक्ष तथा वार्ड पार्षद के प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटियों में बंद हो गए। आगामी शुक्रवार (27 फरवरी 2026) को सुबह 08:00 बजे से मतगणना होगी और उसके बाद प्रत्याशियों की जीत-हार का पता चलेगा। झारखंड में इस बार नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर से हुआ है। शाम पांच बजे तक राज्यभर में 61.84 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक मतदान सरायकेला नगर पंचायत में 75.35 प्रतिशत हुआ। सबसे कम वोटिंग रांची नगर निगम के लिए 43.28 प्रतिशत हुई। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर राज्य में मतदान सामान्य रूप से शांतिपूर्ण रहा। मतदान समाप्त होने के बाद संध्या में पोलिंग पार्टियां बैलेट बॉक्स को जमा कराने के लिए वज्रगृह लेकर आ गई थीं और जमा करा रही थीं।

राज्य के नौ नगर निगमों रांची, धनबाद, देवघर, आदित्यपुर, चास, मेदिनीनगर, हजारीबाग, गिरिडीह और मानगो के साथ 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायतों के लिए सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ। सभी निकायों में कुल 4304 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। मतदान के दौरान राज्य में कुछ स्थानों से मारपीट, बोगस वोटिंग, विवाद और अव्यवस्था की शिकायतें सामने आती रहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बोकारो के चास क्षेत्र में एक बूथ पर हुए हंगामा के दौरान पुलिस और प्रत्याशी के समर्थकों के बीच झड़प में डीएसपी प्रवीण सिंह घायल हो गए। यहां भोजपुर कॉलोनी में फर्जी मतदान के आरोप में तीन महिलाओं को हिरासत में लिया गया, जिससे कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही। धनबाद नगर निगम के वार्ड 27 स्थित एक मतदान केंद्र पर दो प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच मारपीट हुई, जबकि वार्ड 22 में बूथ लूटने के प्रयास और प्रत्याशी के भाई के साथ मारपीट की घटना सामने आई। गिरिडीह के वार्ड 18 में दो पक्षों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पथराव और मारपीट के बाद सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। गुमला के अंबेडकर नगर मतदान केंद्र पर भी दो गुटों के बीच विवाद बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया। जमशेदपुर के जुगसलाई क्षेत्र में फर्जी मतदान के आरोप को लेकर करीब एक घंटे मतदान बाधित रहा।

रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में भी दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। साहिबगंज में चुनाव ड्यूटी के दौरान एक होमगार्ड जवान की राइफल से गलती से गोली चलने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। कई स्थानों पर मतदाताओं ने शिकायत की कि एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग बूथों पर दर्ज थे। कुछ मतदाताओं को बूथ बदलने की जानकारी समय पर नहीं मिली, जिससे वे एक केंद्र से दूसरे केंद्र तक भटकते रहे।

चुनाव प्रबंधन को लेकर दो महत्वपूर्ण मुद्दे भी उभरे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मतदान कार्य में लगे लगभग 50 हजार कर्मियों के लिए डाक मतपत्र की व्यवस्था नहीं होने से वे अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर सके।

शेष पेज 11 पर

**कुछ जगह पर झड़प के बीच सामान्यतः शांतिपूर्ण हुआ चुनाव**

**सरायकेला नगर पंचायत में सबसे ज्यादा 75.35 प्रतिशत वोटिंग**

**रांची नगर निगम के लिए सबसे कम वोटिंग 43.28 प्रतिशत मतदान**

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन संग डाला वोट



राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को अपनी धर्मपत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ राजधानी में रांची नगर निगम के चुनाव में मतदान किया। मुख्यमंत्री रांची के हरमू स्थित संत कुलदीप स्कूल में बने मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर मुख्यमंत्री के पहुंचते ही समर्थकों और आम लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया। कई लोग उनसे मिलने और कल्पना सोरेन के साथ तस्वीर लेने को उत्सुक दिखे। हालांकि, मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी ने आम मतदाता की तरह कतार में खड़े होकर शांतिपूर्वक मतदान किया। वोट डालने के बाद मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन ने अपनी उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए फोटो खिंचवाई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बातचीत के क्रम में राज्यवासियों से अपील की कि वे भी अधिक से अधिक संख्या में घरों से निकलकर मतदान करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सीएम सोरेन ने कहा कि हर एक वोट कीमती है और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया मतदान




राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नगर निकाय चुनाव के तहत रांची स्थित श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में बनाए गए मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोट देने के बाद राज्यपाल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का एक अनिवार्य एवं सशक्त अंग है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाएं। राज्यपाल संतोष गंगवार ने नागरिकों से स्वेच्छा, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ मतदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों का चयन किया जाना चाहिए, जो क्षेत्र, शहर एवं प्रदेश के समग्र विकास के प्रति संवेदनशील और प्रतिबद्ध हों।

## झारखंड के वरिष्ठतम पत्रकार बलबीर दत्त पहली बार नहीं दे पाए वोट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के एकमात्र पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठतम पत्रकार बलबीर दत्त 90 वर्ष से भी अधिक आयु में अपनी मतदाता की जिम्मेदारी निभाने जब अपने आवास के पास गौरीदत्त मंडेलिया विद्यालय पहुंचे, तो वहां उनका नाम नहीं था। वहां से सपरिवार पास के श्रद्धानंद विद्यामंदिर गएद्ध वहां उनके सुपुत्र रोहित दत्त का नाम मिला, पर अन्य के नाम नहीं मिले। उसके बाद सभी लोग केबी गर्ल्स स्कूल गए, पर वहां भी नाम नहीं मिले। इस तरह आधा दिन निकल गया और दत्त परिवार के किसी भी सदस्य को वोट देने का अवसर नहीं मिला। पद्मश्री बलबीर दत्त ने इस विषय पर बताया कि वर्ष 1952 से मतदान की प्रक्रिया चल रही है और वे वर्ष 1957 से लगातार वोट देते आ रहे हैं। यह पहला अवसर है कि उन्हें मतदान से वंचित होना पड़ा और वेबसाइट पर भी जानकारी अपडेट नहीं की गई है। उनके घर देशप्राण गली में किसी बीएलओ ने न संपर्क किया था और ना ही पर्ची पहुंचाई थी। निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी से इस विषय पर बात करने पर उन्होंने कहा कि वे जांच कराएंगी कि बीएलओ क्यों नहीं गया और ऐसा क्यों हुआ।




### चतरा में मेडिकल एंबुलेंस एयरक्राफ्ट क्रैश

**रांची।** रांची से दिल्ली के लिए उड़ा मेडिकल एंबुलेंस एयरक्राफ्ट रडार से गायब होने के बाद चतरा के सिमरिया में क्रैश होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार विमान में 7 लोग सवार थे। विमान 7 बजे शाम में रांची स्टेट हैंगर से दिल्ली के लिए उड़ा था।

**अबुआ बजट** आम से लेकर खास तक की टिकी हुई हैं निगाहें

# वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट आज होगा पेश

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर मंगलवार (24 फरवरी) को झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगे। हेमंत सोरेन सरकार के इस वर्ष के 'अबुआ बजट' पर आम से लेकर खास तक की निगाहें टिकी हुई हैं कि इसमें किन क्षेत्रों को प्राथमिकता मिलेगी और विकास के रफ्तार को कितनी शक्ति मिलेगी। साथ ही, यह बजट क्या राज्य के विकास और युवाओं को राजगार देने के मामले में उममीदों पर खरा उतरेगा? राज्य का वर्ष 2026-27 का बजट कई मायनों में अहम हो सकता है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, राज्य सरकार इस बजट में औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और शहरी विकास विकास पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर सकती है। साथ ही, महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का दायरा बढ़ाया जा सकता है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को और सशक्त किया जा सकता है।



राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर विधानसभा में पेश करेंगे बजट

विशेषज्ञों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 1.55 लाख करोड़ से 1.60 करोड़ के बीच हो सकता है। ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का 'अबुआ बजट' लगभग 1.45 लाख करोड़ का था। राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2026-27 में बजट की राशि में बढ़ोतरी की जा सकती है।

इससे नई योजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में खास बात थी 'मंईयां सम्मान योजना।' इसके लिए करीब 13,363 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया था। राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना 'मंईयां सम्मान योजना' का उद्देश्य था। इस योजना का लाभ 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट यह तय करेगा कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य के विकास की दिशा को कितना मजबूती प्रदान करती है।

### इन क्षेत्रों पर रह सकता है फोकस

1. उद्योगों को मजबूत करने के लिए निवेश को बढ़ावा।
2. रोजगार सृजन को बढ़ाते हुए स्वरोजगार को भी बढ़ावा।
3. शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करते हुए गुणवत्ता में सुधार करना।
4. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास करना।
5. महिलाओं और जनजातीय समाज का सशक्तिकरण।
6. राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देना।



## बंगाल के वरिष्ठ राजनेता मुकुल रॉय का निधन

**कोलकाता (हि.स.)**



71 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस, कई गंभीर शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे थे

पश्चिम बंगाल की राजनीति में चाणक्य कहे जाने वाले वरिष्ठ राजनेता मुकुल रॉय का रविवार की देर रात निधन हो गया। उन्होंने 71 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। लंबे समय से किडनी सहित कई गंभीर शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे मुकुल रॉय न्यू टाउन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन से राज्य की राजनीति में शोक की लहर दौड़ गई।

मुकुल रॉय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस से की। बाद में वे राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। वे तृणमूल के संस्थापक सदस्यों में शामिल हैं। संगठन को खड़ा करने में उनकी रणनीतिक भूमिका के कारण उन्हें 'बंगाल की राजनीति का चाणक्य' भी कहा जाता था। एक समय उन्हें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की छाया कहा जाता था। उन्होंने राज्यसभा सदस्य के रूप में भी दायित्व निभाया और केंद्र सरकार में जहाजरानी तथा रेल मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली। रॉय बाद में वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में कृष्णनगर उत्तर सीट से भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की। हालांकि, बाद में उन्होंने पुनः तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया, लेकिन विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया। इस कारण वे औपचारिक रूप से भाजपा विधायक ही बने रहे। मुकुल रॉय को विधानसभा की लोक लेखा समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया था।

शेष पेज 11 पर

## बिजली के पोल से टकराई बाइक, गैस एजेंसी संचालक की मौत

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के वेटरनरी स्थित जुमार पुल के पशुपति मंदिर के पास बिजली के पोल से टकराकर बाइक सवार आकाश इंडेन गैस के संचालक की मौके पर मौत हो गई। घटना रविवार की रात लगभग 11 बजे की है। कांके थाना प्रभारी प्रकाश कुमार रजक ने बताया कि 40 वर्षीय आकाश अनमोल सांचा बाइक से रिंग रोड स्थित घर से अरसंडे स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जुमार पुल के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई। परिजनों को इस घटना की जानकारी सोमवार की सुबह ग्रामीणों के माध्यम से मिली। इसके बाद पिता, पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री का रो-रोकर बुरा हाल है। रिम्स में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद सोमवार की शाम छह बजे सुकुरहुट्टू कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी मौत पर पूर्व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, वर्तमान प्रखंड अध्यक्ष नवीन तिर्की, खुर्शीद आलम, सोनू मुंडा, चंद्रदीप कुमार, समनूर मंसूरी, सबीबुल रहमान, शेख शहाबुद्दीन आदि ने गहरा शोक जताया है।

# मतदान केंद्रों के अंदर लंबी कतारें बाहर टेंटों में दिनभर रही हलचल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम चुनाव के दौरान लोकतंत्र के महापर्व का उत्साह शहर के कोने-कोने में नजर आया। जहां एक ओर मतदान केंद्रों के भीतर अपनी बारी का इंतजार करते मतदाताओं की लंबी कतारें चुनावी सरगर्मी बढ़ा रही थीं, वहीं केंद्रों के बाहर का नजारा भी किसी 'वॉर रूम' से कम नहीं था। सुबह जैसे ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई, विभिन्न वार्डों के उम्मीदवारों के समर्थकों ने बाहर लगाए गए टेंटों में मोर्चा संभाल लिया। मतदान केंद्रों के भीतर जहां वोटर अपनी भागीदारी को लेकर उत्साहित दिखे। वहीं, बाहर समर्थकों की टोलियां दिनभर सक्रिय रहीं। मतदाताओं को एक जगह से दूसरे जगह भेजते रहे इस दौरान टेंटों पर मौजूद कार्यकर्ता मतदाताओं का नाम सूची में खोजकर उन्हें उनकी क्रम संख्या और संबंधित मतदान केंद्र की जानकारी दे रहे थे।

हालांकि जिन मतदाताओं का नाम सूची में नहीं मिल रहा था, उन्हें लेकर कार्यकर्ता भी असमंजस में दिखे। ऐसे मतदाताओं को कभी दूसरे वार्ड तो कभी किसी अन्य बूथ पर जाकर जांच कराने की सलाह दी जाती रही। इस दौरान कई मतदाता एक स्थान से दूसरे स्थान तक भटकते रहे और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ा। जलपान भी चलता रहा चुनाव के दौरान दिनभर टेंटों पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बनी रही। समर्थक मतदाताओं को फोन कर मतदान के लिए बुलाते रहे और बूथ तक पहुंचने में सहयोग करते दिखे। कई टेंटों पर पानी और बैठने की व्यवस्था भी की गई थी, जिससे मतदाताओं को सहूलियत मिल सके। इस दौरान बीच-बीच में चाय-पानी भी चलता रहा।



### राज्य में सबसे कम वोटिंग रांची निगम में, पिछली बार से 6% कम

रांची। राज्य में सोमवार को 48 नगर निकाय क्षेत्रों में चुनाव के लिए वोटिंग की गई। सभी नगर निकाय क्षेत्रों सबसे कम मतदान रांची नगर निगम क्षेत्र में ही हुआ है। रांची नगर निगम में सिर्फ 43.28 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो पिछली बार 2018 में हुए चुनाव से भी करीब छह प्रतिशत कम है। पिछली बार 49.28 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं] रांची जिला के बुंडू नगर पंचायत के चुनाव में 74 फीसदी मतदान हुआ है। बुंडू में पिछली बार के मुकाबले दो फीसदी अधिक मतदान हुआ है। उस दौरान बुंडू में 72 फीसदी मतदान हुआ था। बता दें कि जहां रांची वोटिंग के मामले में सबसे अंतिम पायदान में है वहीं बुंडू 48 निकाय क्षेत्रों में मतदान के मामले में टॉप तीन में है। बता दें कि रांची नगर निगम क्षेत्र में शुरुआती दो घंटे में सिर्फ सात फीसदी ही मतदान हुआ था। सबसे अंतिम दो घंटे में भी सिर्फ आठ फीसदी ही मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान दोपहर एक से तीन बजे के बीच में हुआ है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कार्यक्रम में शामिल होने का मिला आमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार का कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, बारीडीह जमशेदपुर के प्रभारी डीन डॉ हरीश चंद्र बंधु ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने 26 फरवरी को मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। विदित हो कि 26 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जमशेदपुर दौरा प्रस्तावित है, इसी क्रम में राष्ट्रपति का मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज आगमन कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के क्रम में जनसंपर्क पदाधिकारी मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज प्रियंका सिंघल एवं लीगल हेड जय प्रकाश उपस्थित रहे।

## सीएम से पं. रघुनाथ मुर्मु हेरिटेज ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीएम से आवासीय कार्यालय में सोमवार को पंडित रघुनाथ मुर्मु हेरिटेज ट्रस्ट, रायरंगपुर, ओडिशा के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने ट्रस्ट द्वारा आगामी 11 और 12 अप्रैल 2026 को दुबई के बुर्ज खलीफा में आयोजित किए जाने वाले ओलचिकी शताब्दी समारोह के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य और इसकी सांस्कृतिक महत्ता से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को वें ऑफ इंडिया द्वारा ओलचिकी लिपि में अनूदित झारखंड का मानचित्र सप्रेम भेंट किया। मुलाकात के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष चुन्नियान मुर्मु, कोषाध्यक्ष अंता आलोक बास्के तथा सदस्य डॉ. डुमनी माई मुर्मु उपस्थित थे।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने राज्यपाल से की भेंट, दिया आमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 1 मार्च को वृंदावन की तर्ज पर फूलों की होली, वृंदावन से पधारे कलाकारों द्वारा आकर्षक नृत्य-नाटिका एवं संगीतमय भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर ट्रस्ट द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को भक्तिमय और आनंदमय वातावरण का अनुभव हो सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को आमंत्रित करने के लिए ट्रस्ट का प्रतिनिधिमंडल लोकभवन पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं दीपेश निराला शामिल थे। सभी ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा 1 मार्च को सपरिवार मंदिर पधारने का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर राज्यपाल को ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न सेवा एवं धार्मिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

प्रतिनिधिमंडल ने श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना, सत्संग एवं सामाजिक कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। साथ ही सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में संचालित सेवा कार्यों एवं गौशाला में गौसेवा संबंधी गतिविधियों से भी अवगत कराया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि फूलों की होली एवं भजन संध्या का यह आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देगा। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक समरसता का भी प्रतीक बनेगा।

### रोटरी क्लब के शिविर में 62 दिव्यांगों को नि:शुल्क लगेंगे कृत्रिम हाथ



**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची की ओर से मंगलवार को रांची क्लब परिसर स्थित रोटरी भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में 62 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ नि:शुल्क लगाए जाएंगे। क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि सुविधा का लाभ उन व्यक्तियों को मिलेगा, जिन्होंने किसी दुर्घटना या बीमारी के कारण अपने हाथ खो दिए हैं। वहीं, प्रवीण राजगढ़िया ने जानकारी दी कि शिविर में पुणे की इनाली फाउंडेशन की विशेषज्ञ टीम मौजूद रहेगी। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में क्लब के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से भी मुलाकात कर उन्हें शिविर में आमंत्रित किया है। राज्यपाल से मिलने वालों में अध्यक्ष अमित अग्रवाल, जशदीप सिंह, गिरीश अग्रवाल और प्रवीण राजगढ़िया शामिल थे।

## सीआईएसएफ हटाने का फैसला एचईसी की बंदी का संकेत : लालदेव

**रांची।** हटिया कामगार यूनियन (ऐटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने एचईसी से सीआईएसएफ हटाने के निर्णय पर सोमवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि यह फैसला एचईसी की बंदी प्रक्रिया की ओर बढ़ता कदम है। लालदेव सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एचईसी को चलाने को इच्छुक नहीं है। पहले बैंक गारंटी वापस ली गई और अब सीआईएसएफ को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की वापसी से कारखाने की परिसंपत्तियों की सुरक्षा प्रभावित होगी, इससे उत्पादन और वेतन भुगतान की स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सरकार को स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए ताकि कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान का समाधान हो सके।

## झमाझम बारिश से बदला मौसम, आज अलर्ट
# रांची में तेज हवा के साथ पड़ी बौछारें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में बारिश से मौसम बदल गया है। सोमवार शाम को रांची में मौसम ने करवट ली और काले बादलों के साथ हुई झमाझम बारिश हुई। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण झारखंड के मौसम में यह बदलाव आया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। राज्य के कुछ हिस्सों में मंगलवार को भी मौसम खराब रहेगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, रांची में सोमवार रात को काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। इस दौरान



आंधी जैसी तेज हवाएं चलीं। मौसम केंद्र की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने वेदर सिस्टम के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। अगले 24 घंटों के दौरान रांची समेत राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में भी गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान रांची, रामगढ़, बोकारो, कोडरमा, हजारीबाग, खुंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहारदगा, लातेहार जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने कल यानी 24 फरवरी को भी राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

## ऑटो चालकों ने मनाया होली मिलन समारोह

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की ओर से सोमवार को धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ऑटो चालाकों ने जमकर गीत-संगीत गाया। रंग-गुलाल, अबीर बिखेरे। पुष्पमाला और गमछा देकर अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने की, जबकि संचालन प्रदेश कोषाध्यक्ष भोला सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में चतरा जिला के प्रफुल पांडे उपस्थित थे। इस अवसर पर संगठन विस्तार की घोषणा करते हुए चतरा जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर विजय कुमार साहू को मनोनीत किया गया और प्रफुल पांडे को संरक्षक बनाया गया। नवमनोनीत अध्यक्ष को एक माह के भीतर जिला कमेटी गठित कर सूची प्रदेश कार्यालय को सौंपने का दायित्व दिया गया।

## आंधी-बारिश के बाद गुल हुई शहर की बिजली

**रांची।** मौसम में आए बदलाव और सोमवार की शाम को 30 किमी प्रतिघंटा से चली हवा और बारिश से रांची शहर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। पेड़ों की टहनियां बिजली के तारों पर गिर गई, जिसके कारण सुरक्षात्मक कारणों से शहर के कई फीडरों से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। करीब एक घंटा तेज बारिश और हवा के चलने से रांची की बिजली बंद रही। जानकारी के अनुसार, बारिश व हवा कम होने के बाद एक-एक कर सभी फीडरों की बिजली बहाल कियाग या। लेकिन, पेड़ों की टहनियां बिजली के तारों पर लटके रहने के कारण बारिश के बाद लोकल फॉल्ट की समस्या आनी शुरू हुई, तब तक कई मोहल्लों व इलाकों की बिजली बंद रखी गई। बारिश समाप्त होने के बाद विभिन्न विद्युत प्रमंडल के द्वारा अपने-अपने इलाकों में गश्ती की गई और तारों में पेड़ों की टहनियां गिरी हुई हैं या नहीं, उसका जायजा लिया गया। इसके बाद क्रमवार फीडरों से बिजली बहाल करनी शुरू हुई। बीच-बीच में छोटी स्थानीय खराबी की शिकायत आई, जिसके कारण कई मोहल्लों में बारिश बाद भी एक घंटे से ज्यादा समय बिजली बंद रही।

# द पॉलिसी ट्रायथलॉन में आईआईएम शिलांग की टीम हुए विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची में सोमवार को राष्ट्रीय स्तर की पब्लिक पॉलिसी प्रतियोगिता 'विधानः द पॉलिसी ट्रायथलॉन' के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता आईआईएम रांची और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची की एक अनूठी संयुक्त पहल है। वर्ष 2025 में शुरू किए गए इस छात्र-नेतृत्व वाले मंच का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच साक्ष्य-आधारित सार्वजनिक नीति विमर्श, व्यावहारिक नीति-चिंतन और स्वस्थ लोकतांत्रिक चर्चा को बढ़ावा देना है। आयोजन की कमान एनयूएसआरएल की कौटिल्य सोसाइटी और आईआईएम रांची के पॉलिट्रिक्स व पैराडॉक्स क्लब के हाथों में रही। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईएम, एनएलयू और आईआईटी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कड़े मूल्यांकन चरणों के बाद कुल 11 टीमों ने राष्ट्रीय फाइनल में जगह बनाई और समसामयिक नीतिगत विषयों पर अपने प्रभावी प्रस्ताव व समाधान प्रस्तुत किए। प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आईआईएम शिलांग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 20,000 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। एनयूएसआरएल रांची की टीम दूसरे स्थान (15,000 रुपये) पर रही, जबकि राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटियाला की टीम ने तीसरा स्थान (10,000 रुपये) हासिल किया। नीति-निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम समापन सत्र में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने विजेता व फाइनलिस्ट टीमों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

उन्होंने नीति-निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को राष्ट्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक श्रीवास्तव और एनयूएसआरएल रांची के सहायक प्राध्यापक डॉ. उत्कर्ष वर्मा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

## बीआईटी के छात्रों ने बनाया ऑल-टेरेन व्हीकल, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम




**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के 'फायरबोल्ट रेसिंग क्लब' द्वारा सोमवार को संस्थान परिसर में विशेष प्रदर्शन और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्देश्य छात्रों द्वारा निर्मित ऑल-टेरेन व्हीकल (एटीवी) का प्रदर्शन करना और राष्ट्रीय स्तर की आगामी प्रतियोगिता से पूर्व संस्थान के अधिकारियों के साथ संवाद करना था। कार्यक्रम के दौरान टीम ने अपने निर्मित आईसी इंजन आधारित ऑल-टेरेन व्हीकल का सजीव प्रदर्शन किया। क्लब के सदस्यों ने वाहन की डिजाइन प्रक्रिया, निर्माण के चरणों और इसकी तकनीकी बारीकियों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों और शिक्षकों ने वाहन का बारीकी से अवलोकन कर छात्रों के तकनीकी कौशल की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। यह टीम हैदराबाद में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित 'बाजा साई इंडिया-2026' प्रतियोगिता में संस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। समारोह में संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. सुदीप दास, छात्र मामलों के डीन डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, एसोसिएट डीन डॉ. गौतम शांडिल्य, परीक्षा नियंत्रक डॉ. ऋतेश कुमार सिंह और फैकल्टी एडवाइजर डॉ. परितोष महता उपस्थित थे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री व टीएमसी नेता मुकुल राय का निधन अपूरणीय क्षति : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पोस्ट के जरिए कहा कि पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और तृणमूल कांग्रेस नेता मुकुल रॉय के निधन से मन आहत है। मुकुल रॉय का निधन बंगाल की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर परिवारजनों और उनके शुभचिंतकों को दुःख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दें।



### मुकुल रॉय के निधन पर नुरुल्लाह हबीब नदवी ने जताया दुख

टीएमसी के वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय के निधन पर नुरुल्लाह हबीब नदवी ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

पूर्व सदस्य, सलाहकार समिति दक्षिण पूर्व रेलवे एवं रेल मंत्रालय भारत सरकार से जुड़े नदवी ने कहा कि अपने रेल मंत्री कार्यकाल के दौरान मुकुल रॉय ने उन्हें दक्षिण पूर्व रेलवे की सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया था, जो उनके लिए सम्मान की बात रही। उन्होंने कहा, "उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत रूप से गहरा आघात पहुंचा है।

इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। ईश्वर उनके परिवार को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।" मुकुल रॉय का निधन भारतीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है, जिससे सार्वजनिक जीवन व राजनीतिक जगत में शोक की लहर है।

## झारखंड का बजट लोगों के जीवन में खुशहाली लाएगा : लाल किशोर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने उम्मीद जताई है कि मंगलवार को विधानसभा में पेश होने वाला बजट सभी वर्गों के जीवन में खुशहाली लाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट चुनाव पूर्व किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाने का प्रयास होगा। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि केंद्र की तुलना में लोगों को राज्य के बजट से अधिक उम्मीदें होती हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि राज्य सरकार सीधे तौर पर सड़क, पानी, खेती, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 का बजट समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें विशेष रूप से युवा, महिला और किसानकी प्रगति और जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही कल्याणकारी योजनाओं के जरिए कमजोर वर्गों को मजबूती दी जाएगी। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि बजट में राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर जोर रहेगा। आर्थिक संतुलन और अनुशासन प्रवक्ता के अनुसार, सरकार वित्तीय नियमों का पूरी तरह पालन किए जाने की संभावना है। बजट में राजस्व का प्रबंधन इस तरह किया जाएगा कि विकास के साथ-साथ राजकोषीय अनुशासन भी बना रहे। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि बजट तैयार करने से पहले मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री ने विभिन्न संगठनों के साथ कई दौर की बैठकें की हैं।

**कार्यक्रम** वनबंधु परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय माहेश्वरी का हुआ रांची आगमन

# संरक्षक प्रशिक्षण वर्ग का किया उद्घाटन

- संरक्षक और अन्य दायित्वधारियों के दायित्वों पर भी विस्तृत चर्चा हुई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** वन बंधु परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय माहेश्वरी ने एकल अभियान के अंतर्गत सरंक्षक प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन करते हुए प्रशिक्षण कराया। इसमें वन बंधुपरिषद के रांची, धनबाद, जमशेदपुर चैप्टर के पदाधिकारियों एवं सेवाव्रतियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में एकल अभियान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी उपस्थित थे।

उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा जैन एव पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष रमेशधरणिधरका भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में एकल अभियान, एकल परिवार, एकल अभियान ट्रस्ट, केंद्रीय कार्यकारिणी/ नगर संगठन/ ग्राम संगठन, संगठन सरंचना, प्रभाग/संभाग/ भाग/ अंचल, संरक्षक योजना पर विस्तार से बताया गया। संरक्षक और अन्य दायित्वधारियों के दायित्वों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

रांची चैप्टर के अध्यक्ष अंचल किंगर ने स्वागत भाषण दिया। अमरेंद्र विष्णुप्रिय ने सबको एक दूसरे से परिचित करवाया। जीतू पहान ने मुख्य वक्ता को प्रशिक्षण में सहयोग देने का कार्य किया।

रांची चैप्टर के सचिव के धन्यवाद ज्ञापन एवं राजनाथ उरांव के कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इस अवसर पर रांची से प्रदीप जैन, सतीश तुलसयान, उषा जालान, चंद्रकांत रायपत, मुकेश अग्रवाल, प्रभा, जमशेदपुर से अखिलेश दुबे, राजेश मित्तल, धनबाद से रवि ओझा, दयानन्द तिवारी, जानकी साव, बलदेव महतो विशेषरूप से उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से सुदेश महतो ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में मुलाकात की। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद सुदेश महतो की यह पहली भेंट थी। इस अवसर पर सुदेश महतो ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत होगा। मुलाकात के दौरान झारखंड में राजग को सशक्त करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही आसन्न पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के बाद सुदेश महतो ने अपने 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर लिखा कि राजग का संकल्प राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का है।

### मतदान के बाद सुरक्षित लौटीं पोलिंग पार्टियां

# रिसीविंग सेंटर पर जमा की मतदान सामग्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगर निगम चुनाव 2026 की मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद विभिन्न मतदान केंद्रों से पोलिंग पार्टियां सुरक्षित रूप से रिसीविंग सेंटर पहुंचीं। रिसीविंग सेंटर पर मतदान सामग्री जमा करने की प्रक्रिया निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार की गई। अधिकारी और कर्मचारी व्यवस्थित ढंग से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की प्रशासन की ओर से पूरी प्रक्रिया को सुचारु और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी। मतदान दलों की सुरक्षित वापसी और सामग्री के व्यवस्थित संकलन के लिए सुरक्षा एवं प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संचालित हुई। प्रशासन ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों से सामग्री प्राप्त होने तक निगरानी जारी थी। हालांकि देर रात तक पोलिंग पार्टियां बैलेट बॉक्स व अन्य सामग्री जमा कर रहे थे।

# ओटीसी ग्राउंड के बूथ पर बेहतर व्यवस्था, मतदाताओं ने सराहा



**रांची।** नगर निगम चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग तस्वीरें सामने आईं, वहीं वार्ड 32 के ओटीसी ग्राउंड स्थित बूथ पर उत्कृष्ट प्रबंधन देखने को मिला।यहां रांची जिला प्रशासन की ओर से मतदाताओं की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्र पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ-साथ मतदाताओं के बैठने की समुचित व्यवस्था भी की गई थी। मतदान के लिए पहुंचे लोगों ने सुव्यवस्थित व्यवस्था और सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे मतदान प्रक्रिया सुगम और सहज बनी रही। प्रशासन के इस प्रयास से मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई और शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार सुबह 8:00 बजे काजू बागान स्थित जूनियर डीएवी में मतदान किया।



रांची नगर निगम क्षेत्र के रातू रोड श्रद्धानन्द सेवाश्रम स्थित मतदान केंद्र पर झारखंड कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव पत्नी नीरा किशोर के साथ मतदान किया।



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने अपनी धर्मपत्नी डॉ विद्या झा के साथ डीएवी कपिलदेव स्कूल, कडरू के बूथ में मतदान किया।

## प्रथम मतदाता बने प्रमोद सारस्वत



**रांची। रांची को सुंदर बनाने के लिए एक अच्छे महापौर व पार्षद की जरूरत है। उक्त बातें प्रमोद सारस्वत ने कही। वे प्रथम मतदाता के रूप में कांके रोड स्थित जवाहर नगर के वार्ड नंबर 1 बूथ नंबर 4 पर अपना वोट दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर रांची के लिए हम अपना वोट अवश्य दे।**

## मतदान स्थलों पर अधिकारी रहे मुस्तैद



**रांची।** झारखंड निकाय चुनाव के मतदान दिवस पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात एवं अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संवेदनशील क्षेत्रों, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति और सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर स्थानीय पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारी के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी भी मौजूद थे।

## पोलिंग बूथ पर सांसद रहे सक्रिय

**रांची।** रांची में नगर निकाय चुनाव के दौरान सांसद और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ मतदान के दिन काफी सक्रिय नजर आए। वे विभिन्न पोलिंग बूथों पर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करते रहे और मेयर प्रत्याशी रोशनी खलको के समर्थन में फीडबैक लेते रहे। साथ ही मतदाताओं को घरों से निकलकर मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया। देवघर में भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी रीता चौरसिया के समर्थन में सांसद निशिकांत दूबे इंटरनेट मीडिया के माध्यम से लगातार प्रचार करते रहे और समर्थकों को उत्साहित किया। पलामू में मेयर प्रत्याशी अरुणा शंकर के पक्ष में स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया और पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही मतदान के दिन सक्रिय रहे। वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी गिरिडीह जिले में चल रहे चुनाव की स्थिति पर नजर बनाए रखे हुए थे और कार्यकर्ताओं से लगातार जानकारी लेते रहे। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह पिछले एक महीने से राज्य में प्रवास कर चुनावी रणनीति तैयार कर रहे थे।

## केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने मतदाताओं को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** रांची नगर निगम चुनाव के दौरान मतदाताओं में उत्साह चरम पर था। बड़ी संख्या में लोगों ने पोलिंग बूथों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची की जनता को लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कई बूथों पर मतदाताओं के नाम सूची में नहीं थे, कई जगह नामों में गड़बड़ी पाई गई और कुछ लोगों का मतदान केंद्र उनके निवास वाले वार्ड से 2–3 किलोमीटर दूर अन्य वार्डों में दर्ज कर दिया गया था। इन समस्याओं और अव्यवस्थाओं के बावजूद बड़ी संख्या में लोग मतदान के लिए सड़कों पर निकले और लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। संजय सेठ ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में भी जनता का मतदान के प्रति उत्साह सराहनीय है और वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने मतदाताओं की इस जागरूकता को लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक बताया।

## अधिकांश नगर निगमों में होगी हमारी जीत : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शहरी निकाय चुनाव के दौरान छिटपुट घटनाओं को छोड़ अधिकांश स्थानों पर शांतिपूर्ण मतदान होने पर सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राज्य निर्वाचन आयोग, प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों-कर्मियों के प्रति आभार जताया है। पार्टी के प्रधान महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनौतियों के बावजूद चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई, हालांकि कई जगह मतदाता सूची और बूथ बदलाव को लेकर शिकायतें भी सामने आईं। उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट और ओबीसी आरक्षण लागू होने के बाद जिस तेजी से चुनाव की तैयारियां की गईं, वह सराहनीय है। पिछली बार की तुलना में 49 प्रतिशत से अधिक मतदान वृद्धि को उन्होंने बदलाव का संकेत बताते हुए दावा किया कि राज्य के नौ नगर निगमों में एक से दो तिहाई सीटों पर झामुमो की जीत होगी और शहर की सरकार बनने जा रही है। भाजपा और उसके केंद्रीय मंत्रियों द्वारा बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए भट्टाचार्य ने कहा कि तकनीकी रूप से विकसित देशों जापान, कोरिया, अमेरिका और यूरोप के कई हिस्सों में आज भी बैलेट पेपर का इस्तेमाल होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ईवीएम की तरह बैलेट पेपर में हेरफेर नहीं कर पाने की वजह से असहज है। गठबंधन में मतभेद अस्थायी निकाय चुनाव में गठबंधन के दलों झामुमो, कांग्रेस और राजद के अलग-अलग चुनाव लड़ने और स्थानीय स्तर पर मतभेद के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गली-मुहल्ले की लड़ाई थी, जो मतदान समाप्ति के साथ खत्म हो गई।

आमने सामने

## लोकतंत्र का गला घोंटने के लिए सत्ताधारी गठबंधन ने हर कोशिश की : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर राज्य के मतदाताओं, मतदान कर्मियों और निर्वाचन आयोग का आभार प्रकट किया। कहा कि लोकतंत्र के महापर्व निकाय चुनाव झारखंड के 48 नगर निकाय क्षेत्रों में संपन्न हुआ जिसमें औसत 50% मतदान हुए हैं। श्री साहू ने कहा कि कहा कि यह सरकार चुनाव भाजपा के आंदोलनों और न्यायालय के दबाव का परिणाम है। राज्य सरकार कभी भी निकाय चुनाव कराने के पक्ष में नहीं थी।उन्होंने कहा कि आज संपन्न चुनाव में पुलिस प्रशासन के सहारे चुनाव को प्रभावित करने केलिए राज्य सरकार ने हर हथकंडे अपनाए,जिसकी आशंका भाजपा ने पहले ही व्यक्त की थी।भाजपा ने स्पष्ट कहा था और निर्वाचन आयोग को लिखित शिकायत भी किया था वह आज प्रत्यक्ष दिखाई दिया।कहा कि एक तो 20 हजार से ज्यादा मतदान कर्मियों को मतदान से वंचित किया गया। पोस्टल बैलेट का कोई प्रावधान नहीं किया गया। वहीं जहां भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में वोट पड़ने की संभावना दिखाई दी वहां पोलिंग परसेंटेज को कम करने की कोशिश की गई।प्रशासन पूरी तरह एक समुदाय विशेष के मतदाताओं के वोट प्रतिशत बढ़ाने में जुटा रहा। वही दूसरी ओर भगवा गमछा लगाकर वोट देने आए मतदाताओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। कहा कि पूरे प्रदेश से प्रशासन के सहयोग से बोगस मतदान कराने की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। कहा कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने निकाय चुनाव को पूरी तरह प्रभावित करने की कोशिश की गई। जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया गया। मतदाता सूची ने व्यापक गड़बड़ी की गई। मतदाओं के बूथ बड़ी संख्या में उनके घरों से कई किलोमीटर दूर कर दिए गए। कहा कि वोटर आईडी की जांच में दोहरा मापदंड अपनाया गया। मुस्लिम मतदाताओं को बिना आईडी जांच के वोट देने दिया गया। कहा कि राज्य प्रशासन की इस प्रकार से सत्ता पक्ष के साथ एकतरफा झुकाव का परिणाम है कि एक प्रत्याशी रिंकू सिंह को धरने पर बैठने तक की नौबत आ गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मतगणना को भी प्रभावित करने की साजिश रची है। मेयर और वार्ड पार्षदों केलिए एक ही बक्से में वोट डाले गए हैं।इससे स्पष्ट हो गया है कि राज्य सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।लेकिन जनता जनार्दन का आशीर्वाद और प्यार सर्वोपरी है। कहा कि जनता ने आज के मतदान में राज्य सरकार के कुत्सित प्रयासों को चोट पहुंचाया है।

## एडीजी ने मतदान बूथों पर सुरक्षा का लिया जायजा



**रांची।** नगर निकाय चुनाव के मतदान दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, दक्षिण छोटानागपुर प्रक्षेत्र मनोज कौशिक,द्वारा रांची में विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा पुलिस अधीक्षक (यातायात) रांची भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर स्थानीय पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान भी उपस्थित रहे।

## इलेक्शन यूथ आइकॉन डॉ दीपक ने किया सबसे पहले मतदान



**रांची।** लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए समाजसेवी एवं इलेक्शन यूथ आइकॉन डॉ. दीपक कुमार साहू ने प्रत्येक चुनाव की तरह इस बार भी सबसे पहले मतदान कर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। ज्ञात हो कि डॉ. दीपक कुमार साहू विगत कई वर्षों से मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर चलाते आ रहे हैं। उनके द्वारा युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम, जनसंवाद एवं सोशल मीडिया अभियान संचालित किए जाते रहे हैं। उन्होंने मतदान के पश्चात कहा कि "मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

## आशा लकड़ा ने होली क्रॉस पब्लिक स्कूल सेंटर पर किया मतदान



**रांची।** नगर निकाय चुनाव पर लोकतंत्र के महापर्व में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों में मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने वार्ड संख्या 10 लालपुर के वर्धमान कंपाउंड स्थित होली क्रॉस पब्लिक स्कूल में कमरा संख्या 03 पर निर्धारित समय पर मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अमूल्य मत की ताकत को समझना चाहिए और लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।



# बिना चारदीवारी के चल रहा खलारी का नवसृजित प्रावि, रहता है हादसे का खतरा

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड के गुलजार बाग स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी के कारण बच्चों को असुरक्षित और असुविधाजनक माहौल में पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है। विद्यालय में चारदीवारी, पर्याप्त क्लास रूम और किचन शेड का अभाव है, जिससे न केवल बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि उनकी सुरक्षा भी खतरे में बनी हुई है। विद्यालय मुख्य सड़क के किनारे स्थित है, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा खतरा बना रहता है। चारदीवारी नहीं होने के कारण छोटे बच्चे अनजाने में सड़क पर चले जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्कूल में पढ़ रहे नन्हे छात्र बिना किसी सुरक्षा घेरा के पढ़ाई कर रहे हैं, जिससे अभिभावकों और शिक्षकों की चिंता बढ़ गई है। चारदीवारी के अभाव में विद्यालय परिसर आवारा पशुओं का अड्डा भी बन गया है। दिनभर जानवर स्कूल परिसर और कक्षाओं के आसपास घूमते रहते हैं, जिससे बच्चों को चोट लगने का डर बना रहता है। वहीं, छुट्टी के बाद पशु परिसर में गंदगी फैला देते हैं, जिससे अगले दिन शिक्षकों और विद्यार्थियों को अस्वच्छ वातावरण में पढ़ाई करनी पड़ती है। विद्यालय में कुल 90 छात्र नामांकित हैं, जबकि पढ़ाने के लिए केवल तीन शिक्षक तैनात हैं। लेकिन पर्याप्त क्लास रूम नहीं होने के कारण शिक्षकों को मजबूरी में दो कमरों और बरामदे में बच्चों को बैठाकर पढ़ाना पड़ रहा है। उपलब्ध कमरों में से एक को रिसोर्स सेंटर और दूसरे को स्टोर रूम के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जिससे पढ़ाई के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचता। विद्यालय की प्राचार्या जिरेन केरकेट्टा ने बताया कि चारदीवारी, किचन शेड और अतिरिक्त क्लास रूम के निर्माण के लिए विभाग को कई बार लिखित आवेदन और मासिक प्रतिवेदन भेजा गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यदि दो अतिरिक्त कमरे और चारदीवारी का निर्माण हो जाए, तो बच्चों की शिक्षा व्यवस्था और सुरक्षा दोनों में सुधार हो सकता है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने भी सरकार और शिक्षा विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# मुखिया व पंचायत सचिवों का प्रशिक्षण संपन्न




खलारी। पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाओं को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से खलारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया और पंचायत सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुड़मू प्रखंड सभागार में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जनप्रतिनिधियों को ई-गवर्नेंस के तहत पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाओं के संचालन और सरकारी कार्यों के आनलाइन निष्पादन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मनरेगा योजना के क्रियान्वयन, जाब कार्ड से संबंधित प्रक्रियाओं, आनलाइन भुगतान प्रणाली तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के आनलाइन संचालन की बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि किस प्रकार पंचायत स्तर पर डिजिटल माध्यम से कार्यों को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सकता है। प्रशिक्षकों ने बताया कि डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन अधिक प्रभावी हो सकेगा, जिससे आम लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा।

## न्यूज बॉक्स

### मुरी में स्व विष्णु चरण महतो की प्रतिमा पर आजसू कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण



**मुरी।** सिल्ली प्रखंड के सिंगपुर चौक पर सोमवार के दिन आजसू पार्टी के द्वारा स्वर्गीय विष्णु चरण महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। माल्यार्पण के दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू ने कहा कि स्वर्गीय विष्णु चरण महतो हमारे क्षेत्र के प्रखर बुद्धिजीवी थे एवं एक समय में सिल्ली प्रखंड के प्रमुख हुआ करते थे साथ ही वह कानून के बारे में लोगों को शिक्षा देते थे और निश्चित तौर पर वे अपने समाज के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहे और कहते थे कि बिना पढ़े हम समाज का विकास और बदलाव नहीं कर सकते हैं एवं शिक्षा के प्रति इनका काफी लगाव भी था।वे एक प्रबुद्ध व्यक्ति भी थे।अन्य वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान,जन सेवा के प्रति समर्पण और क्षेत्र के विकास में उनके महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया।इस मौके पर मुरी पूर्वी के मुखिया कन्हैया लोहरा,आजसू पार्टी के क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो, गणेश महतो,विकास महतो,मो चांद,मोहम्मद फारूक,कृष्णा महतो,घासीराम महतो,मनोरंजन मुंडा,माथुर महतो,संतोष मंडल समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दतवन तोड़ने करंज पेड़ पर चढ़ा युवक आया हाईटेंशन तार की चपेट में, मौत

**बुढ़मू।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के नाऊज गांव में ठाकुरगांव बुढ़मू मुख्य मार्ग में बिदूं बसाईर के सामने करंज पेड़ से सटे ग्यारह हजार वोल्ट के तार के चपेट में आने से सिकंदर लोहरा का बेटा सोनू लोहरा (17) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जानकारी के अनुसार सोनू लोहरा दतवन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था और इसी दौरान ग्यारह हजार वोल्ट के तार के चपेट में आ गया और सोनू की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. घटना के दौरान तार टुटने से पेड़ के नीचे भी आग लग गई. स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग को सूचित कर बिजली बंद करवाया. इसके बाद बिजली विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. घटना की सूचना पाकर सोनू की मां जैसे ही घटनास्थल पर पहुंची और सोनू के शव को पेड़ पर देखा वैसे ही पछाड़ खा कर गिर गई. आसपास के लोग पानी का छिंटा चेहरे पर छिड़क कर उन्हें होश में लाये. ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग किया है कि मृतक के परिजनों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए और पोल व तार के करीब स्थित पेड़ की छटनी करें जिससे इस तरह के घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

### पकरियो गांव में 11 हजार वोल्ट का बिजली पोल टूटा, हादसे की आशंका



**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र अंतर्गत पकरियो ग्राम में 11 हजार वोल्ट का बिजली पोल टूट जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि हाई वोल्टेज लाइन का यह पोल क्षतिग्रस्त अवस्था में झुका हुआ है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते विद्युत विभाग द्वारा मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो जान-माल का नुकसान हो सकता है। आसपास खेत और आवासीय क्षेत्र होने के कारण बच्चों एवं पशुओं के लिए भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से अविलंब संज्ञान लेते हुए टूटे हुए पोल को ठीक कराने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

### तोरपा शहरी क्षेत्र में आ धमका हाथी, मची अफरा-तफरी

**तोरपा।** झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी सोमवार को तड़के चार बजे तोरपा शहरी इलाके में आ धमका। भोर में काम के लिए निकले लोगों की नजर जैसे ही हाथी पर पड़ी, सभी भाग खड़े हुए। हाथी बड़ाइक टोली, मस्जिद गली, महावीर चौक, मेन रोड, नेताजी चौक होते मेला टांड पहुंचा। यहां हाथी ने एमन कोंगाडी के घर की चहारदीवारी को ढहा दिया। यहां के बाद हाथी बांसटोली होते सुबह आठ बजे के करीब कसमार, टाटी, कजुरदाग गांव पहुंचा। हाथी देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गयी। लोग हाथी को शोर मचाकर भगाने लगे। वहीं गांव में कुछ लोगों ने हाथी पर पत्थर फेंके। ग्रामीणों ने हाथी को खदेड़कर जंगल की ओर भगा दिया। इधर फोरेस्टर अविनाश मुंडू क्षति का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने लोगों से हाथी के नजदीक नहीं जाने व पत्थर नहीं मारने की अपील की। उन्होंने कहा चोट लगने से हाथी हिंसक हो जाता है। हाथी के शहरी क्षेत्र में आ जाने से लोगों में डर का माहौल देखा जा रहा है।

### आशीष कुजारा मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से पंजाबी समाज ने होली मिलन समारोह मनाया




**रांची।** आशीष कुजारा मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से सोमवार को पंजाबी समाज होली मिलन समारोह होली के रंग फूलों के संग आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रहे, जिनका स्वागत संजय मिनोचा एवं हर्ष गक्खड़ ने किया। आयोजन में संजय सेठ ने समाज के द्वारा कि जा रहे सामाजिक कार्यो की सराहना की। इस दौरान ट्रस्ट के मदन सेन कुजारा, आशा कुजारा एवं समस्त कुजारा परिवार ने श्री सेठ को सम्मानित किया।

कार्यक्रम मे ट्रस्ट के संगीता कुजारा,आरती वर्मा, श्वेता अग्रवाल ने ट्रस्ट के कार्यो की जानकारी दी।

इसके बाद होली उत्सव का आयोजन गीतों के साथ शुरु हुआ, साथ ही कवि समलेंन मे मीना बंधन, संगीता कुजारा टाक,नरेश बंका, माधवी ने होली का रंग जमाया। साथ ही कार्यक्रम मे पंजाबी समाज के विभिन्न क्षेत्रों मे उल्लेखनिय कार्यो करने वाले वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया गया।

जिनमें बलबीर दत्त, नन्द किशोर चौधरी, रोशन लाल भाटिया, एसपी चड्ढा, सीपी रत्ता, छवि वरमानी, द्वारका दास मुंजाल, भगवान सिंह बेदी, भगत सिंह मिढ़ा, राजीव कुक्रेजा, हरबिंदर सिंह बेदी एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण। केसर पप्नेजा ने अपने गीतों से समा बँधा।

कार्यक्रम का संचालन अरून चावला द्वारा किया गया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन संदीप नागपाल ने किया। आयोजन मे विजय खन्ना, रंजीत गुप्ता, अनिल सुनेजा, हेमंत जग्गी, प्रमोद नारंग, अशोक भाटिया अमन कुजारा, मनीष कुजारा साहित अन्य लोगों ने सहयोग दिया।

### 27 फरवरी से चलेगी भोपाल-धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस

# खलारी स्टेशन पर होगा ठहराव

**खलारी।** झारखंड और मध्य प्रदेश के बीच सीधी रेल सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गाड़ी संख्या 11631/11632 भोपाल-धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस का परिचालन आगामी 27 फरवरी से शुरू हो जाएगा। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलेगी। खलारी स्टेशन पर इसका आधिकारिक ठहराव सुनिश्चित किया गया है, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। निर्धारित समय-सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 11631 प्रत्येक सोमवार, गुरुवार और शुक्रवार को भोपाल से रात 20.55 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन दोपहर 15.28 बजे खलारी स्टेशन पहुंचेगी और दो मिनट के ठहराव के बाद 15.30 बजे धनबाद के लिए रवाना होगी। ट्रेन उसी दिन रात 20.20 बजे धनबाद पहुंचेगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 11632 प्रत्येक रविवार, बुधवार और शनिवार को सुबह 07.20 बजे धनबाद से खुलेगी। यह ट्रेन 10.53 बजे खलारी पहुंचेगी और 10.55 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह ट्रेन अगले दिन सुबह 07.00 बजे भोपाल पहुंचेगी। रेल सूत्रों के अनुसार यह ट्रेन कुल 22 आधुनिक कोचों से सुसज्जित होगी। जिसमें एसी प्रथम श्रेणी, एसी द्वितीय श्रेणी, एसी तृतीय श्रेणी, स्लीपर क्लास तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बे शामिल रहेंगे। यह ट्रेन पतरातू, टोरी, डालटनगंज, गढ़वा, रेणुकूट और चोपन मार्ग से होकर संचालित होगी। इस नई रेल सेवा के शुरू होने से कोयलांचल क्षेत्र और मध्य प्रदेश के बीच व्यापार, रोजगार और यात्री आवागमन को नई गति मिलने की उम्मीद है। साथ ही खलारी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए सीधी सुविधा उपलब्ध होगी।

# चान्हो सीएचसी की शानदार जीत, 8 विकेट से रांची टीम को हराया

नवीन मेल संवाददाता



**चान्हो।** बाघवार एकेडमी चान्हो के मैदान में रविवार को रांची स्वास्थ्य विभाग की टीम और चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम के बीच रोमांचक मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। मुकाबले में चान्हो सीएचसी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रांची टीम को 8 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।रांची स्वास्थ्य विभाग की टीम की कप्तानी कर रहे पूर्व निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं झारखंड डॉ. प्रवीण चंद्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 1 12 रन बनाए। रांची की ओर से राजाराम महतो ने 21 रन तथा डॉ. प्रवीण चंद्रा ने 8 रन का योगदान दिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। बीपीएम श्यामेंदर कुमार अभिषेक ने धुआंधार पारी खेलते हुए 5 छक्कों की मदद से नाबाद 62 रन बनाए और मात्र 12 ओवर में ही टीम को जीत दिला दी। डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह ने भी 22 रनों की तेज पारी खेलकर जीत में अहम भूमिका निभाई। शानदार प्रदर्शन के लिए श्यामेंदर कुमार अभिषेक को मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार प्रदान किया गया।

मौके पर चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. __ सरिता कच्छप, डॉ. प्रदीप लिंडा, डॉ. वाई.के. सिन्हा, तपस कुमार बनर्जी, डॉ. राजेश कुमार, भोला साहू, विजय कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### निशान शोभा यात्रा के साथ श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव का आगाज

**रांची।** राजधानी में श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव के अवसर पर सोमवार को भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। महोत्सव का शुभारंभ श्री श्याम प्रभु के भव्य श्रृंगार के साथ हुआ, जिसमें बाबा को स्वर्ण आभूषणों और सुगंधित पुष्पों से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर मंदिर में स्थापित वीर बजरंगबली और शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार किया गया।

प्रातः 11 बजे रजत निशान की पूजा की गई। रजत निशान का विधि-विधान से पूजन वहीं, दोपहर दो बजे भव्य निशान यात्रा प्रारंभ हुई। श्याम बाबा के जयकारों के बीच लगभग 750 श्रद्धालु अपने कंधों पर निशान लेकर झूमते-नाचते मंदिर की ओर चल पड़े। फूलों से सजे दिव्य रथ पर सवार होकर श्री श्याम प्रभु नगरवासियों को आशीष दे रहे थे।

# झारखंड का मिनी बाबा धाम, लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र

नवीन मेल संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड के खूंटी जिला के तोरपा प्रखंड में स्थित बाबा आम्रेश्वर धाम राज्य का एक अत्यंत प्रसिद्ध और पवित्र शिवधाम है। श्रद्धालु इसे श्रद्धा से "मिनी बाबा धाम" भी कहते हैं। यहां स्थापित शिवलिंग स्वयंभू माना जाता है, अर्थात यह अपने आप प्रकट हुआ था। इसी कारण यह स्थान शिवभक्तों के लिए विशेष आस्था का केंद्र है। सावन के पवित्र महीने में यहां लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं और भगवान शिव से सुख, शांति तथा मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगते हैं। इस धाम का इतिहास भी अत्यंत रोचक है। पहले यह शिवलिंग अंगराबाड़ी क्षेत्र में घनी झाड़ियों के बीच एक आम के पेड़ के नीचे स्थित था। वर्ष 1979 में स्वरूपानंद सरस्वती यहां से गुजर रहे थे। शिवलिंग के बारे में जानकर उन्होंने यहां रुककर पूजा-अर्चना की और इस स्थान का नाम "आम्रेश्वर धाम" रखा। "आम्रेश्वर" नाम आम (आम्र) वृक्ष से जुड़ा है। बाद में 1988-89 में वज्रपात से वह आम का पेड़ नष्ट हो गया, लेकिन कुछ समय बाद वहां एक विशाल बरगद का पेड़ उग आया, जो आज भी वहां मौजूद है और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। 1960 के दशक में आर. साहु नामक एक बस मालिक की बस इस स्थान पर बार-बार खराब हो जाती थी। एक रात उन्हें स्वप्न में झाड़ियों के बीच शिवलिंग होने का संकेत मिला। अगले दिन सफाई करवाई गई और सचमुच वहां शिवलिंग प्राप्त हुआ। इसके बाद यह स्थान धीरे-धीरे प्रसिद्ध होता गया और लोगों की गहरी आस्था का केंद्र बन गया। मंदिर परिसर में केवल शिवलिंग ही नहीं, बल्कि गणेश जी, माता पार्वती, राम-सीता, हनुमान जी, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, काली और शनिदेव के मंदिर भी स्थित हैं, जिससे यह एक संपूर्ण धार्मिक स्थल बन गया है। यह धाम खूंटी से लगभग 10 किलोमीटर और रांची से करीब 47 किलोमीटर दूर है तथा सड़क मार्ग से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। आज बाबा आम्रेश्वर धाम झारखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है और श्रद्धालुओं के लिए अटूट विश्वास का प्रतीक बना हुआ है।

### सर्वजनिक दुर्गोत्सव समिति की नई कमेटी का गठन किया गया

**सिल्ली।** सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति राधिका मैदान सिल्ली की एक आवश्यक बैठक रविवार को रमन कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2025 का आय-व्यय दिखाया गया और सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया गया।नई कमिटी में रमण कुमार साहू को अध्यक्ष, सुखेंदु सेन गुप्ता, भागवत सोनार, प्रदीप विश्वकर्मा और मनोज रजक को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

भरत मुंडा, भादुड़ी गोराई, सुधीर साहू, नागेंद्र नाथ गोस्वामी, और सुरेश मुंडा को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।दुर्गा प्रसाद अग्रवाल को सचिव, ऋषिकेष सोनार और नरोत्तम गोराई को उपसचिव बनाया गया है।

कार्तिक चंद्र गोराई कोषाध्यक्ष और जगदीश चन्द्र गोराई और कांचन सोनार सह कोषाध्यक्ष होंगे। सोसाइटी कमिटी में रमण कुमार साहू, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, और ऋषिकेष सोनार शामिल हैं।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नई कमिटी को बधाई दी।

# लापुंग के मजदूर की गुजरात में मौत

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग के लोधमा कुसुम टोली निवासी प्रवासी मजदूर जगरनाथ उरांव की गुजरात में हुई दुर्घटना में पिछले 17 फ़रवरी 2026 क़ो मौत हो गई थी। पुर्व मंत्री बंधु तिर्की और विधायक प्रतिनिधि जन्मेंजय पाठक के अथक प्रयासों के बाद प्रवासी मजदूर 17 वर्षीय जगरनाथ उरांव पिता बंधना उरांव के शव को गुजरात से उसके पैतृक गांव लापुंग के दोलैचा पंचायत के लोधमा कुसुम टोली गांव लाया गया। जन्मेंजय पाठक ने बताया कि अक्टूबर 2025 में काम की तलाश में जगरनाथ उरांव मजदूरी करने गुजरात गया था। गांव के बंधना उरांव के तीन बेटे और एक बेटियों में सबसे छोटा बेटा जगरनाथ उरांव गुजरात गया था उसी दरम्यान सड़क में जोरदार एक्सीडेंट हो गया और उसकी मौत हो गई। परिवार वालों का आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण, उनका पूरा परिवार शव को लाने के लिए चिंतित था और विधायक प्रतिनिधि जन्मेंजय पाठक के पास गए जहां उन्होंने तुरन्त उन्हें आश्वासन दिया और दुसरे दिन स्वयं गुजरात जाकर सारा डॉक्युमेंट्स बनवाया। एयर एम्बुलेंस से पुर्व मंत्री बंधु तिर्की के सहयोग से उसका पैतृक गांव लाया गया। इस सराहनीय कार्य से लोगों ने पुर्व मंत्री और विधायक प्रतिनिधि जन्मेंजय पाठक क़ो लोगो ने धन्यवाद दिया और आभार जताया। उसके साथ एक और मजदूर कर्रा थाना क्षेत्र के जागरण उरांव गुनगुनिया गांव का रहने वाला था वह भी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। उसका इलाज गुजरात के अस्पताल में हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरकेसी कंपनी का सड़क का काम चल रहा था। एक ट्रक में लोहे की चादरें लदी हुई थी। वाहन के टक्कर से और लोहे की चादर में दबने से तीन लोगो की मौत हो गई व छः लोग घायल हो गए थे। उसमे झारखण्ड का एक मृतक और एक घायल व्यक्ति शामिल था। अंतिम संस्कार के लिए सड़क निर्माण कंपनी ने आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि जन्मेंजय पाठक ने दी है। गांव के श्मशान घाट में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

# 83वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप का समापन

**रांची।** 83वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप 2025–26 (लीग चरण) का भव्य एवं सांस्कृतिक समापन रविवार को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, हटिया में गरिमामय वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वावधान में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक सह अध्यक्ष सेरसा–रांची करुणा निधि सिंह ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रिया दुबे, राजेश्वरी बी., भोला नाथ सिंह (हॉकी इंडिया), अजिता रानी, पूर्व भारतीय महिला हॉकी टीम कप्तान अशुंता लकड़ा तथा पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अल्मा गुड़िया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं के मनमोहक बैंड वादन से हुई। इसके बाद समूह गायन "मिले सुर मेरा तुम्हारा", रामायण आधारित नृत्य-नाटिका, छऊ, मुंडारी व झूमर लोकनृत्य, कथक एवं भरतनाट्यम जैसी शास्त्रीय प्रस्तुतियों और देशभक्ति गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### रोहतास की नाबालिग परिजनों की फटकार से नाराज होकर मांडर पहुंची

**मांडर।** परिजनों की फटकार से नाराज एक 16 वर्षीय नाबालिग सोमवार को मांडर पहुंची। हालांकि पुलिस ने समय रहते उसे संरक्षण में ले लिया। नाबालिग बिहार के रोहतास जिले के सासाराम के कंचनपुर गांव की निवासी है। मांडर पुलिस और डालसा के सहयोग से उसे वर्तमान में चुटिया स्थित प्रेमाश्रय भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, चान्हो की शिक्षिका ने क्षेत्र में अनजान किशोरी को संदिग्ध हालत में घूमते देखा।

**श्रमदान** | सड़क बनाने के लिए ग्रामीणों ने लगाई थी विधायक और सांसद से गुहार

# प्रशासन से नाराज ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई सड़क

- आक्रोशित ग्रामीणों ने मिट्टी मोरम डालकर सड़क निर्माण का बीड़ा उठाया

नवीन मेल संवाददाता



लापुंग। लापुंग प्रखंड के डाड़ी पंचायत अन्तर्गत साखेटोली को पक्की सड़क से जोड़ने की मांग अधुरी रहने के कारण गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने मिट्टी मोरम डालकर सड़क निर्माण का बीड़ा उठाया। ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क पर मिट्टी और मोरम डालकर उसे सड़क का निर्माण किया। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक और सांसद से कई बार सड़क निर्माण की गुहार लगाई लेकिन उनकी मांग अनसुनी कर दी गई। इस संदर्भ में सचिन मुंडा, प्रेमचंद होरो, विश्वास होरो, पवन होरो, अनुवेल होरो, कचु मुंडा, अजय वेडिंग, महेंद्र मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, नरेंद्र होरो, अरविंद कुमार तुरी, कृष्णा गोप, ज्वेल होरो, आर्यण मुंडा सहित गांव के दर्जनों लोगों ने कृष्णा गोप के नेतृत्व में गांव के अगल बगल से मिट्टी और मोरम काटकर टैक्टर की मदद से सड़क पर लाया और सड़क निर्माण का बीड़ा उठाया। इस संदर्भ में साखेटोली के सचिन मुंडा, प्रेमचंद होरो, विश्वास होरो, पवन होरो, अनुवेल होरो सहित अन्य लोगों ने बताया कि सांसद और विधायक से इस संदर्भ में कई बार गुहार लगाई गई लेकिन किसी ने भी उनकी बातें नहीं सुनी। वहीं उन्होंने कहा कि इसके लिए विधायक और सांसद ही जिम्मेवार हैं। वहीं दूसरी ओर डाडी. पंचायत की मुखिया सुमिला मिंज ने बताया कि साखेटोली में साखेटोली से कारुम तालाब तक दो किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण की मांग विधायक और सांसद के साथ साथ ग्राम पंचायत से भी की गई थी लेकिन पंचायती राज विभाग में राशि नहीं रहने के कारण पंचायत से निर्माण कार्य नहीं हो पाया लेकिन विधायक और सांसद के मद में राशि रहने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं हो पाया। इसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। दो किलोमीटर लंबी सड़क के लिए पंचायत में किसी भी तरह की कोई राशि उपलब्ध नहीं है।

### मांडर में दो बाइक के बीच टक्कर, एक चालक घायल

मांडर। रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर पुनगी मोड़ के पास सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार देर शाम की है। बताया जाता है कि मांडर थाना क्षेत्र के नारो गांव निवासी असीर उरांव बाइक से मुड़मा से अपने घर की ओर लौट रहा था, रास्ते में दूसरी बाइक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे के बाद बाद ग्रामीणों ने उसे रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसे अंदरूनी चोटें आई है और उसकी हालत गंभीर है। झारखंड में सड़क दुर्घटनाएं काफी तेजी से बढ़ने लगी है। कुछ तो लापरवाही लोग इसके शिकार होते जा रहे हैं। अगर वाहन चलाने के समय सतर्कता बरती जाए तो दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लग सकता है।

# रामगढ़ में 65.63 प्रतिशत मतदान

- पहले दो घंटे तक 10.63 प्रतिशत मतदान हुआ
- सुरक्षा के लिए 1050 पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी

नवीन मेल संवाददाता





**रामगढ़।** रामगढ़ पालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर 23 फरवरी को रामगढ़ नगर परिषद के लिए मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ और शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। मतदान के लिए बूथों पर काफी मतदाता पहुंचे। पहले दो घंटे में 10.63 प्रतिशत मतदान हुआ ।11 बजे तक 23.43प्रतिशत लोगों ने मतदान कर लिया था। 1 बजे तक 38.56 प्रतिशत मतदान हुआ। 3 बजे तक 52.05 प्रतिशत मतदान हो चुका था । आरंभ में मतदाता बूथों पर कम दिखे। लेकिन समय के बीतने के साथ साथ बूथों पर लोगों की भीड़ बढ़ और उन्होंने उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लिया।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया भ्रमण

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मतदान केंद्रों का भ्रमण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कैथा, बोंगाबार और पैंकी क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण किया और वहां की प्रबंध, मतदान प्रक्रिया और मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कतार में खड़े मतदाताओं से बातचीत भी किया।

### मतदान के लिए प्रशासन द्वारा किया गया पुख्ता इंतजाम

नगर परिषद चुनाव के लिए सुरक्षा के व्यापंक इंतजाम किये गए हैं। मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के लिए 1050 पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही 46 बाइक क्यूआरटी का गठन 4 पुलिस उपाधीक्षक और 4 पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में किया गया था। मतदान जिला के 5 थाना/ ओपी रामगढ़ थाना, रजरप्पा थाना, कुजू ओपी, बरकाकाना ओपी एवं भदानीनगर ओपी क्षेत्र में हुआ। मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा।

## पांच दिवसीय अखंड कीर्तन को लेकर कमेटी का पुनर्गठन

**गोला।** गोला के पुरबडीह पोहा बगीचा स्थित श्री श्री राधा कृष्ण हरि मंदिर परिसर में सोमवार को पांच दिवसीय अखंड कीर्तन आयोजन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों की बैठक सूरज नाथ महतो की अध्यक्षता हुई। यज्ञ के दौरान अखंड कीर्तन, प्रवचन, जागरण सहित भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर सर्वसम्मति से कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें राधा विनोद प्रजापति पुनः अध्यक्ष पद पर चुने गए। जबकि सचिन राम रविदास सचिव, नीलकमल सूर्यनारायण व संजीत महतो उपाध्यक्ष समेत मुख्य संरक्षक अशोक कुमार उपाध्याय, कामेश्वर महतो, सखी चंद महतो, कमलनाथ महतो, संतोष, शंकर राम, केवल महतो, भवानी महतो, संजय महतो, कलश प्रभारी रिकेश कुमार, उत्तम कुमार, नितेश कुमार, बिट्टू कुमार व मनोहर करमाली बनाए गए।

## गिद्दी कॉलोनी में गर्मी आते ही जलापूर्ति की समस्या शुरू

**गिद्दी।** गिद्दी ए कॉलोनी में जलापूर्ति की समस्या बरकरार है। कॉलोनी के लोग नदी और कुंआ से पानी ढोने को मजबूर हैं। गिद्दी ए कॉलोनी में पानी की इस समस्या के समधान के लिए कोलियरी प्रबंधन से बार बार मांग किए जाने के बाद भी संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दिए हैं। जिससे गर्मी शुरू होने के पहले ही पानी संकट से लोग चिंतित हैं। कॉलोनी के लोगों ने बताया पहाड़ी टंकी से जहां दो लाइन में नियमित जलापूर्ति किया जाता है। वहीं दुर्गा मंडप टंकी से लोकल और बुध बाजार में नियमित जलापूर्ति किया जाता है। जबकि गिद्दी गांधी चौक, हनुमान चौक, मेनगेट और पहाड़ी टंकी के अन्य लाइन में कभी कभार महीना पंद्रह दिन में जलापूर्ति किया जा रहा है।

## मतपेटिकाओं की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश

- मतपेटिका प्राप्ति एवं जमा करने की प्रक्रिया सुव्यवस्थित और पारदर्शी होनी चाहिए

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीआईजी अंजनी कुमार झा, उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बज्रगृह एवं मतपेटिका प्राप्ति केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास मार्ग तथा दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतपेटिकाओं की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बज्रगृह परिसर में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता तथा विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि मतपेटिका प्राप्ति एवं जमा करने की प्रक्रिया सुव्यवस्थित और पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा बलों को सतर्क एवं सक्रिय रहने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने केंद्र पर तैनात कर्मियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और चुनाव कार्य को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया।

## एक परिवार के दस लोग सड़क दुर्घटना में हुए घायल

नवीन मेल संवाददाता

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के रोल पत्थर के पास सवारी गाडी. पलटने से एक परिवार के दस लोग घायल हो गए हैं। जिनमें चार को विष्णुगढ़ अस्पताल और छह व्यक्ति को सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया । सभी घायल विष्णुगढ़ के रमुआ गांव निवासी हैं। रमुआ निवासी रामेश्वर पासवान के बेटा दीपक पासवान की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। सोमवार को उसका मंड़वा था। शादी के पूर्व ये लोग अपने पैतृक गांव टाटीझरिया के गोधीया आए हुए थे। देव पूजन कर वापस बिष्णुगढ़ लौट रहे थे। सवारी गाडी में 15 लोग सवार थे। टाटीझरिया के रोल पत्थर - बनहे के बीच गाड़ी का एक्सल टूट गया। जिससे गाड़ी सड़क की बाई ओर पलट गई। गाड़ी के नीचे सभी लोग दब गए। कुछ लोग तो आसानी से स्वयं निकले लेकिन दस लोग गाड़ी को सीधा करने के बाद निकाले गए। दुर्घटना में घायलों में रामेश्वर पासवान, मीरा देवी, पूनम देवी, दीपाली देवी, अंजू देवी,मनोज पासवान की मां शामिल है। जबकि मनोज पासवान ,लालमुनि देवी,रेणु देवी,रीता देवी को हल्की चोट लगी है। छह को घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल ,जबकि चार को विष्णुगढ़ अस्पताल भेजा गया है। सभी घायलों को दुर्घटना स्थल से ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से अस्पताल भेजा गया। मदद करने वालों में शंकर राम, संतोष प्रसाद, छोटी मंडल,रविन्द्र यादव, छोटन साव शामिल हैं।

## ग्रामीणों ने रखी अंडरपास निर्माण की मांग, मिला आश्वासन



- परियोजना निदेशक ने कहा- तकनीकी पहलुओं की समीक्षा कर उचित निर्णय लिया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** रसोईयाधमना में पिलर आधारित अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों की पहल पर एनएचआई के परियोजना निदेशक सहित एनएचएआई के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। मामले से संबंधित ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना।

ग्रामीणों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने में आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिससे स्कूली बच्चों, किसानों और आम राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान ग्रामीणों ने परियोजना निदेशक का स्वागत करते हुए पिलर आधारित अंडरपास निर्माण की मांग प्रमुखता से रखी। परियोजना निदेशक ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से लेते हुए सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत मांगों और तकनीकी पहलुओं की समीक्षा कर उचित निर्णय लिया जाएगा। निदेशक से बातचीत करने वालों में सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी, विहिप नेता गुरुदेव गुप्ता, कांग्रेस नेता गुरुदेव गुप्ता तथा बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि शीघ्र ही उनकी समस्या का सकारात्मक समाधान होगा और क्षेत्र में सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की।

## चुट्टूपालू घाटी में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**रामगढ़।** रोटरी क्लब रामगढ़ सिटी की ओर से ओए पंजाब, चुट्टूपालू घाटी में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों और उनके परिवारजनों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्लब अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली रंगों, प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का पावन पर्व है। यह पर्व समाज में एकता, सौहार्द और सकारात्मकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पारिवारिक आयोजन रोटरी परिवार के सदस्यों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर रोटरी रामगढ़ सिटी परिवार में नए सदस्य तरुण अग्रवाल और प्रियंका अग्रवाल का स्वागत किया गया। रोटरी परिवार का हिस्सा बनने पर बधाई दी। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन विकास कुमार अग्रवाल और प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वहीं क्लब के सचिव रोहित कुमार पंसारी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 32वां केसरवानी मिलन समारोह संपन्न

## एकता, शिक्षा और संगठनात्मक मजबूती पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** पटना रोड स्थित केसरवानी आश्रम में 32वें केसरवानी मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झंडोत्तोलन, महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में रांची, हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिलों से सैकड़ों केसरवानी समाज के लोग शामिल हुए। हालांकि निकाय चुनाव और महायज्ञ के कारण इस वर्ष उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिनोद केसरी व संचालन राजेश केसरी एवं नंदिनी केसरी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि भगवान केसरी तथा विशिष्ट अतिथि कपिल केसरी और महेंद्र केसरी उपस्थित रहे।अतिथियों के स्वागत के बाद संबोधन का क्रम शुरू हुआ। मुख्य अतिथि ने समाज में शिक्षा के प्रसार, आपसी एकता और संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि कपिल केसरी ने विशेष रूप से महिला शिक्षा और जागरूकता को समाज के विकास का आधार बताया। वही महेंद्र केसरी ने युवाओं के मौलिक दायित्व व अधिकार की चर्चा करते हुए समाज विकास में उनकी महत्ता पर जोर दिया । इस दौरान आदर्श, ओम, पूजा, गुड्डू, आशीष, मून, अनमोल और रितिक केसरी सहित नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सामाजिक विषयों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।जिन्हे प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में बिनोद केसरी ने समाजबंधुओं से एकजुट होकर समाज के उत्थान हेतु सतत प्रयास करने का आह्वान किया। समारोह के उपरांत महेंद्र केसरी के सौजन्य से सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष जगदीश साहू, कार्यक्रम अध्यक्ष बिनोद केसरी, महामंत्री उदय केशरी, कोषाध्यक्ष अशोक केशरी, सहित जगदीश साहू, रत्नेश्वर केशरी, दसरथ केशरी, मनोज केशरी, भगहर परमेश्वर केशरी, इंद्रदेव केशरी, राजकुमार केशरी, उमेश केशरी, शंकर केशरी, आशीष केशरी,राजेश केशरी उर्फ मेवालाल सहित महिला सभा की संरक्षक संजू केसरी, अध्यक्ष जयंती केसरी, महामंत्री मंजू केसरी, कोषाध्यक्ष उर्मिला केसरी, उपाध्यक्ष रेखा केसरी और विभिन्न पंचायत अध्यक्ष शामिल थे । जिसे वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफल बनाने में महिला सभा व तरुण सभा के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाजबंधु ने महत्ती भूमिका निभाई । सबों ने महातिक योगदान दिया । कार्यक्रम को उपस्थित कई अन्य लोगों ने भी संबोधित करते हुए समाज में शिक्षा, जागरूकता और एकता पर जोर दिया ।

### शैक्षणिक भ्रमण | पुस्तकों से बाहर निकलकर धरातल पर सीखेंगे भूगोल के विद्यार्थी

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए छात्र राजस्थान रवाना

- जोधपुर में शहरी विस्तार, परिवहन नेटवर्क और भूमि उपयोग परिवर्तन पर करेंगे ध्यान केंद्रित

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़** । सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजस्थान रवाना हुए। इस आयोजन में भौगोलिक सर्वेक्षण एवं प्रायोगिक अध्ययन के उद्देश्य से राजस्थान के प्रमुख नगरों— जैसलमेर, जोधपुर, और अजमेर और दिल्ली का भ्रमण करेंगे। यह सर्वेक्षण शैक्षणिक पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग है, जिसके माध्यम से छात्र कक्षा में पढ़े गए सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक भू-परिदृश्य से जोड़ सकेंगे। इस सर्वेक्षण के दौरान छात्र मानव गतिविधियों का पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव, संसाधन विकास, पर्यटन एवं परिवहन की भूमिका, शहरी समस्याएं, स्थलाकृतियां (Landforms), जैव विविधता, वनस्पति एवं जीव-जंतु, तथा भूमि उपयोग प्रतिरूप जैसे विषयों का गहन अध्ययन करेंगे। विशेष रूप से मरुस्थलीय पर्यावरण में मानव हस्तक्षेप से उत्पन्न परिवर्तनों का प्रत्यक्ष अवलोकन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। जैसलमेर में छात्र थार मरुस्थल की विशिष्ट भौगोलिक संरचनाओं, रेत के टीलों, सीमित जल संसाधनों तथा पर्यटन के बढ़ते प्रभावों का अध्ययन करेंगे। वहीं जोधपुर में शहरी विस्तार, परिवहन नेटवर्क, भूमि उपयोग परिवर्तन और ऐतिहासिक नगर संरचना से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अजमेर क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन, नगरीय दबाव, जल संसाधन प्रबंधन तथा स्थानीय पारिस्थितिकी पर मानव गतिविधियों के प्रभाव का विश्लेषण किया जाएगा। भूगोल विभाग के अनुसार यह सर्वेक्षण छात्रों में अनुसंधान क्षमता, मैदानी कार्य कौशल और पर्यावरणीय संवेदनशीलता को विकसित करेगा। विद्यार्थियों को प्रश्नावली, मानचित्रण, स्थल निरीक्षण और प्रतिवेदन लेखन जैसी तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने शैक्षणिक भ्रमण पर जा रहे हैं सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि यह यात्रा ज्ञानवर्धक और सुखद हो।इस शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं और कुशल मंगल की कामना किए। विभाग द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण में सभी शिक्षकगण के कुशल नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह भौगोलिक सर्वेक्षण निश्चित रूप से छात्रों के लिए राजस्थान की विविध भौगोलिक विशेषताओं को नज़दीक से समझने का एक सुनहरा अवसर सिद्ध होगा और उनके शैक्षणिक जीवन में एक यादगार अनुभव जोड़ेगा।

## सदस्यों की संख्या से ही संगठन होता है मजबूत: राजेंद्र

**केदला।** श्रमिक संगठन कोई भी हो उसकी मजबूती उसके सदस्यों की संख्या बल से होती है। इस लिए संगठन में सदस्यों की संख्या कैसे बढ़ाया जाए इस पर चिंता करने की जरुरत है। उक्त बातें सोमवार को युनाईटेड कोल वर्कर्स यूनियन (युकोवयू) हजारीबाग क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में कोयला मजदूर के साथ देश के सभी सेक्टर के मजदूरों का भविष्य केंद्र सरकार के गलत नीतियों के कारण खतरे में है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ वैसे साथियों के लिए जो हम सभी को छोड़ गए हैं उनकी आत्मा के शांति के लिए एक मीनट का मौन रख कर किया गया। बैठक में 12 फरवरी की हड़ताल पर समिक्षात्मक चर्चा की गई। बैठक में हजारीबाग क्षेत्र के सभी परियोनाओं में शाखा सम्मेलन करने पर विचार किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### धनबाद से भटके हुए 10 वर्षीय बालक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया




**बरही।** ग्रामीणों की सूचना पर एक अज्ञात भटके हुए बच्चे को बरही पुलिस ने सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाया। सब इंस्पेक्टर सुरजीत कुमार ने बताया कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे देवचंदा मोड़ के समीप लगभग 10 वर्षीय एक अनजान बच्चा भटकता हुआ देखा गया, जो अपना नाम व पता बताने में असमर्थ था।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार को दी। सूचना को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी ने आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्देशानुसार सब इंस्पेक्टर सुरजीत कुमार गश्ती दल के साथ देवचंदा मोड़ पहुंचे और बच्चे को अपने संरक्षण में लिया। काफी पूछताछ के बाद बच्चे की पहचान रहमत नगर, जिला धनबाद निवासी मो. एहसान के 10 वर्षीय पुत्र मो. रेहान के रूप में हुई। तत्पश्चात इसकी सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन थाना पहुंचे और आवश्यक सत्यापन के उपरांत बच्चे को सुरक्षित उनके हवाले कर दिया गया। इससे परिजनों को पुलिस के प्रति विश्वास बच्चा अपने परिजनों के साथ सकुशल रहमत नगर पहुंच चुका है। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस की चहुंओर प्रशंसा हो रही है।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल, परिजनों ने की आर्थिक सहयोग की अपील



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत झुरझुरी पंचायत के सकरेज स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सावित्री देवी ,पति नारायण रविदास का इकलौता पुत्र कुंदन कुमार दास 16 वर्ष ,का रविवार शाम छः बजे मेरमगड्ढा मोड़ सड़क पर एक अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था।तत्पश्चात उसे रांची के पारस अस्पताल में एडमिट कराया गया डॉक्टरों ने बताया कि एडमिट बच्चें का माथा का सर्जरी करना होगा क्योंकि माथा के अंदर ब्लड जम गया है। इस सर्जरी के लिए परिजन को तत्काल छह लाख रुपये अस्पताल में जमा करना है। प्राइवेट अस्पताल में बच्चे का इलाज में 10 लाख रुपये तक खर्चा बताया गया । लेकिन इनके अभिभावक असमर्थ है।वहीं बीपीएल परिवार की आंगनबाड़ी सेविका सावित्री देवी पति- नारायण रविदास एक गरीब परिवार से है। अपने इकलौते बेटे के जीवन बचाने के लिए सावित्री देवी ने सोशल मीडिया पर लोगों से मदद की गुहार लगाई है। सावित्री देवी का फोन पर और गूगल पे नंबर 9631496834 है।

### रसोइया संघ की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, बच्चों का एमडीएम बाधित



**बरकट्ठा।** झारखंड के सरकारी विद्यालयों के रसोईया का राज्य स्तरीय संघ के निर्देशानुसार सोमवार तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रहा ।विदित हो रसोईया संघ द्वारा विभिन्न मांग को लेकर रांची में 18 और 19 फरवरी को भव्य आक्रोश रैली का प्रदर्शन किया गया था ।इसके पश्चात झारखंड के तमाम विद्यालय के रसोईया संघ के द्वारा आज तीसरे दिन भी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल जारी है। वहीं स्थानीय रसोईया छोटकी देवी ने कहा कि हम लोगों विद्यालय में दिन भर रहकर बच्चों का खाना बनाते हैं और 2000 मिलता है ।वहीं झारखंड सरकार घर बैठे लोगों को मैया सम्मान योजना के तहत 2500 दे रहा है ।यह घोर अन्याय है। हम लोग का पेमेंट कम से कम 15000 होना चाहिए। वही रसोईया के हड़ताल के कारण विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा भोजन बनाए जाने की भी सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल हो रही है। कहीं-कहीं विद्यालयों में वैकल्पिक व्यवस्था भी इसके लिए किया गया है।

### सुपर ओवर का रोमांच: देवघर महिला टीम ने बरही को हराकर सीरीज में बनाई बढ़त



**बरही।** प्रखंड मैदान में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट सीरीज के पहले ही मुकाबले ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन (बीएसए) और देवघर जिला महिला टीम के बीच खेले गए मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसए ने 165 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में देवघर की खिलाड़ियों ने भी दमदार खेल दिखाते हुए 165 रन बनाकर मुकाबला टाई कर दिया। मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ, जहां देवघर की टीम ने संयम बनाए रखते हुए जीत दर्ज कर सीरीज में बढ़त बना ली। बीएसए के मुख्य संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में महिला क्रिकेट को प्रोत्साहन देना और स्थानीय खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराना है। मैदान दर्शकों की तालियों से गूंजता रहा। आयोजन को सफल बनाने में सचिव बलराम केशरी के साथ कुलदीप कुमार, बसंत ठाकुर, प्रशांत पंडित, रंजीत यादव और रौशन राणा ने अहम भूमिका निभाई। आयोजकों को विश्वास है कि यह सीरीज क्षेत्रीय प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### शिवनंदन अखाड़ा में धूमधाम से मनेगी रामनवमी, निकलेगी झांकी

**रामगढ़।** श्री श्री रामनवमी पूजा समिति, शिवनंदन अखाड़ा, शिवाजी रोड की बैठक रविवार की देर शाम मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में आगामी रामनवमी महोत्सव को भव्य और आकर्षक रूप से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा पूरे उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। बैठक में यह तय किया गया कि अष्टमी और नवमी के अवसर पर शिवनंदन अखाड़ा की ओर से साउंड सिस्टम के साथ भव्य चलत झांकी निकाली जाएगी। झांकी में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को धार्मिक और सांस्कृतिक संदेश मिल सके। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां समिति के सदस्यों के बीच बांटी गईं। समिति के संरक्षक धर्मेंद्र साव (भोपाली), रोहित सोनी, शक्ति श्रीवास्तव, राजीव जायसवाल और पीयूष को बनाया गया।

# सिमडेगामें 67.83 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्ण माहौल में प्रक्रिया संपन्न



नगरपालिका आम निर्वाचन 2026





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के अंतर्गत सिमडेगा नगर परिषद क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कंचन सिंह के दिशा-निर्देशन में पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ आयोजित की गई। प्रशासनिक तत्परता, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था और समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप जिले के सभी 37 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में उत्साह का वातावरण देखा गया। मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले में कुल 67.83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इनमें पुरुष मतदाताओं की भागीदारी 69.01 प्रतिशत तथा महिला मतदाताओं की भागीदारी 66.74 प्रतिशत रही, जो लोकतांत्रिक जागरूकता और सक्रिय सहभागिता का सकारात्मक संकेत है। मतदान समाप्ति के उपरांत सभी पोलिंग पार्टियों, सेक्टर पदाधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों ने सिमडेगा कॉलेज परिसर स्थित रिसीविंग सेंटर में विभिन्न प्रपत्र एवं मतपत्र पेटिकाएं विधिवत जमा कीं। निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी कर्मियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सकी।जिले के सभी मतदान केंद्रों को विशेष थीम के साथ "आदर्श मतदान केंद्र" के रूप में विकसित किया गया था। इन केंद्रों पर आधुनिक कृषि को बढ़ावा, रागी खेती का प्रोत्साहन, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह उन्मूलन, मानव तस्करी की रोकथाम, जल संरक्षण, शिक्षा का महत्व, फलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव तथा लोकतांत्रिक मूल्यों से संबंधित संदेश प्रदर्शित किए गए। इन प्रयासों से मतदाताओं में जागरूकता के साथ विशेष उत्साह भी देखने को मिला।

मतदान प्रक्रिया की सतत निगरानी हेतु उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे ने विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।शांतिपूर्ण निर्वाचन के उपलक्ष्य में आयोजित डिब्रीफिंग बैठक में उपायुक्त ने सभी कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि टीम भावना, कर्तव्यनिष्ठा और निष्पक्षता के कारण यह चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कर्मियों से उनके अनुभव साझा करने का आग्रह किया, ताकि भविष्य में और बेहतर एवं त्रुटिरहित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने भी सभी मतदान कर्मियों को सफल चुनाव संपन्न कराने के लिए बधाई दी। मतदान कर्मियों ने उपलब्ध कराई गई सुविधाओं को बेहतर एवं संतोषजनक बताया।

**जिले के सभी 37 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में उत्साह देखा गया**

## शांतिपूर्ण मतदान पर रामविलास बड़ाईक ने जताया आभार

**सिमडेगा।** नगर परिषद चुनाव में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न होने के बाद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रामविलास बड़ाईक ने सभी मतदाताओं, कार्यकर्ता बंधुओं, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया है।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शांतिपूर्ण वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इसके लिए वे सभी नागरिकों के हृदय से आभारी हैं। श्री बड़ाईक ने चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सजगता और प्रतिबद्धता के कारण मतदान शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हो सका।उन्होंने अपने कार्यकर्ता बंधुओं को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि चुनाव प्रचार से लेकर मतदान दिवस तक सभी ने अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य किया। साथ ही उन्होंने मीडिया बंधुओं का भी आभार जताया, जिन्होंने निष्पक्ष रूप से चुनावी गतिविधियों को जनता तक पहुंचाया।रामविलास बड़ाईक ने विश्वास जताया कि जनता का स्नेह और समर्थन उन्हें अवश्य प्राप्त होगा तथा वे नगर के विकास और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे।














## डीसी व एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** नगरपालिका निर्वाचन 2026 के अंतर्गत सिमडेगा नगर परिषद क्षेत्र में जारी मतदान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे ने संयुक्त रूप से विभिन्न मतदान केंद्रों एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।अधिकारियों ने राजकीय कृत मध्य विद्यालय ठाकुरटोली, जन आरोग्य मंदिर ठाकुरटोली, कुबीटोली आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन देबरग्राम, सिमडेगा क्लब, राजकीय कृत मध्य विद्यालय घोचोटोली, उर्दू मध्य विद्यालय भट्टीटोली, पीएम श्री उर्दू मध्य विद्यालय खैरनटोली, राजकीय कृत मध्य विद्यालय मैनाबेड़ा, संत अन्ना विद्यालय सामटोली तथा सीएम ऑफ एक्सीलेंस स्कूल सहित कई मतदान केंद्रों का भ्रमण किया।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, मतदाताओं की सुविधा, पेयजल, शौचालय, रैंप सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा सुरक्षा बलों को सतर्क रहकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने मतदाताओं से संवाद कर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी अरविंद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने में जुटे रहे पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जहां एक ओर मतदान कर्मी एवं पुलिस बल मुस्तैदी से डटे रहे, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी भी क्षेत्र से लेकर कंट्रोल रूम तक लगातार निगरानी बनाए रखे हुए थे। लोकतंत्र के महापर्व के दौरान मतदाता, प्रशासनिक अमला और सुरक्षा बल सभी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते नजर आए। सोमवार को सिमडेगा में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संचालित होती रही। सभी मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मी एवं मतदाता अपने कर्तव्यों का पालन करते दिखे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कंचन सिंह मतदान प्रारंभ होते ही समाहरणालय परिसर स्थित कंट्रोल रूम पहुंचीं और मतदान से जुड़े पल-पल के अपडेट लेती रहीं। वहीं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे भी कंट्रोल रूम के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी करते रहे और संबंधित पदाधिकारियों से जानकारी लेते रहे।

## आधुनिक गोदामों का कोलेबिरा विधायक ने किया शिलान्यास



**एजेंसी। ठेठईटांगर**

प्रखंड के दुमकी एवं बाघचट्टा पंचायत में पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समेकित सहकारी विकास परियोजना के तहत लैम्पस लिमिटेड को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 100 मीट्रिक टन क्षमता के आधुनिक गोदामों के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने किया।इस अवसर पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि इन गोदामों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय किसानों की उपज जैसे धान, बीज एवं उर्वरक को सुरक्षित भंडारण की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि 100 एमटी क्षमता वाले गोदाम का निर्माण क्षेत्र के किसानों को नई आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगा। अब किसानों को बाजार की मजबूरी या तत्काल बिक्री के दबाव में अपनी उपज नहीं बेचनी पड़ेगी। लैम्पस गोदाम के माध्यम से उनकी उपज सुरक्षित रहेगी और उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त होगा।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किसान खेती और पशुपालन के माध्यम से लगातार आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। ऐसे में भंडारण की यह सुविधा उनके लिए बड़ी उपलब्धि साबित होगी। अब इस क्षेत्र के किसानों को धान बेचने के लिए दूसरे पंचायतों में नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रवेल लकड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, शाहबाज अली, पंचायत अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, अजीत कुजूर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पांच हजार किलोमीटर दूर मलेशिया से सिमडेगा पहुंचकर किया मतदान

**सिमडेगा।** लोकतंत्र के महापर्व नगर निकाय चुनाव में मतदाताओं का उत्साह चरम पर देखने को मिल रहा है। हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने सिमडेगा पहुंच रहे हैं। नगर परिषद चुनाव के दौरान पूरे शहर में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और उत्साह का माहौल है। मतदान कर्मी हों या आम मतदाता, सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाते नजर आए।

## लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गों और दिव्यांगों का उत्साह

**सिमडेगा।** नगर निकाय चुनाव के दौरान लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने भी उल्लेखनीय उत्साह दिखाया। युवाओं के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों और विशेष रूप से दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।सुबह मतदान शुरू होने से पहले ही कई बूथों पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता परिजनों या सहारे के साथ पहुंचते नजर आए। अपनी बारी आने तक उन्होंने धैर्यपूर्वक कतार में प्रतीक्षा की। प्रारंभिक घंटों में मतदान केंद्रों पर भीड़ अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन दोपहर बाद मतदाताओं की संख्या बढ़ने लगी और केंद्रों पर रौनक दिखी।मतदान करने पहुंचे बुजुर्गों ने कहा कि लोकतंत्र के इस उत्सव में उनका एक-एक वोट नगर की दिशा और दशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## हरे बॉक्स में बंद हुए प्रत्याशियों के भाग्य, मतपेटियां पहुंचीं बज्रगृह

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** नगर के विकास के लिए नगर सरकार के गठन को लेकर आयोजित नगरपालिका निर्वाचन में मतदाताओं का उत्साह चरम पर देखने को मिला। लोकतंत्र के इस महापर्व में जमकर मतदान हुआ और शाम 5 बजे तक कुल 67.83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।इसके साथ ही सिमडेगा नगर परिषद क्षेत्र में अध्यक्ष पद के 8 एवं वार्ड पार्षद पद के 106 उम्मीदवारों के भाग्य हरे बैलेट बॉक्स में बंद हो गए। मतदान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। सभी 37 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे दिन जिला प्रशासन, प्रेसीडिंग ऑफिसर, मतदान कर्मी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मुस्तैदी के साथ डटे रहे, जिसके परिणामस्वरूप मतदान प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुई।

मतदान समाप्ति के बाद मतपेटिकाओं को विधिवत सील कर प्रखंडवार बनाए गए रिसीविंग काउंटर पर जमा किया गया। सिमडेगा कॉलेज परिसर स्थित रिसीविंग सेंटर में सभी सील बैलेट बॉक्स सुरक्षित रखे गए, जिन्हें वज्रगृह में संरक्षित किया गया है। आगामी 27 फरवरी को सिमडेगा कॉलेज में ही मतगणना होगी, जहां सील बक्से खुलने के साथ ही उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला सामने आएगी।

# न्यूज बॉक्स

## समसेरा जगरनाथ मंदिर प्रांगण में अष्टप्रहरी अखण्ड हरि कीर्तन की तैयारी तेज



**बोलबा।** प्रखंड के समसेरा बखरीटोली स्थित जगरनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले अष्टप्रहरी अखण्ड हरि कीर्तन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव के लोग तैयारी में जुटे हुए हैं।आयोजन समिति के परमानन्द बड़ाइक ने बताया कि आगामी 1 मार्च 2026 को प्रातः कलश यात्रा, अधिवास पूजन एवं नाम यज्ञ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। संध्या में संत महात्माओं द्वारा धार्मिक प्रवचन किया जाएगा। वहीं 2 मार्च 2026 को हवन-पूजन, आरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे।कार्यक्रम की तैयारी को लेकर परमानन्द बड़ाइक, विकास कुमार सिंह, विजय प्रताप सिंह, लक्ष्मन बड़ाइक, दिलरखन राय, कृष्णा बड़ाइक, सखी राम बड़ाइक, रविन्द्र बड़ाइक, सखी बड़ाइक, मनीष मांझी, बिनोद नायक, बिनोद नेगी, तारा देवी, सुषमा देवी सहित अन्य ग्रामीण सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## केरसई में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव अनुष्ठान कलश यात्रा के साथ प्रारंभ



**केरसई।** प्रखंड क्षेत्र के लालपुर चौक स्थित देवी गुड़ी मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव अनुष्ठान का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों ने भाग लिया। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर मंदिर परिसर तक पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।अनुष्ठान में यजमान की भूमिका संजय कुमार ने सपत्नीक निभाई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम के दौरान 24 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।उत्सव को लेकर लालपुर चौक सहित पूरे केरसई क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## होली पर्व को लेकर गिरदा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**बानो।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को बानो सर्किल के गिरदा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया नामजन जोजो ने की।इस अवसर पर थाना प्रभारी विद्या सागर चौरसिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है, जिसे सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए।उन्होंने बाजार में मिलने वाले रासायनिक युक्त रंगों से परहेज करने की अपील की तथा वृद्ध और बीमार लोगों को जबरन रंग नहीं लगाने की सलाह दी। थाना प्रभारी ने बताया कि होली के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।बैठक में उपस्थित लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने का आग्रह किया गया। मौके पर रायकेरा मुखिया सोमा पहान, एएसआई रेगा तुबिद, नंदलाल साहू, अयूब मियां, घनश्याम सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शादी समारोह में युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल



**सिमडेगा।** महबूआंग थाना क्षेत्र के सूतरौली अरहसा गांव में शादी समारोह के दौरान हुए युवक की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी एसडीपीओ बैजू उरांव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी।एसडीपीओ ने बताया कि 13 फरवरी को रंजीत टोपनो के यहां आयोजित शादी समारोह में गुमला जिले के कुरकुरा निवासी प्रदीप बरला शामिल होने आया था। रात में डीजे पर नृत्य कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें गांव की युवतियां नृत्य कर रही थीं। इसी दौरान प्रदीप बरला भी उनके साथ नाचने लगा। इस बात को लेकर गांव के असियन टोपनो और अजय सुरीन आक्रोशित हो गए। विवाद बढ़ने पर दोनों ने प्रदीप के साथ मारपीट की और गंभीर रूप से घायल कर दिया।14 फरवरी की सुबह शादी स्थल से कुछ दूरी पर प्रदीप का शव बरामद किया गया। सूचना मिलते ही महबूआंग थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टेक्निकल सेल एवं गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## शिव मंदिर का 69वां स्थापना दिवस श्रद्धापूर्वक संपन्न, नगर भ्रमण व भंडारा आयोजित

**बानो।** बानो स्थित शिव मंदिर का 69वां स्थापना दिवस भक्ति और श्रद्धा के साथ संपन्न हो गया। स्थापना दिवस के अवसर पर अष्ट प्रहरी यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश स्थापना के पश्चात रविवार प्रातः विधिवत यज्ञ आरंभ हुआ।यज्ञ पूजन में आचार्य प्रदीप पण्डा, मनोहर दिवेदी एवं सन्तोष दिवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। जजमान के रूप में कृष्णा सोनी सपत्नीक यज्ञ में शामिल हुए। आयोजन में प्रखंड के उकौली, पांगुर, कनरोवां, पाड़ो, जराकेल, सोडा सहित विभिन्न गांवों की कीर्तन मंडलियों ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।सोमवार को नगर भ्रमण व भंडारे का आयोजन किया गया। नगर भ्रमण मंदिर परिसर से निकलकर स्टेशन रोड, बिरसा मुंडा चौक होते हुए मुख्य मार्ग से पुनः मंदिर परिसर पहुंचा।

# गिरिडीह में वार्ड प्रत्याशी के समर्थकों में झड़प



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** निकाय चुनाव के दरमियान गिरिडीह शहरी इलाके में वैसे अधिकांश बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण हो रहा है। हालांकि सुबह से दोपहर तक दो तीन बूथ के समीप मारपीट की खबर सामने आयी है। दोपहर में नगर थाना इलाके के बुलाकी रोड में वार्ड प्रत्याशी के समर्थक आपस में भिड़ गए। यहां धक्का-मुक्की, गाली-गलौज के साथसाथ मारपीट तक हो गई। हालांकि घटना की सूचना पर नगर थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने हंगामा और मारपीट कर रहे लोगों को हटने को कहा। पुलिस के कहने पर जब लोग नहीं हटे तो जवान सख्त हो गए। जवानों ने लाठी चलाना शुरू किया तो मारपीट कर रहे लोग भाग निकले। इस बीच डीएसपी मुख्यालय नीरज कुमार सिंह भी पहुंचे जिसके बाद माहौल शांत हुआ। डीएसपी ने कहा कि मामूली नोंक-झोंक हुई थी जिसे शांत कर दिया गया है। यहां बता दें कि इससे पहले सुबह में वार्ड 18 के बूथ नंबर चार के पास हंगामा हुआ। यहां राजू खान समेत अन्य लोग सड़क पर बैठ गए, तो शिवम आजाद के समर्थकों ने राजू खान पर माहौल को खराब करने का आरोप लगाया। गौरतलब हो कि शिवम आजाद की मां वार्ड 18 में निवर्तमान पार्षद हैं और इस बार भी प्रत्याशी हैं। जबकि राजू खान दूसरे प्रत्याशी को समर्थन दे रहे हैं। दूसरी तरफ बूथों पर मतदान की स्थिति और विधि व्यवस्था देखने के लिए एसपी डॉ। बिमल कुमार खुद ही निकले। एसपी ने एक के बाद एक कई बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही साथ मौजूद पुलिस पदाधिकारी और जवानों को कई निर्देश भी दिए। एसपी ने बताया कि गिरिडीह नगर निगम के अलावा धनवार नगर पंचायत और बड़की सरैया नगर पंचायत में मतदान हो रहा है। इन तीनों स्थानों के 166 बूथों पर 200 से अधिक पुलिस पदाधिकारियों के साथ 1200 जवान की तैनाती की गई है। इसके अलावा सभी डीएसपी मौजूद थे।

## मतदान के दौरान कई बूथों पर मारपीट, भिड़ गये प्रत्याशी के समर्थक

**धनबाद।** नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान को लेकर लोगों में उत्साह है। दूसरी ओर समर्थकों के बीच टकराव की स्थिति कई बूथों पर देखने को मिली है। यहां पार्षद प्रत्याशी के समर्थक मतदान केंद्र पर आपस में ही भिड़ गये। वार्ड संख्या 27 के बूथ नंबर 106, 110, 111 और 112 पर हंगामा देखने को मिला। यहां पार्षद प्रत्याशी पुष्पा देवी और पार्षद प्रत्याशी पिंकी देवी के समर्थकों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद हाथापाई की स्थिति बन गई। आरोप-प्रत्यारोप के बीच माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए सभी समर्थकों को मतदान केंद्र के बाहर कर दिया। फिलहाल मतदान जारी है लेकिन घटनाक्रम को लेकर दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। पुष्पा देवी के पति संजय कुमार सिंह का आरोप है कि पिंकी देवी की जेठानी उर्मिला देवी उसी बूथ पर बीएलओ के रूप में पदस्थापित हैं और मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रही हैं। उनका कहना है कि उनके मित्र रमेश कुमार सिंह का कॉलर पकड़कर प्रमोद कुमार यादव ने बाहर कर दिया। संजय सिंह का आरोप है कि वे लोग सड़क के बाहर खड़े थे।

## बेडम में मां मनसा देवी की पूजा संपन्न

**हजारीबाग।** टाटीझरिया प्रखंड के डुमर पंचायत अंतर्गत बेडम गांव में मां मनसा देवी की बैशाखी खुशहाली पूजा हुई। इस अवसर पर गांव में उत्सव सा माहौल रहा। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सुख-समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना करते हुए नवनिर्मित मां मनसा देवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान गांव के विभिन्न मंदिरों, मंडपों और ग्राम देवता स्थल गंवात में भी विशेष अनुष्ठ गए। ।इस धार्मिक आयोजन के दौरान महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। महिलाओं द्वारा गाए गए पारंपरिक देवी लोकगीतों और भजनों से पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। ढोल-नगाड़ों की थाप और जयकारों से गांव का कोना-कोना गूंज उठा। इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से गुरुचरण, जीवाधन प्रसाद, सहित भारी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

# न्यूज बॉक्स

## चुनाव ड्यूटी के दौरान होमगार्ड के जवान के राइफल से चली गोली, मची अफरा-तफरी



**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है,सूत्रों के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला स्थित बूथ संख्या-04 पर रविवार की देर शाम नगर निकाय चुनाव ड्यूटी के दौरान एक होमगार्ड जवान की राइफल से अचानक गोली चल गई जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टी और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जा रही थी। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान राइफल रख रहा था,तभी अचानक गोली चल गई गोली की आवाज सुनकर वहां मौजूद कर्मियों और लोगों में करीब 10 मिनट तक हड़कंप की स्थिति बनी रही।घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता और होमगार्ड कमांडेंट सूरज कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की संबंधित जवान और राइफल को थाना लाया गया है तथा उस की जगह दूसरे जवान को तैनात कर दिया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि गोली चलने के कारणों की जांच की जा रही है,फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

## डंपर चालक ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के शेषनगर में रविवार रात एक डंपर चालक ने फंद से लटक कर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान शेषनगर निवासी अश्वनी कुमार (27) के रूप में हुई है, जो पेशे से डंपर चालक था और अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चे के साथ रहता था। परिजनों के अनुसार रविवार रात अश्वनी ने परिवार के साथ सामान्य रूप से भोजन किया और फिर सभी लोग सोने चले गए। देर रात वह चुपचाप उठा और दूसरे कमरे में जाकर फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी की नींद खुली तो उसने अश्वनी को बिस्तर पर नहीं पाया। तलाश करने पर वह दूसरे कमरे में फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखते ही पत्नी चीख पड़ी, जिसकी आवाज सुनकर परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से अश्वनी को नीचे उतारकर तत्काल एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत होता है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## कदमा में मंदिर की दान पेटी से चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** कदमा थाना क्षेत्र स्थित रामनगर रोड नंबर 6 के श्री श्री शिव-हनुमान मंदिर से दान पेटी चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कदमा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 11,976 रुपये बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपित की पहचान लक्ष्मण जोगी उर्फ बप्पी जोगी के रूप में हुई है, जो कदमा रोड नंबर 6 का निवासी है। सोमवार को थाना प्रभारी प्रवेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि 22 फरवरी की रात मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान फुटेज में लक्ष्मण जोगी की संदिग्ध गतिविधियां सामने आईं। इसके आधार पर पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की, जहां वह चोरी की रकम गिनते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उसने दान पेटी से नकदी चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस के अनुसार, आरोपित नशे का आदी है और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया। उस पर पूर्व में भी चोरी की घटनाओं में संलिप्त रहने का संदेह है। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है तथा उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

## 20-25 लाख की योजना में भारी अनियमितता, घटिया ईंट का हो रहा प्रयोग

**जलडेगा।** प्रखंड के टाटी पंचायत में जिला योजना अनाबद्ध निधि एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से रेलवे स्टेशन से पकोटा टोली होते हुए रिमिश सुरीन के खेत तक बन रही पीसीसी सड़क व पुलिया निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लगभग 20 से 25 लाख रुपये की लागत से चल रही इस योजना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की सोलिंग में काले रंग की घटिया ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो मानक के अनुरूप नहीं है। वहीं पीसीसी में उपयोग की जा रही गिट्टी का आकार भी अत्यधिक बड़ा बताया जा रहा है, जो मेटल जैसा प्रतीत होता है। इससे निर्माण की मजबूती पर संदेह गहरा गया है। लोगों का कहना है कि यदि प्रारंभ से ही इस तरह की लापरवाही बरती गई तो सड़क और पुलिया कुछ ही समय में जर्जर हो जाएगी और सरकारी राशि की बर्बादी होगी। मामले में एक और गंभीर पहलू सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार पीसीसी ढलाई इंजीनियर की अनुपस्थिति में कर दी गई।

## जुगसलाई में क्रॉस सपोर्ट बयान पर कांग्रेस की कार्रवाई, अभिजीत सिंह निष्कासित

**पूर्वी सिंहभूम।** नगरपालिका चुनाव के दौरान जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में सामने आए क्रॉस सपोर्ट के बयान को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। जिला अध्यक्ष परिविंदर सिंह ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी इंदु देवी के समर्थन में मतदान करने के बयान पर कांग्रेस नेता अभिजीत सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पूरे मामले की समीक्षा के बाद इस घटनाक्रम को गंभीर संगठनात्मक उल्लंघन माना गया। चुनाव जैसे संवेदनशील समय में विरोधी दल के पक्ष में समर्थन का बयान पार्टी की आधिकारिक नीति के विरुद्ध है और यह संगठन के प्रति खुली अविश्वसनीयता एवं अनुशासनहीनता को दर्शाता है। पार्टी नेतृत्व ने अभिजीत सिंह की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए इसे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से संगठन विरोधी गतिविधि की श्रेणी में रखा है। परिविंदर सिंह ने स्पष्ट किया।

# अपने किए कार्य ही बनाते हैं स्मरणीय : अर्जुन मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

खूंटी। सरना समाज के अगुआ और आजीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े रहे दिवंगत सनिका पाहन की स्मृति में सोमवार को तोरपा प्रखंड के चंपाबाहा में पारंपरिक विधि विधान से पत्थलगड़ी की गई है। कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए।

पत्थलगड़ी कार्यक्रम के दौरान सिंग बोंगा का आह्वान कर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ चंपाबहा गांव पहुंचे और पत्थलगड़ी स्थल पर पूजा में भाग लिया। उन्होंने संस्मरण पत्थर पर आम के पल्लव से अभिषेक किया तथा चावल अर्पित कर दिवंगत सनिका पाहन को श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि सनिका पाहन सरना समाज के सशक्त अगुआ थे और उन्होंने जीवन भर समाज सेवा के लिए कार्य किया। उन्हें लोग याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरना धर्म आदि धर्म है और सानिका पाहन ने समाज की जागृति के लिए निरंतर प्रयास किए। 'जो व्यक्ति इस धरती पर आता है, उसका जाना निश्चित है।

## आईलैक्स पब्लिक स्कूल ने सफलता का लहराया परचम

**बरही।** राजधानी रांची के होटल रामादा में रविवार को आयोजित भव्य 'एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव' में आईलैक्स पब्लिक स्कूल बरही ने सफलता का परचम लहराया है। इस प्रतिष्ठित समारोह में विद्यालय के निदेशक डॉ. शैलेश कुमार और कॉर्डिनेटर डॉ. सुषमा भारती को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट और अनुकरणीय योगदान के लिए नवाजा गया। उपदेश और एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी जैसे प्रमुख संस्थानों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर के दिग्गज शिक्षाविद शामिल हुए। सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि यह पूरे स्कूल परिवार—समर्पित शिक्षकों, अभिभावकों और परिश्रमी विद्यार्थियों के अटूट विश्वास और कड़ी मेहनत का परिणाम है। यह पुरस्कार भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए एक नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

### कोयला श्रमिक संघ ने निर्णय नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# 21 सूत्री मांगों को लेकर जीएम को सौंपा ज्ञापन

- आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों को हाई पावर कमेटी के अनुसार वेतन देने की भी मांग रखी गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**भुरकुंडा।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने रविवार को बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक को 21 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र में क्षेत्र के मजदूरों से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में प्रमुख मांगों के तहत अंडरग्राउंड मजदूरों को वर्तमान कार्य में नियमित करने, भुरकुंडा अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र के मजदूरों को लगभग दो वर्षों से लंबित सेफ्टी शूज देने की मांग की गई। इसके अलावा 9.3.0 प्रावधान के तहत समय सीमा के भीतर नौकरी देने, मजदूरों से सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य कराने, पीएसएमई मजदूरों का वेतन शीघ्र भुगतान करने तथा थर्ड पार्टी सैंपलिंग और आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों को हाई पावर कमेटी के अनुसार वेतन देने की भी मांग रखी गई। संघ ने क्षेत्र के खेल मैदानों के सुंदरीकरण की मांग के साथ उरीमारी में दुर्घटना में मृत मजदूर के आश्रित संतोष कुमार को चार वर्षों से नियमित नहीं किए जाने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि यदि प्रबंधन इन ज्वलंत मुद्दों पर जल्द कोई ठोस और निर्णायक फैसला नहीं लेता है तो यूनियन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज सिन्हा, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष ठाकुर, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड सदस्य अजीत सिन्हा, क्षेत्रीय वेलफेयर बोर्ड सदस्य कमलेश कुमार, बिनोद कुमार, बिनोद सिंह, शिवनंदन दास, शंकर सिंह, सनी कुमार, लालमोहन महली, गुरुदयाल ठाकुर, सुरेश प्रसाद खरवार, शंभू यादव, बबलू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मूल धर्म सरना को करें सुसंगठित और मजबूत : सुखराम मुंडा



**खूंटी।** धरती आबा बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातु में सोमवार को सरना धर्म सोतोः समिति के तत्वावधान में 14 वां शाखा स्थापना दिवस सह सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरना स्थल में जेठा पहान, सनिका मुंडा, गोल्गा मुंडा और पांडु मुंडा के नेतृत्व में सिङबोंगा की विधिवत पूजा-पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा ने कहा कि धरती आबा ने जिस समृद्ध, संगठित और जागरूक समाज की परिकल्पना की थी, वह आज भी पूरी तरह साकार नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने न केवल ब्रिटिश शासन के शोषण, जुल्म और अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया, बल्कि समाज में फैली कुरीतियों, धार्मिक आडंबरों और अंधविश्वासों को दूर करने का भी प्रयास किया। उन्होंने हिंसा, बलि प्रथा और नशापान जैसी बुराइयों से दूर रहने और जादू-टोना, डाइन-बिसाही और भूत-प्रेत को मन का भ्रम बताते हुए मूल धर्म सरना को सुसंगठित करने का आह्वान किया। सुखराम मुंडा ने कहा कि जल-जंगल-जमीन के साथ धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए धरती आबा ने अपना जीवन न्योछावर किया, इसलिए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाना होगा। धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि सरना धर्म की पहचान, संरक्षण और संवर्धन के लिए सामाजिक और धार्मिक व्यवस्थाओं में एकरूपता जरूरी है। उन्होंने सरना समाज के अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए जातीयता और क्षेत्रीयता से ऊपर उठकर एकजुट होने पर बल दिया। कार्यक्रम में धर्मगुरु सोमा कंडीर, मनोज मंडल, मुरहू और तपकारा क्षेत्र के बड़ी संख्या में सरना धर्मावलंबी उपस्थित थे।

### खदान में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी देने की मांग

# रोजगार की मांग पर ग्रामीणों का आंदोलन



- ग्रामीण का आरोप रांजाबुरु खदान का संचालन कर रही ठेका कंपनी बाहरी मजदूरों से करा रही काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित सारंडा क्षेत्र की रांजाबुरु खदान को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का आंदोलन तेज हो गया है। सोमवार की सुबह करीब 7:30 बजे दस गांवों के सैकड़ों महिला-पुरुष खदान परिसर पहुंचे और कार्य बंद करा दिया। आंदोलन सारंडा विकास समिति, जामकुंडिया-दुईया के बैनर तले चल रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि खदान का संचालन बिना ग्राम सभा की अनुमति और पारंपरिक मानकी-मुंडा व्यवस्था की सहमति के शुरू किया गया तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी गई। इससे पहले 21 फरवरी को दुईया पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम ने की। बैठक में गंगदा पंचायत के मुखिया राजू शांडिल, विभिन्न गांवों के मुंडा, डकुआ, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा, खदान का विरोध जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि रांजाबुरु खदान का संचालन स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) से संबद्ध ठेका कंपनी द्वारा किया जा रहा है, लेकिन अधिकांश मजदूर बाहरी क्षेत्रों से लाए गए हैं। क्षेत्र के प्रशिक्षित चालक, ऑपरेटर और मजदूरों की अनदेखी किए जाने पर आक्रोश बढ़ा है।

आंदोलनकारियों ने मांग की है कि कम से कम 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को दिया जाए। फिलहाल खदान का काम बंद है और प्रशासन के समक्ष बातचीत चल रही है लेकिन अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

## एसपी अजय सहित अन्य अधिकारियों ने किया मतदान

**रामगढ़।** नगर परिषद चुनाव के दौरान सोमवार को रामगढ़ जिले के अधिकारियों ने भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई। छत्तरमांडू वार्ड 28 के बूथ नंबर 1, 2, 3 और 4 पर जिले के कई वरिष्ठ अधिकारियों के नाम मतदाता सूची में शामिल थे, जहां उन्होंने पहुंचकर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रामगढ़ पुलिस अधीक्षक (एसपी) अजय कुमार, अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, गोपनीय शाखा प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता (एलआरडीसी) प्रियंका कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम तथा एनआईसी प्रभारी बिरेंद्र कुमार सहित कई अधिकारियों ने मतदान किया। मतदान के बाद एसपी अजय कुमार ने नगर परिषद क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण होता है और यह मतदान बैलेट पेपर से हो रहा है, इसलिए विशेष सजगता के साथ वोट डालने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता घर से निकलकर पहले मतदान करें।

# कोयला लोड ट्रक की चपेट में आने से बच्ची की मौत, सड़क जाम कर की आगजनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** झरिया में देर रात दर्दनाक हादसे के बाद सोमवार सुबह हालात बेकाबू हो गए। झरिया थाना और घनुवाडीह ओपी क्षेत्र के बालूगद्दा में कोयला लोड ट्रक की चपेट में आने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। लोगों का कहना है कि ट्रक में अवैध कोयला लोड था। गुस्साए लोगों ने पहले ट्रक को रोका और फिर सुबह झरिया–बलियापुर मुख्य मार्ग पर डीएवी उच्च विद्यालय के पास आगजनी कर सड़क जाम कर दिया। उसी स्कूल में मतदान केंद्र भी बना था, जहां कुछ देर के लिए वोटिंग प्रभावित हुई। घटना को लेकर स्थानीय लोगों का आरोप है कि संकरी गलियों से रोजाना अवैध कोयला लोड ट्रकों की आवाजाही होती है। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने बच्ची को कुचल दिया। लोगों ने अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सड़क जाम को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस पहुंची, लेकिन भीड़ के आगे पुलिस बेबस नजर आई और घंटों सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। जिस स्कूल के आगे सड़क जाम किया था, उस स्कूल में बूथ संख्या 12, 13, 14 और 15 पर मतदान चल रहा था। जाम के कारण कुछ समय के लिए मतदान की रफ्तार धीमी पड़ी। हालांकि अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने दावा किया कि मतदान पूरी तरह बाधित नहीं हुआ। मौके पर झरिया के पूर्व विधायक और मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह भी पहुंचे। उन्होंने परिजनों और उग्र भीड़ को समझाने की कोशिश की और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। वहीं मेयर प्रत्याशी इंदु देवी ने संजीव सिंह पर ही गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बच्ची के शव को जबरन उठवाया गया और इलाके में उनके द्वारा दबंगई दिखाई जा रही है।

मृत बच्ची की मां खुशबू देवी का आरोप है कि जिस जगह हादसा हुआ, वहीं उनका घर है। रोजाना ट्रकों की आवाजाही से खतरा बना रहता था और घर हटाने की धमकी भी दी जाती थी। उनका कहना है कि सुनियोजित तरीके से उनकी बच्ची को कुचला गया है।

## खाटू श्याम फल्गुनी महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

**बरही।** बरही के करियातपुर में 26 फरवरी को खाटू श्याम फल्गुनी महोत्सव मनाया जाएगा। श्रद्धालु दुर्गा मंदिर परिसर से निशान यात्रा निकालेंगे। यात्रा गाजे-बाजे के साथ नईटांड मोड़ से होकर लौटेगी। बाद में खिचड़ी का महाप्रसाद वितरण किया जाएगा और 27 फरवरी को भक्ति गीतों का कार्यक्रम होगा।

खाटूश्याम फल्गुनी महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बरही, प्रतिनिधि। बरही के करियातपुर में खाटू श्याम फल्गुनी महोत्सव 26 फरवरी को मनाया जाएगा। सैंकड़ों श्रद्धालुओं के साथ करियातपुर दुर्गा मंदिर परिसर से निशान यात्रा निकाली जाएगी। खाटू श्याम फाल्गुनी महोत्सव की तैयारी में खाटू श्याम के भक्त संजय केशरी, प्रदीप केशरी, दीपक केशरी,दीपू केशरी, कमल शंकर पंडित,पवन केशरी,संजय केशरी, कैलाश केशरी,भोला भगत, चन्दन केशरी, प्रकाश केशरी, अशीष केशरी अनेक श्रद्धालु लगे हैं।

# प्रोजेक्ट उल्लास शिविर में 65 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले में सोमवार को प्रोजेक्ट उल्लास के अंतर्गत आयोजित निःशुल्क मिर्गी जांच और उपचार शिविर के तीसरे दिन सोमवार को 65 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने संदिग्ध मरीजों को विस्तृत परामर्श दिया और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराईं। यह शिविर एम्स, नई दिल्ली के विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। पोटका प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हरिणा और हल्दीपोखर में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। जांच के दौरान मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन कर उन्हें आगे की उपचार प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। जिला प्रशासन की पहल पर मिर्गी रोगियों की पहचान, उपचार और दवा वितरण के उद्देश्य से यह अभियान सभी प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति इस विशेष अभियान का संचालन कर रही है। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में अगला शिविर लगाया जाएगा।

**विचार प्रवाह** हम भावनाओं को अत्यधिक महत्त्व देते हैं, यहां तक कि हम यह भी मानते हैं कि उचित प्रकार की भावना अत्यंत आनंददायी होती है। इससे क्या फर्क पड़ता है कि आपको कैसा लगता है? अपने प्रारब्ध को भोगें जब तक कि यह प्रभु की इच्छा है कि आप ऐसा करें। उचित कार्य करें और यथासमय शांति एवं आनंद की सही भावना का उदय होगा। **- श्री ज्ञानमाता**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# मुफ्त की रेवड़ी से बिगड़ती अर्थव्यवस्था और उपेक्षित कृषि

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कभी भारत में कहा जाता था कि युद्ध और प्यार में सब कुछ जायज है जबकि इंडिया में इसमें राजनीति भी व्यापक रूप से जुड़ गया है क्योंकि भीड़तंत्र को ही लोकतंत्र स्वीकार कर लेने की प्रवृति बढ़ती जा रही है।सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों द्वारा चुनाव से पहले बांटी जाने वाली मुफ्त की रेवड़ियों के रूप में लोकलुभावन वादे और योजनाओं को लेकर जो तीखी टिप्पणियां की हैं, वे देश के लोकतांत्रिक और सामाजिक-राजनीतिक चरित्र के मद्देनजर गहरी चिंता का विषय हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि चुनावी राजनीति में मुफ्त योजनाओं की घोषणाओं की होड़ ने जिस प्रवृत्ति को जन्म दिया है, वह अब नीति और नैतिकता, दोनों के लिए चुनौती बनती जा रही है। ऐसी लोकलुभावन घोषणाओं के पीछे तर्क यही होता है कि वे सामाजिक न्याय और कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को मजबूत करती हैं। निस्संदेह, संविधान भारत को एक कल्याणकारी राज्य के रूप में परिकल्पित करता है और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए लक्षित सहायता आवश्यक भी है। लेकिन, सवाल यह है कि क्या हर चुनाव के पहले अंधाधुंध मुफ्त वितरण उसी दिशा में उठाया गया कदम है, या यह महज राजनीतिक लाभ का साधन बनकर रह चुका है। तमिलनाडु की मुफ्त बिजली योजना पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इससे ही जुड़ा एक दूसरा सवाल उठाया है कि आखिर हम पूरे देश में किस तरह की संस्कृति विकसित कर रहे हैं? शीर्ष अदालत का यह कहना भी बिल्कुल उचित है कि तमिलनाडु सरकार की घोषणा सरकारी खजाने पर बोझ तो डालेगी ही, इससे बिजली वितरण कंपनियों की सेहत पर भी बुरा असर पड़ेगा। ऐसा ही एक दूसरा उदाहरण पिछले हफ्ते का है, जब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक योजना के तहत आने वाली 1.31 करोड़ महिलाओं में से प्रत्येक के खाते में पांच हजार रुपये हस्तांतरित किए। उनकी इस घोषणा से एक ही झटके में राज्य सरकार पर 6,550 करोड़ रुपए का आर्थिक बोझ बढ़ गया है। ऐसा तब है, जब उनकी सरकार केंद्र पर तमिलनाडु के खिलाफ फंड जारी करने में भेदभाव करने का आरोप लगा रही है। न्यायालय की चिंता का मूल यही है कि जब राज्य सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े पैमाने पर मुफ्त योजनाओं की घोषणा करते हैं, तो इसका बोझ अंततः करदाताओं और भावी पीढ़ियों पर पड़ता है। राजकोषीय घाटा बढ़ता है और विकास योजनाएं प्रभावित होती हैं। यह भी विचारणीय है कि क्या मुफ्त योजनाएं सचमुच सशक्तीकरण का माध्यम बन रही हैं? भारतीय राजनीतिक तंत्र में मुफ्त योजनाओं की संस्कृति इतनी गहराई से समाई हुई है कि इनका कोई अंत नहीं दिखता। बात सिर्फ तमिलनाडु की नहीं, शीर्ष अदालत के सवाल सभी राज्यों व राजनीतिक दलों के लिए आईना हैं और सभी को इस दिशा में गंभीरता से सोचना भी होगा। मुफ्त राज सहायता का सबसे पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम यादव ने किया था और यह आशंका जताई थी कि इससे उनके कृषि प्रधान राज्य उत्तर प्रदेश में लोग कृषि से विमुख होंगे जिसका पूरी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। हमारे जीवन चक्र में हम न सिर्फ एक दूसरे पर निर्भर हैं बल्कि ईश्वर ने हमें ऐसी व्यवस्था भी बांधा है कि हम न सिर्फ अन्न उगाएं बल्कि उसे पकाएं तभी खा पाएं। कल्पना कीजिए हमें भूख ही न लगे या हमें किसी चीज की आवश्यकता ही न हो तो हम समय पर उठकर दिनचर्या से लेकर परिवार पालने के लिए भागदौड़ या मेहनत क्यों करेंगे? मुफ्त अनाज जरूरतमंद को मिले तो अमृत पर फर्जी लोगों को या कुपात्र को मिले तो सामाजिक व्यवस्था का संतुलन बिगड़ेगा ही ।आजकल हर किसी को सरकारी नौकरी का लालच दिया जा रहा है जबकि नौकरियों की संख्या सीमित है और अच्छी शिक्षा के कारण कठिन प्रतियोगिता पास करना आसान नहीं।होना तो यह चाहिए था कि सभी को समान शिक्षा दी जाए और योग्यतानुसार नौकरी या व्यवसाय का अवसर मिले। किसी कुशल कारीगर के परिवार में हुनरमंद लोग नौकरी से ज्यादा कमाते हैं जबकि नौकरियों में कई बार उनका प्रदर्शन सामान्य रहता है। बिगड़ती अर्थव्यवस्था के प्रमुख प्रभाव में मुफ्त बिजली, पानी, नकद राशि और अन्य सुविधाओं के वादे राज्य के बजट का एक बड़ा हिस्सा खा जाते हैं। उदाहरण के लिए, कर्नाटक में कुछ योजनाओं पर राज्य के 2023-24 के वित्तीय घाटे का लगभग खर्च होने का अनुमान है। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे (सड़क, पुल) जैसे उत्पादक क्षेत्रों के लिए धन की कमी हो जाती है। चुनावी वादों को पूरा करने के लिए सरकारें कर्ज लेती हैं, जिससे राज्य का कर्ज-जीएसडीपी अनुपात बढ़ता है और वित्तीय स्थिति नाजुक हो जाती है। उत्पादकता में कमीः मुफ्त की चीजों की आदत से कार्यबल में काम करने और कमाने का प्रोत्साहन कम हो सकता है। महंगाई में वृद्धिः भारी सरकारी खर्च से अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति या महंगाई बढ़ सकती है। दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता के लिए, कल्याणकारी योजनाओं और मुफ्त रेवड़ियों के बीच अंतर करना आवश्यक है। सरकारों को उत्पादक विकास और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, न कि केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ के लिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले कुछ दिनों में दो बार देश का ध्यान इस ओर आकर्षित कर चुके हैं कि रेवड़ी संस्कृति किस तरह लोकतंत्र और अर्थतंत्र का बेड़ा गर्क कर रही है। यह वही संस्कृति है, जिसे मुफ्तखोरी की राजनीति भी कहा जाता है। यह राजनीति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली भी है। यह किसी से छिपा नहीं कि रेवडियां बांटने की राजनीतिक संस्कृति ने न जाने कितने देशों को तबाह किया है।यूरोप के कुछ विकसित देश इसी रेवड़ी संस्कृति के कारण आज आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। भारत के पड़ोस में ही श्रीलंका, पाकिस्तान का भी इसी रेवड़ी संस्कृति ने बुरा हाल किया है। अपने देश में ही देखा जाए तो कई राज्य सरकारें इस रेवड़ी संस्कृति के कारण लगभग दीवालिया होने की कगार पर हैं। उनका बजट घाटा बढ़ता जा रहा है, लेकिन वे मुफ्तखोरी की राजनीति का परित्याग करने के लिए तैयार नहीं। इस राजनीति ने राज्य के बिजली बोर्डों का भी बुरा हाल कर रखा है, क्योंकि राज्य सरकारें चुनावी लाभ के लिए मुफ्त में या लागत से बहुत कम में बिजली दे रही हैं। इसका दुष्परिणाम बिजली बोर्ड भुगत रहे हैं।

# एआई समिट में कांग्रेस के शर्टलेस प्रदर्शन के मायने

देश की बात



विजय केसरी

> भारत का संविधान देश के नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है। इसका कदापि अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि लोग अपनी नैतिक जिम्मेवारी को भूल जाएं। पार्टी स्तर पर विरोध प्रदर्शन हो। नीतिगत स्तर पर विरोध प्रदर्शन हो। ऐसा करने से उन्हें कौन रोक रहा है?




देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एकाएक शर्टलेस प्रदर्शन, देश के प्रधानमंत्री और आयोजन के औचित्य के खिलाफ नारे बाजी कर एक अक्षम्य अपराध करने जैसा कृत्य किया है। अगर मैं ऐसा लिखता हूं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी ।युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के शर्टलेस प्रदर्शन का देशभर में व्यापक निंदा हो रही है। हम सबों को ज्ञात होना चाहिए कि अगर भारत एआई के क्षेत्र में पीछे रह गया तो बहुत पीछे चल जाएगा। अगर भारत एआई के क्षेत्र में सृजन कर्ता बनेगा तभी भारत 2047 तक एक विकसित देश के रूप में स्वयं को स्थापित कर पाएगा। अन्यथा भारत विश्व भर के देशों की कंपनियों के उत्पादों का केवल एक बाजार बनकर रह जाएगा। क्या कांग्रेस पार्टी भारत को विश्व भर की कंपनियां के उत्पादों के बिक्री केन्द्र के रूप में विकसित करना चाहती हैं? अगर यह सच है, तो भारत का स्वालंबन, देश की प्रतिभा और विकास के बढ़ते कदम पर रोक लगाने जैसा होगा। भारत का संविधान देश के नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है। इसका कदापि अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि लोग अपनी नैतिक जिम्मेवारी को भूल जाएं। पार्टी स्तर पर विरोध प्रदर्शन हो। नीतिगत स्तर पर विरोध प्रदर्शन हो। ऐसा करने से उन्हें कौन रोक रहा है? राज्यसभा और लोकसभा में विरोध प्रदर्शन होते ही रहते हैं। वहां पर इस मुद्दे को तरीके से उठाते। दिल्ली में आयोजित एआई समिट से उन्हें क्या शिकायत है? इस मुद्दे को दोनों सदनों में उठाते। यह एक लोकतांत्रिक तरीका होता है। लेकिन इस तरह के वैश्विक आयोजन के दौरान शर्टलेस प्रदर्शन करना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। हम सबों को ज्ञात होना चाहिए कि अभिव्यक्ति की आजादी के साथ ही नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है कि कोई ऐसा काम न करें, जिससे कि भारत की छवि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल हो। इसके साथ ही यह भी ज्ञात होना चाहिए कि विकास के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम पर भूल कर भी रोका न लगाया जाए। लोकतंत्र की मजबूती का तकाज़ा यह है कि देश की सुरक्षा और विकास के मुद्दे पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच मैत्री भाव रहे। यह देश के हित में होगा। देश की सुरक्षा और विकास के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष दोनों को आपसी वैमनस्य और राजनीति से मुक्त होकर कार्य करने की जरूरत है।

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को यह कदापि भूलना नहीं चाहिए कि जिस कार्यक्रम में वे सभी शर्टलेस प्रदर्शन कर रहे हैं, वह कोई राजनीति कार्यक्रम नहीं बल्कि एक वैश्विक स्तर पर सरकारी कार्यक्रम था। दिल्ली में आयोजित एआई समिट कार्यक्रम में सौ से अधिक देशों के प्रतिनिधि मंडल, बीस की संख्या में विभिन्न देशों से आए राष्ट्राध्यक्ष तथा साठ मंत्रीगण सम्मिलित हुए थे। उन सबों की महती मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं ने ऐसा कर देश की ही छवि को एक तरह से बिगड़ने का काम किया है। इससे भारत की छवि वैश्विक स्तर पर क्या बनी होगी? विचारणीय है। अब सवाल यह उठता है कि क्या युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से इस तरह विरोध प्रदर्शन करने की इजाजत ली थी? आगे सवाल यह भी उठता है कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की इजाजत के बिना ऐसा उग्र प्रदर्शन युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गण कर सकते हैं। जबाब है, कदापि नहीं। अर्थात कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व भी इस शर्टलेस प्रदर्शन में शामिल हैं। यह बेहद चिंता की बात है। निष्कर्ष यह है कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राजनीतिक वैमनष्यता के कारण मोदी सरकार की छवि वैश्विक स्तर पर खराब करने के लिए, ऐसा की है। विचारणीय यह है कि इस शर्टलेस व उग्र प्रदर्शन का संपूर्ण देश में तीव्र आलोचना हो रही है। वहीं कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के इस शर्टलेस व उग्र प्रदर्शन पर इतरा रही है। देश वासियों को यह जानना चाहिए कि आई इम्पैक्ट समिट,औपचारिक रूप से इण्डिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 कृत्रिम बुद्धिमत्तापर आधारित एक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न था, जिसका आयोजनभारत मण्डपम्, नयी दिल्ली में 16 - 21 फ़रवरी को सम्पन्न हुआ। यह वैश्विक एआई सम्मेलनों की शृंखला का चतुर्थ आयोजन था, इसके पूर्व 2023 में ब्लेच्ली पार्क एआई सेफ़्टी समिट, 2024 में एआई सियोल समिट तथा 2025 में पेरिस में एआई ऐक्शन समिट आयोजित हुए थे। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मन्त्रालयके अधीन इण्डियाएआई मिशन के अन्तर्गत आयोजित यह सम्मेलन इस शृंखला का प्रथम आयोजन था, जिसकी मेज़बानी किसीवैश्विक दक्षिणराष्ट्रने की थी।


इस एआई सम्मेलन में अनेक भारतीय एआई प्रतिरूप एवं उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। एक भारतीय ने एआई प्रयोगशाला, सर्वम् एआईने 30 अरब तथा 1.50 खरब प्राचलों वाले विशेषज्ञ-मिश्रण आधारित नवीन भाषा-प्रतिरूपों के साथ-साथ, लेख-से-वाक, वाक-से-लेख एवं दृष्टि प्रतिरूप प्रस्तुत किया। सर्वम् ने 'काज़े' स्मार्टग्लासेस, चतुर-चश्मा,भी प्रदर्शित किया, जिनका परीक्षण प्रधानमन्त्री मोदी ने इस प्रदर्शनी में किया। भारत सरकार-समर्थित भारतजेन 'परम२' प्रतिरूप, जो 17 अरब प्राचलों वाला, 22 भारतीय भाषाओं को समर्पित और बहु-विध क्षमताओं से युक्त है, भी इस सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया। एआई के क्षेत्र में भारत बहुत ही मजबूती के साथ और बहुत ही सूझबूझ के साथ बढ़ाया है, जिसकी सराहना वैश्विक स्तर पर हो रही है। अगर भारत एआई के क्षेत्र में पीछे रह गया तो यह देश सिर्फ विभिन्न देशों की कंपनियों का एक बाजार बनकर रह जाएगा। आने वाले समय में एआई के क्षेत्र में जबरदस्त ढंग से रोजगार भी सृजन होगा। इस सम्मेलन में माइक्रोसॉफ़्टने घोषणा की कि वह दशक के अन्त तक निम्न-आय वाले देशों में एआई पहुँचाने हेतु 50 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के मार्ग पर अग्रसर है। इस सम्मेलन की विशेषता यह रही कि सम्मेलन के दौरान भारत ने चौबीस घण्टों में एआई उत्तरदायित्व अभियान हेतु सर्वाधिक प्रतिज्ञाएं प्राप्त करने कागिनीज़ विश्व-रिकॉर्डस्थापित कर लिया। 16 -17 फ़रवरी के मध्य 250946 वैध प्रतिज्ञाएं संकलित की गईं। इंटेल इंडिया के सहयोग से इंडिया एआई मिशन के अन्तर्गत संचालित इस अभियान ने अपने प्रारम्भिक 5000 प्रतिज्ञाओं के लक्ष्य को अत्यधिक पार कर लिया। इससे पूर्व आयोजित हुए एआई सम्मेलनों में आयोजन देश को इस तरह की उपलब्धि प्राप्त नहीं हो पाई थी। यह भारत के लिए एक सुनहरा अवसर के समान था। इस मुद्दे पर देश के प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'दुनिया के अनेक विकसित देश आज भारत के साथ व्यापारिक समझौते कर रहे हैं। आज विकसित देश भारत के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं। क्योंकि उनको भारत के विकास में अपना भविष्य दिखता है। उनको भारत की युवाशक्ति में उम्मीद दिखती है। आज दुनिया को लगता है कि भारत वो ताकत है, जो 21 वीं सदी की चुनौतियों का समाधान दे सकती है।' उपरोक्त बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत है । आज संपूर्ण विश्व की निगाहें भारत पर टिकी हुई हैं। भारत दुनिया का एक बड़ा बाजार के साथ आधुनिकतम तकनीकी और व्यापार के क्षेत्र में बहुत तेजी साथ कदम बढ़ाने वाले एक देश के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है। भारत सरकार ने इंडिया एआई मिशन के तहत लगभग 1.2 अरब डॉलर का प्रावधान किया है। यह एक सकारात्मक कदम है। देशवासियों को यह भी जानना चाहिए कि आज हमारा देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एआई के वैश्विक दौड़ में एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। वैश्विक एआई क्षेत्र में विकसित देशों के प्रयोगशालाओं में भारतीय मूल के वैज्ञानिक ही अपने अपने कुशल बुद्धिमता का परिचय दे रहे हैं। बस! जरूरत है,मिलजुल कर सहयोग कर आगे बढ़ने की। वह दिन अब दूर नहीं है, जब एआई के क्षेत्र में भारत विश्व भर में अपना परचम लहरा पाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# उन्नति के लिए दान करें, दिखावे के लिए नहीं



स्वामी चिन्मयानंद

जब लोग हमसे दान मांगते हैं, तो हम अक्सर सिर हिलाकर पूछते हैं कि हमें क्यों देना चाहिए! हमारे अपने घरों में ही कितनी ज़िम्मेदारियाँ होती हैं। दान केवल धन देने का नाम नहीं है। यहाँ दान का अर्थ यह समझना है कि किस व्यक्ति को किस समय क्या आवश्यकता है, तथा अपनी क्षमता (यथा शक्ति) अनुसार उसे देना। हम भोजन, धन, समय, अथवा केवल एक मुस्कान भी देकर किसी के घर और हृदय में प्रेम तथा पोषण ला सकते हैं। दान वह दृष्टिकोण है जिसमें श्रेष्ठता का भाव न हो, जिसमें प्राप्तकर्ता को नीचा न देखा जाए तथा किसी मान्यता या पुरस्कार की इच्छा भी ना हो। दान का उद्देश्य 'मेरा' होने की भावना को दूर करना है, यह सोचने की प्रवृत्ति कि कोई वस्तु हमारी है। यदि हम इस पर गहराई से विचार करें, तो हमें समझ में आएगा कि वास्तविक दाता तो ईश्वर है! वास्तव में कुछ भी हमारा नहीं है। जो कुछ भी हमारे हाथ आया है, वह हमें कृपा से प्राप्त हुआ है। देने में हमें कोई हानि नहीं होती, अपितु वह प्रचुरता किसी अन्य व्यक्ति के घर तथा हृदय में प्रवाहित होती है। दान हृदय के भीतर से उठने वाली एक अनिवार्य भावना की अभिव्यक्ति होना चाहिए। बुद्धिमता पूर्ण दान वह है जो व्यक्ति के मन में अनुभव की गई प्रचुरता से उत्पन्न होता है। यदि कोई व्यक्ति दान देने से स्वयं को निर्धन अनुभव करता है, तो उसने दान नहीं किया, केवल वस्तु देने की शारीरिक क्रिया की है। तपस्या का अर्थ एकाग्रचित्त अभ्यास है। जब भी हम किसी उच्च उद्देश्य के लिए गहन रूप से किसी कार्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वही तपस्या है। हम शरीर, वाणी तथा मन के स्तर पर तपस्या कर सकते हैं। जैसा कि पहले कहा गया है, यह केवल कार्य करने की बात नहीं है, उसके पीछे की भावना भी महत्वपूर्ण है। कई लोग तीर्थयात्रा, उपवास या जप को तपस्या का रूप मानते हैं। परंतु शरीर के स्तर पर एक सरल तपस्या व्यायामशाला जाकर कसरत करना भी है।

**-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)**

# भारत की विकास यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महती भूमिका

आपकी बात



अरविंद रावल

भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति कहलाने वाला राष्ट्र बन गया है। जब देशवासी अपने देश की तरक्की की बाते सुनते हैं तो बेशक बड़ी खुशी और गर्व होता है। भारत की इस विकास यात्रा में केंद्र व राज्यों की सरकारों के साथ साथ देश के नागरिकों का भी अपना अथाह योगदान है तभी तो आज हम दुनिया की तीसरी बड़ी महाशक्ति बनकर आज उभरा है। भारत की विकास यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका भी महती रही है जिसे नकारा नहीं जा सकता है। बेशक कुछ संघ विरोधी विचारधारा वाले लोगों को देश के विकास यात्रा में संघ का योगदान उन्हें अचरज भरा भी लगे किंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान को यह देश कभी भुला नही पायेगा। आजादी के इस वक्त को याद कर कल्पना करे कुछ तथाकथित सत्ता स्वार्थी राजनेताओ की हुक्मरान बनने की चाहत के चलते जिस देश की आज़ादी धर्म के नाम पर की गई हो वहा कितना खून खराबा अपनों का अपनों के ही हाथो हुआ होगा? पाकिस्तान के उदय के साथ ही लाहोर से लगाकर कराची तक पूर्वी पश्चमी सीमओं तक में बसने वाले हिन्दुओ के कत्लेआम की जो दासता देश ने देखी हे उसकी कल्पना मात्र से आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हे शरीर में सिरहन पैदा हो जाती है। आजादी से पहले भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखंड भारत की कल्पना को साकार करने की अलख जगाने के लिए लोगो को जागरूक कर रहा था। कई मोको पर राष्ट्रीय स्वयं संघ के जन्मदाता और तत्कालीन प्रथम सरसंघचालक डॉ केशवराव बलिराम हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी ने भी देश की आजादी की लड़ाई लड़ने वाले सभी बड़े तात्कालीन नेताओं अखंड भारत बनाए रखने की लड़ाई लड़ने की बात कही लेकिन संघ विरोधी मानसिकता वाले कुछ लोगो ने हर बार संघ की बातो को नजरअंदाज करते हुए मुस्लिम लिंग के जिन्ना की जिद के आगे नतमस्तक होकर आखिरकार अखंड भारत को धर्म के टुकड़ो में बाट दिया था। जिन्ना की मुस्लिम लिंग के समर्थक गुंडों और पाकिस्तानी फौजी सिपाहियों ने पाकिस्तान के हर हिस्से में रह रहे हिंदुओं को वहां से भागने के लिए उन पर रक्तरंजित अत्याचार ही नही किए बल्कि हिन्दू बेटियों बहुओं और माताओं की अस्मिता को भी सरेआम लूट कर तार तार किया था। पूर्वी पश्चिमी पाकिस्तान में हिन्दुओं की लाशों के ढेर इस बात के सबूत थे कि कितना जहर हिन्दुओं के प्रति जिन्ना और उसके गुंडों ने सत्ता की लालच लोगों के बीच भरा था। आजादी के उस रक्तरंजित दोर में पाकिस्तान में सबसे पहले हिन्दू मां बहनों और बेटियों की अस्मिता को बचाने के लिए सबसे पहले राष्ट्रीय सेवक संघ के कार्यकर्ता ही आगे आए और जिन्ना के गुंडों और उसके सिपाहियों से अपनी जान की बाजी लगाकर जितना हो सकता था उतने हिन्दुओं को बचाने का भरसक प्रयास भी किया था। इतना ही नही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विभाजन की त्रासदी से अपनी ही जमीन से बेदखल किए हुए हिंदुओं की मदद हेतू जगह जगह राहत शिविर खोलकर पाकिस्तान से बेदखल प्रताड़ित किए हुए हिन्दूओ और परिजनों को राहत शिविर में न केवल सुरक्षा दी बल्कि स्वयं सेवको ने बिना सरकार की मदद से अपने दम पर महीनों तक उन हिन्दुओ के भोजन पानी और स्वास्थ की भी व्यवस्था की थी। यह तो देश जानता है कि विभाजन के उस कठिन दौर में कैसे आरएसएस के सेवकों ने पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं को बचाया गया है। आज़ादी के दोर के बहुत से लोगो का मानना हे कि यदि आज़ादी के समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवक हिन्दुओ को बचाने के लिए अपनी जान की बाजी नही लगाते तो जिन्ना के गुंडे और गुंडागर्दी पर उतारू उसकी सेना नफरत की आग में पाकिस्तान से समूची हिन्दू कोम का ही सर्वनाश कर देते। देश की आज़ादी के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भारतीयों में एकजुटता बनी रही इस महान उद्देश्य को लेकर बिना प्रचार-प्रसार के अपने कार्यकर्ताओं के बूते अलख जगाए रखा जिसकी परिणिति यह है कि भारत आज दुनिया की महाशक्तियो को अपने आगे झुकाने वाला देश बन गया है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से

"यात्रा करो और किसी को मत बताओ,
एक सच्ची प्रेम कहानी जियो और
किसी को मत बताओ,
खुशी से जियो और
किसी को मत बताओ,
लोग सुंदर चीजों को बर्बाद कर देते हैं।

– ख़लील जिब्रान

**आज का दोहा**

सधी बीन बजती रही, समझ न पाये राग।
धीरे धीरे डस गया, अहंकार का नाग।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

# शंकराचार्य विवाद : धर्म, राजनीति और न्याय के त्रिकोण में उलझता सत्य

अलग बात



ब्रज भूषण पांडेय

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध हालिया कानूनी कार्रवाई ने धर्म और राजनीति के संगम पर एक बहस छेड़ दी है, जहां तथ्य और भावनाएं आपस में उलझकर एक जटिल समस्या बन गई हैं। इस घटनाक्रम ने एक ओर जहां धार्मिक गुरुओं की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली के बीच संतुलन का सवाल खड़ा किया है, वहीं दूसरी ओर इसने एक महत्वपूर्ण धार्मिक पद की गरिमा को लेकर गंभीर चिंताएँ भी पैदा की हैं। यह मामला केवल एक व्यक्तिगत विवाद नहीं है, बल्कि एक ऐसा दर्पण है जिसमें हमारे लोकतंत्र, न्याय व्यवस्था और धार्मिक आस्थाओं की वास्तविक तस्वीर झलकती है। इसे समझने के लिए न तो एकांगी दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है और न ही भावनाओं को तथ्यों पर हावी होने दिया जा सकता है। एक तरफ यह तर्क दिया जा रहा है कि शंकराचार्य जैसी धार्मिक संस्था का प्रमुख केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक प्रतीक है, और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई को सरकारी तंत्र द्वारा असहमति दबाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। यह आशंका और भी गहरी हो जाती है जब यह सवाल उठता है कि जो सरकार खुद को सनातन धर्म की संरक्षक बताती है, उसके कार्यकाल में एक शंकराचार्य को अदालत का सामना क्यों करना पड़ रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह आवश्यक है कि आलोचना का सम्मान किया जाए और कानून का इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता या असहमति को कुचलने के हथियार के रूप में न हो। यदि ऐसा होता है, तो यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों के लिए भी खतरा पैदा करता है। दूसरी ओर, इस मामले की जटिलता को तब और बल मिलता है जब हम आरोप लगाने वाले की पृष्ठभूमि पर गौर करते हैं। आशुतोष पांडे नामक व्यक्ति, जिस पर गौतस्करी, बलात्कार और उगाही जैसे गंभीर आरोपों के साथ दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, अचानक धर्म के ठेकेदार के रूप में कैसे उभर आता है? एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा लगाए गए आरोपों और दो संदिग्ध हलफनामों के आधार पर सनातन धर्म की सर्वोच्च संस्था पर सवाल उठाना, न्याय और धर्म दोनों की ही अवहेलना प्रतीत होती है। यह पूरा प्रकरण इस बात पर भी सवाल खड़ा करता है कि क्या कानूनी प्रक्रिया का इस्तेमाल किसी व्यक्तिगत प्रतिशोध या आपराधिक साजिश को अंजाम देने के लिए किया जा रहा है? यदि हां, तो यह न्याय व्यवस्था की गंभीर विफलता होगी। हालांकि, किसी भी धार्मिक गुरु को कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता, यह तथ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि किसी के वक्तव्यों या कृत्यों से सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने या कानून व्यवस्था के भंग होने की आशंका हो, तो सरकार और प्रशासन का यह कर्तव्य बनता है कि वह निष्पक्ष होकर कानूनी कदम उठाए। यह जरूरी है कि हम यह जांचें कि क्या यह कार्रवाई कानून के सामान्य अनुपालन का हिस्सा है या फिर इसमें कोई चयनात्मक व्यवहार किया जा रहा है। किसी भी धर्मगुरु का यह दायित्व भी बनता है कि वह अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग करते समय सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह करें, क्योंकि उनके विचारों का समाज के एक बड़े वर्ग पर गहरा प्रभाव पड़ता है। धर्म की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच यही नाजुक संतुलन इस पूरे विवाद के केंद्र में है। अंततः, शंकराचार्य विवाद हमें एक गहरे आत्मचिंतन के लिए बाध्य करता है कि हम एक ऐसे समाज का निर्माण कैसे करें जहाँ धार्मिक आस्थाओं का सम्मान हो, लेकिन साथ ही कानून का शासन भी सर्वोपरि रहे। यह घटनाक्रम भावनात्मक प्रतिक्रियाओं और राजनीतिक लाभ के बजाय तथ्यों और निष्पक्षता पर आधारित होना चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### एक सोच और अमेरिका-रूस समेत 60 से अधिक देश शामिल

# लोस अध्यक्ष ने किया संसदीय मैत्री समूहों का गठन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के देशों के साथ भारत के संसदीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है। यह कदम इस बात का संकेत है कि भारत की संसद विश्व की विभिन्न संसदों के साथ प्रत्यक्ष और नियमित संवाद बढ़ाना चाहती है, ताकि पारंपरिक राजनय के साथ-साथ संसदीय स्तर पर भी मजबूत संबंध बने रहें। इन मैत्री समूहों में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं। वरिष्ठ नेताओं में रवि शंकर प्रसाद, एम. थंबीदुरई, पी. चिदंबरम, राम गोपाल यादव, टी.आर. बालू, काकोली घोष दस्तीदार, गौरव गोगोई, कनिमोझी करुणानिधि, मनीष तिवारी, डेरेक ओ'ब्रायन, अभिषेक बनर्जी, असादुद्दीन ओवैसी, अखिलेश यादव, के.सी. वेणुगोपाल, राजीव प्रताप रूडी, सुप्रिया सुले, संजय सिंह, बैजयंत पांडा, शशि थरूर, निशिकांत दुबे, अनुराग सिंह ठाकुर, भर्तृहरि महताब, डी. पुरंदेश्वरी, संजय कुमार झा, हेमा मालिनी, बिप्लब कुमार देब, सुधांशु त्रिवेदी, जगदंबिका पाल, सस्मित पात्रा, अपराजिता सारंगी, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, पी.वी. मिधुन रेड्डी और प्रफुल्ल पटेल सहित कई अन्य नेता शामिल हैं। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि राष्ट्र हित के मुद्दों पर भारत एक है। लोकसभा की ओर से 60 से अधिक देशों के साथ मैत्री समूह गठित करने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लोकसभा अध्यक्ष की ओर से 60 से अधिक देशों के साथ मैत्री समूह गठित करने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### भारत संसद वैश्विक संवाद से द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी नई मजबूती

जिन देशों के साथ ये मैत्री समूह बनाए गए हैं, उनमें श्रीलंका, जर्मनी, न्यूजीलैंड, स्विट्जरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, भूटान, सऊदी अरब, इजरायल, मालदीव, अमेरिका, रूस, यूरोपीय संसद, दक्षिण कोरिया, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जापान, इटली, ओमान, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर, ब्राजील, वियतनाम, मेक्सिको, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सांसदों को अपने विदेशी समकक्षों से सीधे बात करने का अवसर देना है। वे अपने अनुभव साझा करेंगे, एक-दूसरे से सीख सकेंगे और नियमित संपर्क के जरिए आपसी विश्वास बढ़ाएंगे। इससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी और आपसी समझ बेहतर होगी। इन समूहों के माध्यम से व्यापार, तकनीक, सामाजिक नीतियों, संस्कृति और आज की वैश्विक चुनौतियों जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। लोकसभा सचिवालय ने बयान में कहा कि अध्यक्ष ओम बिरला ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि संसदीय राजनय भारत की वैश्विक पहचान को मजबूत बनाता है। उनके नेतृत्व में संसद ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय भागीदारी की है और भारत को एक आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और परिपक्व लोकतंत्र के रूप में प्रस्तुत किया है, जो संवाद और सहयोग में विश्वास रखता है। संसद से संसद और जनता से जनता के बीच संपर्कबढ़ाने पर जोर देते हुए यह पहल विदेश संबंधों में एक व्यापक और भागीदारी आधारित दृष्टिकोण को दर्शाती है।

### बांग्लादेश की सेना में बड़ा फेरबदल, पीएम रहमान भारत से रक्षा सलाहकार को वापस बुलाया



**बांग्लादेश।** बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 17 फरवरी को अपनी सरकार के ऑफिस संभालने के कुछ ही दिनों बाद देश की मिलिट्री लीडरशिप में बड़े बदलावों को मंज़ूरी दे दी है। इस फेरबदल से बांग्लादेश आर्मी के कई सीनियर पदों पर असर पड़ेगा, जिसमें खास ऑपरेशनल कमांड और देश की टॉप मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंसी शामिल हैं। ढाका ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नए एडमिनिस्ट्रेशन के चार्ज संभालने के तुरंत बाद आर्मी हेडक्वार्टर ने ये बदलाव जारी किए। इस कदम को आम तौर पर नई लीडरशिप की तरफ से आर्म्ड फोर्सेज़ पर अपना कंट्रोल मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मुहम्मद यूनुस की लीडरशिप वाली पिछली सरकार के तहत नियुक्त सीनियर अधिकारियों को बदला है, जिसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटा दिया गया था। सबसे अहम अपॉइंटमेंट्स में लेफ्टिनेंट जनरल एम मैनुर रहमान का अपॉइंटमेंट है, जिन्हें नया चीफ ऑफ जनरल स्टाफ बनाया गया है। इससे पहले वह आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड में जनरल ऑफिसर कमांडिंग के तौर पर काम कर चुके हैं। वह लेफ्टिनेंट जनरल मिजानुर रहमान शमीम की जगह लेंगे, जो हाल ही में रिटायरमेंट लीव पर गए थे। मेजर जनरल कैसर राशिद चौधरी को डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ फोर्सेज़ इंटेलिजेंस का डायरेक्टर जनरल अपॉइंट किया गया है, जो बांग्लादेश की सबसे बड़ी मिलिट्री इंटेलिजेंस बॉडी है।

### यूनुस ने 'मुझे विदेश दौरे पर जाने से रोका बांग्लादेशी राष्ट्रपति का आरोप



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सरकार बनते ही नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के अंतरिम सरकार के शासनकाल की पोल खोल दी है। राष्ट्रपति ने यूनुस पर गंभीर आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने देश के संवैधानिक राष्ट्रपति पद को नजरअंदाज किया। बांग्लादेशी मीडिया कालेर कंठो को दिए इंटरव्यू में यूनुस के शासनकाल को लेकर राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने कहा, "उन डेढ़ सालों में मैं किसी चर्चा में नहीं रहा, फिर भी मेरे खिलाफ तरह-तरह की साजिशें रची जा रही हैं। देश की शांति और व्यवस्था को हमेशा के लिए खत्म करने और संवैधानिक खालीपन पैदा करने की कई कोशिशें हुई हैं। मैं अपने फैसले पर अडिग था। इसीलिए उनकी कोई साजिश कामयाब नहीं हुई। खासकर गैर-संवैधानिक तरीकों से प्रेसिडेंट को हटाने की कई साजिशें नाकाम हो गईं। इसलिए बंगभवन में डेढ़ साल का अनुभव अच्छा नहीं कहा जा सकता।"राष्ट्रपति ने आगे कहा, "आज मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि अंतरिम सरकार ने गैर-संवैधानिक तरीके से एक पुराने चीफ जस्टिस को लाने और मेरी जगह किसी और को लाने की साजिश की है। मुझे इसके बारे में पता चला। सरकार के एक सलाहकार ने जज से संपर्क किया।

### पाकिस्तानी के केपी में क्वाडकॉप्टर हमला तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में अर्धसैनिक बल, फेडरल कॉन्स्टैबुलरी (एफसी) को निशाना बनाकर किए गए एक के बाद एक किए गए दो हमलों में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। मारे गए सुरक्षाकर्मी घायल साथियों को एंबुलेंस में लेकर अस्पताल जा रहे थे तभी उन पर दूसरा हमला किया गया। स्थानीय मीडिया आउटलेट्स ने इसकी जानकारी दी। प्रमुख दैनिक डॉन ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा के करक जिले में ये हमला हुआ। करक पुलिस प्रवक्ता शौकत खान ने अज्ञात हमलावरों को आतंकवादी बताया। उनके मुताबिक कथित आतंकवादियों ने शुरू में दरगाह शहीदान इलाके में फेडरल कांस्टेबुलरी फोर्ट पर क्वाडकॉप्टर से हमला किया। करक जिले के पुलिस अधिकारी सऊद खान ने कहा कि जब घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था, तो गाड़ी पर भी हमला किया गया, जिसमें फेडरल कांस्टेबुलरी के तीन जवान मारे गए। केपी में पिछले एक हफ्ते के दौरान अर्धसैनिक बलों, या सैन्यबलों, को निशाना बनाकर की गई ये तीसरी वारदात है। पिछले हफ्ते ही केपी के बाजौर जिले में एक चेकपोस्ट पर हुए आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे।

### अमेरिका का 'सीमित हमला' भी आक्रामक कार्रवाई मानी जाएगी : ईरान



**तेहरान।** अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने दावा किया है कि वो किसी भी 'सीमित हमले' की कार्रवाई को 'आक्रामक' मानते हुए उसका जवाब जरूर देगा। तेहरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीमित हमले को लेकर दी टिप्पणी के बाद ये बयान दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने तेहरान में नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, "मुझे लगता है लिमिटेड स्ट्राइक (सीमित हमले) जैसा कुछ नहीं होता है। आक्रामक कार्रवाई को आक्रामक ही माना जाएगा, और कोई भी देश अपने बचाव के अंदरूनी अधिकार के तहत रिएक्ट करेगा, इसलिए हम भी वही करेंगे। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि अगर तेहरान यूएस के साथ डील नहीं करता है तो वह एक 'लिमिटेड स्ट्राइक' पर विचार कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि मैं इस पर विचार कर रहा हूं। दोनों देशों ने मंगलवार को स्विट्ज़रलैंड में ओमान की मध्यस्थता में अप्रत्यक्ष बातचीत का दूसरा राउंड पूरा किया। आगे की बातचीत की पुष्टि ईरान और ओमान ने तो की है, लेकिन अमेरिका ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। तीसरे दौर की संभावित बातचीत गुरुवार को हो सकती है। बाकई ने ये भी कहा कि ईरानी सशस्त्र सेना सतर्क है और कूटनीतिक बातचीत के साथ-साथ हर कदम पर नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि जब भी ईरान को लगेगा कि दूसरी तरफ बातचीत को धोखे के टूल के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है, तो वह परिस्थिति के अनुसार काम करेंगे।

## मैक्सिको का 125 करोड़ का ईनामी ड्रग माफिया ढेर

**एजेंसी। मैक्सिको**



दुनिया के सबसे खतरनाक ड्रग लॉर्ड एल मेंचो का अंत। मैक्सिकन सेना ने जलिस्को में एक खूनी मुठभेड़ के बाद इस मोस्ट-वांटेड डॉन को मार गिराया। जैसे ही उसकी मौत की खबर फैली, कार्टेल के सदस्यों ने सात राज्यों में हंगामा किया, गाड़ियां जला दीं और हाईवे जाम कर दिए। US ने उसके सिर पर 1.25 बिलियन डॉलर का इनाम रखा था। मैक्सिको के सबसे बड़े दुश्मन और दुनिया के मोस्ट वॉन्टेड ड्रग किंगपिन नेमेसियो ओसेगुएरा सर्वेंट्स, जिसे दुनिया 'एल मेंचो' के नाम से जानती है, का खात्मा हो गया है। बीबीसी और मैक्सिको के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सेना के एक बड़े ऑपरेशन के दौरान 'एल मेंचो' गंभीर रूप से घायल हो गया था और अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया।

**1.5 करोड़ डॉलर का था इनाम:** इस कार्टेल ने कई बार सुरक्षाबलों और सरकारी अधिकारियों पर हमले किए हैं। इन पर मिलिट्री हेलीकॉप्टर गिराने तक के आरोप हैं। अमेरिका ने उस पर 1.5 करोड़ डॉलर (करीब 125 करोड़ रुपये) का इनाम रखा था।

**कैसे हुआ खात्मा? सेना का 'प्लान्ड' ऑपरेशन :** मैक्सिको के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह ऑपरेशन स्पेशल फोर्सेस, एयरफोर्स और नेशनल गाड्र्स ने मिलकर किया था। जलिस्को राज्य के तापल्पा कस्बे में कार्टेल के गुर्गों और सेना के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इस दौरान CJNG के 4 संदिग्ध सदस्य मारे गए, जबकि 3 सैनिक घायल हुए. झड़प में घायल होने के बाद जब 'एल मेंचो' को एयर लिफ्ट करके मैक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, तभी उसकी मौत हो गई। मौके से रॉकेट लॉन्चर और बख्तरबंद गाड़ियां भी जब्त की गई हैं।

## होली की अनोखी परंपरा, जलती आग पर चलते हैं पुजारी

**एजेंसी। मथुरा**



रंगों के पर्व होली की शुरुआत ब्रज क्षेत्र में फुलेरा दूज के साथ हो चुकी है। फूलों की होली, लठमार या लड्डू की होली, सभी मन मोहते हैं। वहीं, कृष्ण नगरी मथुरा के फालैन गांव में अनोखी परंपरा देखने को मिलती है, जहां के निवासी सदियों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन भक्ति और विश्वास के साथ करते हैं।

मथुरा जिले के फालैन गांव में सदियों पुरानी होलिका दहन की परंपरा आज भी जीवंत है, जो भक्त प्रह्लाद की आस्था और अग्नि परीक्षा की याद दिलाती है। यह गांव 'प्रह्लाद की नगरी' के नाम से जाना जाता है और यहां होलिका दहन केवल अच्छाई की जीत का प्रतीक नहीं, बल्कि अटूट विश्वास, तपस्या और साहस का उदाहरण है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के अनुसार, फालैन गांव का होलिका दहन आस्था का अद्भुत उत्सव है। होलिका दहन से लगभग 45 दिन पहले गांव का पुजारी कठोर व्रत, तप, ब्रह्मचर्य पालन, भूमि-शयन और विशेष अनुष्ठान शुरू करता है। प्रह्लाद मंदिर में रहकर वह दिन में एक बार भोजन करता है और सात्विक जीवन जीता है। इसके बाद होलिका दहन की रात, प्रह्लाद कुंड में स्नान और पूजा के बाद विशाल होलिका प्रज्वलित की जाती है। जब आग प्रचंड रूप ले लेती है और अंगारे दहकने लगते हैं, तब पुजारी नंगे पैर, निडर होकर जलती हुई होलिका के बीच से गुजरता है या दौड़ लगाता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास होता है। यह परंपरा सतयुग से चली आ रही मानी जाती है, जो भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की कहानी से जुड़ी है। होलिका, प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठी, लेकिन प्रह्लाद की आस्था से वह खुद जल गई और प्रह्लाद सुरक्षित रहे।

### 'लाडली बहना' की राशि बढ़ाने के वादे से पीछे हट रही सरकार : कांग्रेस

**भोपाल।** कांग्रेस ने सोमवार को भाजपा के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश सरकार पर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को लेकर निशाना साधा। कांग्रेस का आरोप है कि इस योजना के तहत नए लाभार्थियों के पंजीकरण या वित्तीय सहायता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। कांग्रेस ने सरकार पर उस वक्त निशाना साधा, जब महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान उठाए गए सवालों का लिखित उत्तर दिया। कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार और महेश परमार ने पूछा कि क्या सरकार ने पिछले सप्ताह पेश किए गए पूरक बजट में इस योजना के तहत नए पंजीकरण का प्रस्ताव रखा है, क्या न्यूनतम पात्रता आयु 21 से घटाकर 18 करने की कोई योजना है और क्या मासिक सहायता राशि बढ़ाई जाएगी। लिखित जवाब में भूरिया ने कहा कि लाडली बहना योजना के तहत नए पंजीकरणों के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

## 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के लिए गुणवत्ता बने विकास का मूलमंत्र : गोयल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि अगर भारत को अपने दीर्घकालिक आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करना है, तो गुणवत्ता को विनिर्माण और निर्यात व्यवस्था का मुख्य आधार बनाना होगा। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) द्वारा आयोजित पहले राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट' का विजन अमृत काल में भारत की विकास यात्रा का मार्गदर्शन करना चाहिए और 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा, "भारत केवल उपभोक्ता देश बनकर आगे नहीं बढ़ सकता। देश को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं का वैश्विक निर्माता बनना होगा। 'ब्रांड इंडिया' विश्वसनीयता, भरोसे और उत्कृष्टता का प्रतीक बनना चाहिए।" मंत्री ने कहा कि अगले छह से सात वर्षों में 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य, जिसमें 1 ट्रिलियन डॉलर वस्तुओं का और 1 ट्रिलियन डॉलर सेवाओं का निर्यात शामिल है, को हासिल करने के लिए भारतीय उत्पादों को वैश्विक मानकों पर खरा उतरना होगा।



गोयल ने बताया कि पिछले तीन से साढ़े तीन वर्षों में भारत ने 38 विकसित देशों के साथ नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, जो वैश्विक जीडीपी और व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से को कवर करते हैं। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर और दवा उद्योग जैसे क्षेत्रों में नए अवसर खुलते हैं, लेकिन इन बाजारों का पूरा लाभ उठाने के लिए भारतीय कंपनियों को लगातार उच्च गुणवत्ता बनाए रखनी होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि श्रम-प्रधान क्षेत्रों में क्षमता होने के बावजूद वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी अभी भी सीमित है। गोयल ने उद्योग जगत से अपील की कि वे बेहतर बाजार पहुंच का लाभ उठाएं और यह सुनिश्चित करें कि भारत में बिकने वाले उत्पादों की गुणवत्ता निर्यात किए जाने वाले उत्पादों के समान हो। उन्होंने कहा कि पहले ऐसा समय था जब उपभोक्ता 'एक्सपोर्ट क्वालिटी' उत्पाद मांगते थे।

### कौन होगा इंडिया ब्लॉक का नेता?

# मणि शंकर अय्यर ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर उठाए गंभीर सवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए उनसे इंडिया ब्लॉक के नेता पद से इस्तीफा देने का आग्रह किया है। अय्यर ने ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, एम.के. स्टालिन और तेजस्वी यादव सहित कई प्रमुख विपक्षी नेताओं के नाम गांधी के बाद यह भूमिका संभालने के संभावित उम्मीदवारों के रूप में सुझाए। कांग्रेस पार्टी की हालिया चुनावी हार का जिक्र करते हुए उन्होंने जोर दिया कि ये नेता गठबंधन को मजबूत करने और सुदृढ़ बनाने के लिए अधिक समय दे सकते हैं। अय्यर ने कहा कि हम इतने अक्षम थे कि हमने ममता बनर्जी को दूर रखा, और इसी वजह से कांग्रेस कमजोर हुई। मुझे उम्मीद है कि राहुल गांधी इस पद को अपने पास रखने की कोशिश करने के बजाय क्षेत्रीय पार्टी नेताओं—चाहे वह स्टालिन हों, ममता दीदी हों, अखिलेश हों, तेजस्वी हों या कोई और—को कमान संभालने देंगे। शायद वे ज्यादा समय दे पाएंगे। उनके इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने कहा कि केवल राहुल गांधी ही इंडिया ब्लॉक का प्रभावी नेतृत्व कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केवल राहुल गांधी ही भाजपा को टक्कर दे सकते हैं। यह पहली बार नहीं है जब मणि शंकर अय्यर ने कांग्रेस के प्रति आलोचनात्मक रुख अपनाया है। इससे पहले भी उन्होंने कहा था कि पिनारयी विजयन केरल के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका बरकरार रखने के लिए पूरी तरह से योग्य हैं। उनकी ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब कांग्रेस राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है। अय्यर ने यह टिप्पणी 'विजन 2031: विकास और लोकतंत्र' शीर्षक वाले अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोलते हुए की, जिसका उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन ने किया। उन्होंने विजयन की प्रशंसा की और सुझाव दिया कि पंचायती राज व्यवस्था में केरल की स्थिति को मजबूत करने के लिए संशोधन किए जाने चाहिए।

### इंडिया गठबंधन में खींचतान राहुल की लीडरशिप पर भरोसा नहीं : तुहिन सिन्हा



**मुंबई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर के राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाए जाने और इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को सौंपने की बात कहे जाने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। इस मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस और पूरे विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दलों के भीतर ही नेतृत्व को लेकर खींचतान इस बात का प्रमाण है कि राहुल गांधी की लीडरशिप पर भरोसा नहीं बचा है। तुहिन सिन्हा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "टीएमसी की ओर से मांग उठ रही है कि 2029 में ममता बनर्जी विपक्ष का नेतृत्व करें। डीएमके चाहती है कि एमके स्टालिन विपक्ष की कमान संभालें। कुछ अन्य नेताओं का मानना है।

### मणिशंकर अय्यर डेड इंडी अलायंस को जिंदा करना चाहते हैं: शाहनवाज हुसैन



**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक गठबंधन का लीडर बताए जाने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मणिशंकर अय्यर डेड इंडी अलायंस को जिंदा करना चाहते हैं। अच्छा होगा वे ही लीडर बन जाए। आईएएनएस से बातचीत में भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ममता बनर्जी से ज्यादा सक्षम मणिशंकर अय्यर ही हैं, क्योंकि वे उनसे ज्यादा पढ़े-लिखे हैं। वे आईएफएस रहे हैं बहुत दिनों तक संसद में रहे हैं और कांग्रेस व इंडिया एलाइंस को भी जरूरत है, तो अगर मणिशंकर अय्यर को इंडिया एलाइंस का चीफ बनाया जाए, तो ज्यादा अच्छा होगा। उनका नाम कोई ले नहीं रहा है, इसलिए हमने ले दिया। इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडिया अलायंस नाम की कोई वस्तु धरती पर है ही नहीं।

## एक नजर

### एलओसी पर पाकिस्तानी गिरा रहा है 5,000 रुपए के नोटों भरे गुब्बारे



**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर पुलिस ने बताया कि सोमवार को जम्मू के पास अखनूर सेक्टर में लाइन ऑफ़ कंट्रोल (एलओसी) के पास दो गुब्बारे मिले, जिन पर पाकिस्तान का 5,000 रुपये का नोट और एक यूएस डॉलर लगा हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, हवाई जहाज़ के आकार के सफेद और लाल गुब्बारे खौर बॉर्डर बेल्ट के पास गुनारा गांव में एक पेड़ में उलझे हुए मिले।

**गुब्बारों पर पाकिस्तानी मोबाइल नंबर और QR कोड लिखा था**
उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि गुब्बारों पर पाकिस्तानी मोबाइल नंबर और QR कोड लिखा था और ये पाकिस्तान की तरफ से इंटरनेशनल बॉर्डर पार करके आए हैं। सिक्योरिटी एजेंसियों ने गुब्बारों के पीछे का मकसद पता लगाने और यह वेरिफ़ाई करने के लिए जांच शुरू कर दी है कि उनके पास मिली करेंसी असली है या नकली। जम्मू और कश्मीर पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि अभी और जानकारी का इंतज़ार है। हालांकि बॉर्डर इलाकों में पाकिस्तान से गुब्बारों का आना आम बात है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि यह पहली बार है जब उनमें विदेशी करेंसी के नोट लगे हुए मिले हैं।

### सैम पित्रोदा ने आईटी सेक्टर में गिनाई भारत की 'नाकामियां



**नई दिल्ली।** इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की ओर से किया गया शर्टलैस प्रदर्शन अभी चर्चा में बना ही हुआ था कि कांग्रेस की ओर से एक और विवाद खड़ा कर दिया गया है। हम आपको बता दें कि अक्सर विवादित बयान देकर सुर्खियों में रहने वाले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने कहा है कि भारत ने आईटी क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवा प्रतिभाएं तो तैयार कीं, लेकिन देश स्वयं उनका लाभ नहीं उठा सका। इस बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर भारत को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। हम आपको बता दें कि एक यूट्यूब चैनल को दिए गए साक्षात्कार में सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत में युवा प्रतिभा तो बहुत है, लेकिन वह कच्ची है। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर उद्योग में भारत ने बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली युवाओं को तैयार किया, परंतु इसका लाभ बहुराष्ट्रीय कंपनियों को मिला। उन्होंने कहा कि हमने बहुत सारा टैलेंट बनाया, लेकिन अंततः इससे दुनिया भर की मल्टीनेशनल कंपनियों को फायदा हुआ। प्रोग्रामिंग, बैंकिंग, कानूनी तंत्र, उद्योग, मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स में भारतीय प्रतिभा ने योगदान दिया, पर देश खुद उस स्तर की वैश्विक कंपनी या उत्पाद खड़ा नहीं कर सका।

### जेएनयू प्रशासन को ध्यान देना चाहिए छात्रों के बीच टकराव न हो : नीरज कुमार



**पटना।** जदयू नेता नीरज कुमार ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में दो गुटों के बीच हुई झड़प पर कहा कि प्रशासन को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस तरह की घटना न हो और छात्रों के बीच टकराव पैदा न हो। पटना में जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी हमारी विरासत है, और अगर इस विरासत में पॉलिटिकल झगड़े आते हैं तो यह बुरा है। आपसी समझ का माहौल ईमानदारी से बनाए रखना चाहिए। आइडियोलॉजिकल मतभेद हो सकते हैं, लेकिन झगड़े नहीं होने चाहिए। जेएनयू एडमिनिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी है, और उन्हें कंट्रोल करना चाहिए। महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा को लेकर नीरज कुमार ने कहा कि जहां डेमोक्रेटिक मूल्यों की रक्षा नहीं की जाती है, और नीतियां धर्म के आधार पर चलाई जाती हैं, वहां सिर्फ अन्याय ही दिखेगा। धर्म के बहाने महिलाओं के साथ होने वाला बुरा बर्ताव पूरी तरह से नामंजूर है। यह महिला सशक्तिकरण का नया दौर है, और कोई भी धर्म बेटियों का अपमान करने, उन्हें शिक्षा से दूर रखने, या उनके साथ भेदभाव करने की इजाजत नहीं देता।

### केरल : अब भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने को तैयार हैं पद्मजा वेणुगोपाल



**त्रिशूर।** 66 वर्षीय पद्मजा वेणुगोपाल चौथी बार चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। यह पहली बार है जब वह कांग्रेस के अलावा किसी अन्य राजनीतिक दल के बैनर तले चुनाव लड़ने जा रही हैं। पहले तीन बार कांग्रेस की उम्मीदवार रह चुकीं पद्मजा अब भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह उनके राजनीतिक करियर में एक निर्णायक बदलाव है, जो उनकी विरासत और बार-बार मिली चुनावी हार दोनों से आकारित हुआ है। करुणाकरण चार बार मुख्यमंत्री रहे और कभी केरल की राजनीति पर अपना दबदबा रखते थे। वे राज्य के इतिहास में सबसे प्रभावशाली कांग्रेस नेताओं में से एक रहे हैं। अपने राजनीतिक उत्कर्ष के दौरान, करुणाकरण ने अपने बेटे के. मुरलीधरन को सफलतापूर्वक सक्रिय राजनीति में उतारा और कांग्रेस संगठन के भीतर परिवार की राजनीतिक स्थिति को मजबूत किया।

### असम : गांधी परिवार ने 7 महीने तक नहीं दिया था मिलने का समय : भूपेन बोरा



**गुवाहाटी।** कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए दिग्गज नेता भूपेन बोरा ने गांधी परिवार पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाए कि कांग्रेस में कई साल बिताने के बावजूद 7 महीने तक गांधी परिवार ने उन्हें मिलने का समय नहीं दिया। इसी बीच, उन्होंने भाजपा आलाकमान की सराहना की। भूपेन बोरा ने कहा, "कांग्रेस में कई साल बिताने के बावजूद, उन्हें सात महीने तक गांधी परिवार, यानी सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी या कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मिलने का समय नहीं मिल पाया।" इसके उलट, उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उनसे पांच मिनट के अंदर मिले। भूपेन बोरा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "मैंने सात महीने तक इंतजार किया, लेकिन गांधी परिवार से मिलने का समय नहीं मिला। लेकिन अमित शाह मुझसे पांच मिनट के अंदर मिले। इससे ही दोनों पार्टियों के बीच का अंतर पता चलता है।"उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता गौरव गोगोई को उनके घर आने में नौ महीने लग गए।

### कांग्रेस के अंदर खानदानी समस्या, देश की जनता इलाज करेगी : सुधांशु त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि समिट में एक तरफ हमारी युवा शक्ति की शैक्षिक क्षमता का बहुत उच्च कोटि का प्रदर्शन हुआ, तो वहीं कांग्रेस की निम्नता और नग्नता का कुटिल प्रदर्शन देखने को मिला। उन्होंने कहा कि अभी तक पूरा देश इस विषय को लेकर आक्रोशित है और अब कांग्रेस पार्टी के गठबंधन सहयोगियों की ओर से भी इस पर आपत्ति जताई गई है। अब कांग्रेस पार्टी के अंदर से भी यह स्वर गूंजने लगा है कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में गरिमापूर्ण आचरण की अपेक्षा होती है। ऐसे आयोजनों में इस प्रकार का हल्का, छिछोरा और नग्न आचरण करना निहायत निंदनीय है।

# आज से वडोदरा में 72वीं सीनियर नेशनल मेंस कबड्डी चैंपियनशिप की शुरुआत

**एजेंसी। नई दिल्ली**




वडोदरा के समा इंडोर कॉम्प्लेक्स में 24 से 27 फरवरी के बीच 72वीं सीनियर नेशनल मेंस कबड्डी चैंपियनशिप 2026 का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में भारत से 31 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसमें करीब 400 खिलाड़ी खिताब के लिए कड़ा मुकाबला करेंगे।

एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) की तरफ से आयोजित इस टूर्नामेंट में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण देखने को मिलेगा। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रमुख खिलाड़ियों में पीकेएल सीजन 12 के शीर्ष 3 रेडर शामिल हैं। इनमें अयान लोहचब, देवांक दलाल और भरत हुड्डा भी हैं। पिछले सीजन में दबंग दिल्ली को जीत दिलाने वाले आशु मलिक अब रेलवे की ओर से खेलेंगे। इस बीच, अर्जुन देशवाल उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। इस टूर्नामेंट में तमिलनाडु के दीपक शंकर जैसे उभरते हुए टैलेंट दिखाई देंगे, जिन्होंने बेंगलुरु बुल्स के लिए 64 टैकल प्वाइंट्स हासिल किए थे और पीकेएल 12 में उन्हें सीजन का 'न्यू यंग प्लेयर' चुना गया। महाराष्ट्र की तरफ से पुणेरी पलटन के रेडर आदित्य शिंदे शामिल हैं, जिन्होंने पांच सुपर रेड के साथ 159 रेड प्वाइंट्स हासिल किए। हरियाणा के डिफेंडर नितेश कुमार भी हिमाचल प्रदेश के होनहार खिलाड़ी अनिल और मध्य प्रदेश के उदय परते के साथ मुकाबला करेंगे। डिफेंडिंग चैंपियन सर्विसेज के खेमे में देवांक दलाल, नवीन कुमार, भरत हुड्डा, अंकित जगलान और जयदीप दहिया जैसे स्टार खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ियों के बूते टीम आगामी टूर्नामेंट में अपना टाइटल डिफेंड करने का लक्ष्य रखेगी। रेलवे, हरियाणा और महाराष्ट्र, जिनमें से हर एक के पास मजबूत टीमें हैं, उनसे कड़े मुकाबले की उम्मीद है, जिससे यह एक बहुत ही कॉम्पिटिटिव इवेंट होने की उम्मीद है।



## वेस्टइंडीज के सामने टिक भी नहीं पाए जिम्बाब्वे के लड़ाके

# 107 रनों से हारी जिम्बाब्वे की टीम

**एजेंसी। मुंबई**

श्रीलंका की परिस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को हराने वाले जिम्बाब्वे को भारत में आते ही टी20 विश्व कप में करारी हार मिली है। सुपर-8 के अपने पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे का सामना वेस्टइंडीज से हुआ। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने मैच को 107 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम किया। यह इस टी20 विश्व कप की रनों से सबसे बड़ी जीत भी है। पहले खेलते हुए वेस्टइंडीज ने 6 विकेट पर 254 रन बनाए। यह टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। जिम्बाब्वे की पारी सिर्फ 147 रनों पर ही सिमट गई।

जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। कैरेबियाई टीम की शुरुआत खराब रही। ब्रेंडन किंग 12 गेंदों पर सिर्फ 9 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान शाई होप ने 12 गेंदें में 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल ने मोर्चा संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 122 जोड़े। हेटमायर शुरुआत से ही ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग करते हुए नजर आए। उन्होंने महज 19 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। हेटमायर ने 34 गेंदों पर 7 चौके और इतने ही छक्कों की मदद से 85 रनों की पारी खेली। उन्हें दो जीवनदान भी मिले।

रोवमैन पॉवेल ने फिफ्टी तक पहुंचने के लिए 29 गेंदें खेलीं। पॉवेल ने 35 गेंदों का सामना करते हुए 59 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में कैरेबियाई बल्लेबाज ने चार चौके और 4 छक्के लगाए। रोमारियो शेफर्ड ने सिर्फ 10 गेंदों में 21 रन बनाए, जबकि जेसन होल्डर ने 4 गेंदों में 13 रनों का योगदान दिया। रदरफोर्ड ने महज 13 गेंदों का सामना करते हुए 3 चौके और 2 सिक्स की मदद से नाबाद 31 रन बनाए। गेंदबाजी में जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी ने सर्वाधिक 2 विकेट चटकाए।



**जिम्बाब्वे :** ब्रायन बेनेट, तदिवानाशे मारुमानी (विकेटकीपर), डियोन मायर्स, सिकंदर रजा (कप्तान), रयान बर्ल, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकीवा, ब्रैड इवांस, ग्रीम क्रेमर, रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजराबानी
**वेस्टइंडीज :** ब्रैंडन किंग, शाई होप (विकेटकीपर), शिमरॉन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्ड, अकील होसेन, गुडाकेश मोटी, शमर जोसेफ

## बेंगलुरु में इंडियन विमेंस हॉकी टीम का नेशनल कैंप

# सीनियर्स से मिल रहा जूनियर्स को मार्गदर्शन



**एजेंसी। बेंगलुरु**

इंडियन विमेंस हॉकी टीम बेंगलुरु में नेशनल कैंप में अपनी कड़ी ट्रेनिंग जारी रखे हुए है। फोकस स्किल बढ़ाने और टैक्टिकल डिसिप्लिन पर जोर बना हुआ है। चीफ कोच शोर्ड मारिन और साइंटिफिक एडवाइजर वेन लोम्बार्ड के मार्गदर्शन में 18 वर्षीय मिडफील्डर साक्षी राणा इस मौके का इस्तेमाल अपने खेल को बेहतर बनाने में कर रही है।

साक्षी ने पिछले साल स्पेन के खिलाफ गोल करके सीनियर स्तर पर यादगार डेब्यू किया था। भारतीय कैंप में रोजाना ग्रोथ और फिजिकल कंडीशनिंग के लिए एक बेहतरीन माहौल है।

कैंप के माहौल के बारे में साक्षी ने बताया, "जिन चीजों में हमारी कमी है, वे हमें उन पर दिन-प्रति-दिन काम करने के लिए मजबूर कर रही हैं। वेन सर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि कितनी ताकत और फिटनेस की जरूरत है। हमें रिकवरी की अहमियत सिखा रहे हैं। जहां तक स्ट्रक्चर की बात है, वे सब कुछ धीरे-धीरे और साफ-साफ समझा रहे हैं। सीनियर खिलाड़ी भी हम जूनियर खिलाड़ियों को लगातार अपना बेस्ट देने के लिए मोटिवेट कर रहे हैं।"

अपने करियर की शुरुआत में मिडफील्ड में खेलने वाली साक्षी का नैचुरली तेज, अटैकिंग खेलने का स्टाइल शुरू में सोनीपत में प्रीतम सिवाच एकेडमी में कोच कुलदीप के अंडर डेवलप हुआ था। अब, सीनियर सेटअप में, कोचिंग स्टाफ उन्हें उस नैचुरल स्पीड को टैक्टिकल अवेयरनेस के साथ बैलेंस करने में मदद कर रहा है।

साक्षी ने बताया, "मीटिंग में, कोच ने मुझसे कहा कि मैं जो कर रही हूं, वही करती रहूं। हालांकि, उन्होंने मेरी प्री-स्कैनिंग और ऑन-फील्ड कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने की जरूरत पर जोर दिया, क्योंकि मैं सेंटर में खेलती हूं। टीम मीटिंग में, हम स्ट्रक्चर पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। बॉल को कैसे पकड़ना है और कब पास करना है, यह जानना, चकमा देने के बजाय, क्योंकि इंटरनेशनल लेवल पर दबाव बहुत जल्दी आ जाता है।" हॉकी इंडिया लीग में उनके हालिया समय से भी उनकी तैयारी को बहुत फायदा हुआ है।

## जिंदल पोलो एस्टेट कप 24 फरवरी से, नोएडा करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली।** जिंदल पोलो एस्टेट कप (चार गोल) प्रतियोगिता का आयोजन 24 फरवरी से 01 मार्च तक नोएडा स्थित जिंदल पोलो एस्टेट मैदान में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता देश के उभरते और अनुभवी पोलो खिलाड़ियों को एक मंच पर लाएगी, जहां पूरे सप्ताह तेज़ रफ्तार और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। इस प्रतियोगिता में सात टीमें डायनामोज, यंगस्टर्स, मेफेयर पोलो, ट्रोजन्स, जिंदल पैंथर, टीम एक्स और मैलेट मास्टर्स भाग लेंगी, जो समूह चरण और नॉकआउट चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। सभी टीमें चार गोल हैंडीकैप प्रारूप में अपने-अपने खिलाड़ी उतारेंगी। यह आयोजन देश में पोलो खेल की बढ़ती गहराई और प्रतिभा को प्रदर्शित करेगा। विशेष आकर्षण के रूप में नवीन जिंदल स्वयं जिंदल पैंथर टीम की ओर से मैदान में उतरेंगे, जो खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। प्रतियोगिता में कई प्रमुख खिलाड़ी भी भाग लेंगे, जिनमें सिमरन शेरगिल (चार गोल) और शमशीर अली (चार गोल) सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी हैं। इनके अलावा सिद्धांत शर्मा (तीन गोल), हुर्र अली (तीन गोल) और नवीन सिंह (तीन गोल) जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों के लिए रणनीतिक कौशल और मैच जिताने की क्षमता लेकर मैदान में उतरेंगे। टीमों को दो समूहों में विभाजित किया गया है। समूह 'क' में डायनामोज, यंगस्टर्स, मेफेयर पोलो और ट्रोजन्स शामिल हैं, जबकि समूह 'ख' में जिंदल पैंथर, टीम एक्स और मैलेट मास्टर्स को रखा गया है। प्रत्येक जीत पर दो अंक दिए जाएंगे।

## खेले जाएंगे 3 वनडे और इतने ही टेस्ट

# साउथ अफ्रीका का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**




ऑस्ट्रेलियाई टीम इस वर्ष सितंबर- अक्टूबर के बीच साउथ अफ्रीका का दौरा करेगी। इस दौरान 3 वनडे और इतने ही टेस्ट मुकाबलों की सीरीज खेली जाएगी। ऐसे में यह बॉल-टैंपरिंग प्रकरण के बाद ऑस्ट्रेलिया का पहला साउथ अफ्रीकी दौरा होगा। यह बदनाम टेस्ट मैच साल 2018 में केपटाउन में खेला गया था।

क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने 2026-27 सीजन के लिए अपना इंटरनेशनल शेड्यूल जारी किया है। ऑस्ट्रेलिया का यह टूर सितंबर में तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज से शुरू होगा। इस सीरीज का पहला मैच 24 सितंबर को डरबन में खेला जाएगा। इसके बाद 27 सितंबर को जोहान्सबर्ग दूसरे मैच की मेजबानी करेगा। सीरीज का अंतिम मुकाबला 30 सितंबर को पोटचेफस्ट्रूम में आयोजित होगा।

पोटचेफस्ट्रूम में एक वार्म-अप मैच भी इस टूर का हिस्सा है। ऑस्ट्रेलिया के साउथ अफ्रीका जाने से पहले पड़ोसी देश जिम्बाब्वे में लिमिटेड ओवर के मैच खेलने की भी उम्मीद है। इसके बाद डरबन में 9-13 अक्टूबर के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच आयोजित होगा। दूसरा मुकाबला 18-22 अक्टूबर को गकेबरहा में खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा मैच 27-31 अक्टूबर के बीच केपटाउन में होगा। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम के कई सदस्य, जो 2018 के टूरिंग ग्रुप का हिस्सा थे। इनमें कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और जोश हेजलवुड शामिल हैं। डेविड वार्नर, जिन पर स्मिथ के साथ 2018 की घटना में शामिल होने के लिए 12 महीने का बैन लगा था, इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं। हालांकि, कैमरून बैनक्रॉफ्ट, जिन पर 9 महीने का सस्पेंशन लगा था, उनके खेलने की संभावना नहीं है।

# सितंबर से जनवरी के बीच इन 3 देशों की मेजबानी करेगा साउथ अफ्रीका

**एजेंसी। नई दिल्ली**



क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने सितंबर 2026 से जनवरी 2027 के बीच पुरुष क्रिकेट टीम के शेड्यूल का ऐलान किया है। इस बीच साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलियाई टीम की मेजबानी करने के बाद बांग्लादेश और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज खेलेगा।

साउथ अफ्रीकी टीम 24-30 सितंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अपने घर में तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलेगी। इसके बाद 9-31 अक्टूबर के बीच दोनों देश तीन टेस्ट मुकाबले खेलेंगे। मौजूदा आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियंस इसके बाद 9 अक्टूबर से डरबन में शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में अपने टाइटल डिफेंस को जारी रखेंगे। गकेबरहा (18-22 अक्टूबर) और न्यूलैंड्स (27-31 अक्टूबर) क्रमशः बाकी दो गेम होस्ट करेंगे।

इसके बाद साउथ अफ्रीकी टीम 15-27 नवंबर के बीच बांग्लादेश के विरुद्ध दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज खेलेगी, जिसके बाद 1-7 दिसंबर के बीच तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। साउथ अफ्रीका इस टीम के खिलाफ 10-13 दिसंबर के बीच तीन टी20 मुकाबलों की सीरीज की मेजबानी भी करेगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# प्रोप्राइटरी ट्रेडर्स और ब्रोकर लोन नियमों में बदलाव की कोई योजना नहीं : आरबीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने साफ कर दिया है कि हाल ही में जारी किए गए उन नियमों में बदलाव की कोई योजना नहीं है जो बैंकों द्वारा प्रोप्राइटरी ट्रेडर्स और ब्रोकरों को दिए जाने वाले कर्ज से जुड़े हैं। यह जानकारी सोमवार को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दी। इस महीने की शुरुआत में जारी नए नियमों के तहत आरबीआई ने ब्रोकरों को दी जाने वाली बैंक गारंटी के लिए कोलेटरल (गिरवी) की शर्तें कड़ी कर दी हैं। साथ ही, बैंकों को प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग के लिए ब्रोकरों को कर्ज देने से रोक दिया गया है। ये नए नियम 1 अप्रैल से लागू होंगे। इन नियमों के बाद पिछले सप्ताह ब्रोकरेज कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई। बाजार में यह चिंता जताई जा रही है कि नए नियमों से ब्रोकरों के मुनाफे पर असर पड़ेगा और ट्रेडिंग वॉल्यूम भी घट सकता है। ब्रोकरों ने इन नियमों की समीक्षा की मांग करते हुए बाजार नियामक को एक पत्र भी भेजा है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बोर्ड बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ये नियम व्यापक परामर्श के बाद अंतिम रूप दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा, "इन नियमों में किसी बदलाव पर विचार नहीं किया जा रहा है।"गवर्नर ने यह भी बताया कि आरबीआई ने भारत के महंगाई लक्ष्य (इन्फ्लेशन टार्गेटिंग) ढांचे को लेकर अपनी सिफारिशें सरकार को भेज दी हैं। यह समीक्षा मार्च के अंत तक होनी है। हालांकि उन्होंने सिफारिशों का विवरण साझा नहीं किया। भारत में आरबीआई को खुदरा महंगाई दर 4 प्रतिशत पर बनाए रखने का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें 2 प्रतिशत से 6 प्रतिशत तक का दायरा तय है।

# बैंक मिस-सेलिंग बंद करें, अपने मूल काम पर दें ध्यान: वित्त मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को बैंकों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि उन्हें अपने मूल काम पर



ध्यान देना चाहिए, न कि ग्राहकों को जबरन बीमा जैसे उत्पाद बेचने (मिस-सेलिंग) में समय लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिस-सेलिंग एक अपराध है और इसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बजट के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल के साथ बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री ने कहा कि वह लगातार मिस-सेलिंग के मुद्दे को उठाती रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई ग्राहक घर के लिए लोन लेने आता है और उसके पास पर्याप्त गारंटी (कोलेटरल) है, तो उसे अतिरिक्त बीमा पॉलिसी लेने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि उन्हें खुशी है कि आरबीआई ने बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मिस-सेलिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैंकों को अपना मुनाफा लोन देने और जमा जुटाने जैसे मुख्य कार्यों से कमाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि बैंकों को चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) जमा बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने बताया कि पहले जब बैंक अतिरिक्त धन की मांग लेकर आए थे, तब उन्होंने साफ कहा था कि बैंकों को सीधे पैसा देने के बजाय सीएएसए के माध्यम से संसाधन जुटाने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# एआई समिट से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में भारत की स्थिति मजबूत हुई : निमित चौधरी

- **आयोजन का श्रेय नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा— भारत एआई में बड़ा खिलाड़ी बनकर उभरेगा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोटा में राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर निमित चौधरी ने सोमवार को कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में भारत की स्थिति मजबूत हुई और एक बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित होने में देश को मदद मिली है। इस समिट को सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में चौधरी ने कहा कि भारत आने वाले समय में एआई में लीड करेगा और एक बड़े खिलाड़ी के रूप में उभरेगा। उन्होंने आगे कहा कि एआई के लिए बड़ी मात्रा में इन्फ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता होगी।

ऐसे में इस तरह का आयोजन होना, दिखाता है कि सरकार एआई के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। चौधरी ने समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन पर काफी दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह जगह राजनीति की नहीं थी। यहां भारत की क्षमता को दिखाया जा रहा था और देश अपनेआप को एआई में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहा था। इस समय पर कोई भी ऐसी चीज करना, जो कि उत्पादकता के लिए सही नहीं हो, काफी खराब आईडिया है। मुझे लगता है कि ऐसा नहीं होना चाहिए।




### एआई मानव इतिहास का परिवर्तनकारी क्षण : मोदी

समिट में अपने मुख्य संबोधन में पीएम मोदी ने एआई को मानव इतिहास का परिवर्तनकारी क्षण बताया था और यह कहा था कि यह मानव सामर्थ्य को कई गुना बढ़ाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि एआई दुनिया के बड़े टेक्नोलॉजी बदलाव की तरह है। बस इसमें फर्क यह है कि पहले की तरह नई टेक्नोलॉजी आने में दशकों का समय नहीं लग रहा है, बल्कि यह बदलाव काफी तेज हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज मशीन लर्निंग से लर्निंग मशीन तक का सफर तेज भी है, गहरा भी है और व्यापक भी है। हमें विजन भी बड़ा रखना है और जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी निभानी है। इस समिट का मूल उद्देश्य एआई को मशीन केंद्रित से मानव केंद्रित और संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने पर है।

### वित्त वर्ष 2026 की पहली तीन तिमाहियों में इंडिया पोस्ट की आय 8.8 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय डाक विभाग (इंडिया पोस्ट) ने सोमवार को अपनी आय बढ़ाने, कामकाज को अधिक कुशल बनाने और जमीनी स्तर पर नेटवर्क मजबूत करने के लिए एक व्यापक रोडमैप पेश किया। विभाग ने बताया कि वित्त वर्ष 2025–26 की पहली तीन तिमाहियों में उसकी कुल आय में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में अधिक है। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में पहली तीन तिमाहियों में डाक विभाग का कुल राजस्व 9,385 करोड़ रुपए था, जो वित्त वर्ष 2026 की समान अवधि में बढ़कर 10,211 करोड़ रुपए हो गया। पार्सल सेगमेंट में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह बढ़ोतरी उत्पादों के पुनर्गठन, बेहतर लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स हब वाले शहरों में विशेष रणनीति के कारण संभव हुई।


# भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ हरे निशान में बंद



**मुंबई।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ। इस दौरान घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 0.58 प्रतिशत यानी 479.95 अंकों की बढ़त के साथ 83,294.66 पर बंद हुआ, तो वहीं निफ्टी 0.55 प्रतिशत यानी 141.75 अंक बढ़कर 25,713 पर बंद हुआ। सोमवार को घरेलू बाजार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। निफ्टी मिडकैप 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि एनएसई स्मॉलकैप 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। सेक्टरवार देखें तो, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी मिडस्मॉल हेल्थकेयर शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिनमें क्रमशः 1.36 प्रतिशत और 1.03 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी आईटी सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाला इंडेक्स रहा, इसके बाद निफ्टी केमिकल्स इंडेक्स का स्थान रहा। सेंसेक्स पैक में, अदाणी पोर्ट्स, कोटक बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली और ये टॉप गेनर्स की लिस्ट में शामिल रहे। वहीं, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, ट्रेंट, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व और आईटीसी के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। इस तरह, भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त देखने को मिली। पीएसयू बैंक और हेल्थकेयर शेयरों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पारस्परिक टैरिफ नीति को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध ठहराए जाने के बाद वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों ने भी घरेलू बाजार को मजबूती दी।

# पलामू में 64.1 प्रतिशत हुआ मतदान

नवीन मेल संवाददाता




**पलामू।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 सोमवार को पलामू जिले में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। निर्धारित समय शाम 5 बजे तक 64.1 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले में सबसे अधिक पांच नगर निकायों के लिए वोट डाले गए। मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर पर्षद, हुसैनाबाद, हरिहरगंज और छतरपुर नगर पंचायत के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से शुरू है। मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह का माहौल रहा। वे अपने फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र दिखाकर मतदान करते हुए नजर आए। छतरपुर में सबसे अधिक 68.45, मेदिनीनगर में सबसे कम 58.46, विश्रामपुर में 67.85, हरिहरगंज में 65.24 और हुसैनाबाद में 60.03 प्रतिशत मतदान हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त समीरा एस. एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर शाम 6 बजे सभी मतदाताओं, टीम में शामिल पदाधिकारियों का आभार जताया है एवं बेहतर टीम वर्क बताया है। कहा कि सभी के सहयोग से ही लोकतंत्र के महापर्व का सुखद समापन किया गया। सभी मतपेटियों को सुरक्षित वज्रगृह लाया गया एवं सील कर सुरक्षित रख दिया गया है। 27 फरवरी को मतगणना होगी। जिले में 246 मतदान केंद्रों पर वोटिंग हुई। 231970 में से 1 लाख 48 हजार 692 मतदाताओं ने हिस्सा लिया। मेदिनीनगर नगर निगम में महापौर पद के लिए 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। इसी तरह विश्रामपुर नगर परिषद अध्यक्ष पद के 21, हुसैनाबाद अध्यक्ष पद के 7, छतरपुर अध्यक्ष पद के 24, हरिहरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद के 10 उम्मीदवारों व पार्षद पद सहित कुल 724 उम्मीदवारों की किस्तम बैलेट बाक्स में बंद हो गई है। मतदाताओं ने पांच सालों के लिए अपने क्षेत्र का प्रतिनिधि चुना है। मेदिनीनगर नगर निगम में मेयर पद के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवार निवर्तमान महापौर अरूणा शंकर, झामुमो की पूनम सिंह, कांग्रेस की नम्रता त्रिपाठी एवं भाजपा की बागी श्रीमती रिंकू सिंह मुख्य मुकाबले में हैं, लेकिन यहां त्रिकोणीय चुनाव के आसार लगते हैं। विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीवी, भाजपा समर्थित उम्मीदवार चंपा शुक्ला एवं सुलेखा प्रिया के बीच मुकाबला है। छतरपुर में अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन, भरत प्रसाद, अली अंसारी एवं भाजपा समर्थित उम्मीदवार कैलाश सिंह मुख्य मुकाबले में हैं। हुसैनबाद नगर पंचायत में निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, प्रथम अध्यक्ष उषा देवी एवं द्वितीय अध्यक्ष रहे रामेश्वर राम उर्फ छठन के बीच मुख्य मुकाबला है। रामेश्वर राम भाजपा समर्थित उम्मीदवार हैं, जबकि शशि कुमार को राजद ने समर्थन दिया है। हरिहरगंज नगर पंचायत में पहली बार चुनाव हो रहा है। यहां कुमारी शिला चौधरी, पूर्व जिला पार्षद आशा कुमारी, रेणु देवी एवं माधुरी देवी के बीच मुकाबला है।

# पवन हत्याकांड में पिता-पुत्र गिरफ्तार
## प्रेम प्रसंग में पीट-पीट कर हुई थी हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र के कोकरसा गांव के तेलियाही टोले में मुरमा के पवन कुमार की हत्या प्रेम प्रसंग में पीट पीट कर हुई थी। मामले को बैटरी चोरी साबित करने का प्रयास किया गया। हालांकि पुलिस अनुसंधान में प्रेम प्रसंग में हत्या सामने आया। इस सिलसिले में दो आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने इसकी पुष्टि की।



एसपी के अनुसार पवन कुमार अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए कोकरसा गांव के तेलियाही टोले में गया था। घर के लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। बाद में गुमराह करने के लिए घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी के प्रयास की सूचना फैला दी। आसपास के लोगों ने भी मौके पर जुट कर पवन की पिटाई की। गंभीर रूप से जख्मी पवन की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अनुसंधान के क्रम में सामने आया कि पवन कुमार पारस मेहता के घर किसी लड़की से मिलने गया था। जानकारी होने पर पवन को घर के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर हाथ पैर बांधकर पिटाई की गई और चोरी का आरोप लगाया गया। पूछताछ के क्रम में पारस ने स्वीकार किया कि 21 फरवरी की रात में पवन कुमार चोरी छिपे उसके घर आया था और इसी क्रम में उसे पकड़कर पिटायी की गई और घटना को चोरी साबित करने की कोशिश की गयी। गिरफ्तार आरोपितों में पारस महतो उर्फ पारस मेहता (37) और उसके पिता वीरेंद्र मेहता (60) शामिल है। घटना में प्रयोग लाठी एवं तीन मोबाइल बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि मृतक पवन घर का इकलौता बेटा था। वह ड्राइवर का काम करता था।

# नगर निकाय चुनाव 2026: डीआईजी, डीसी और एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में जारी मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) कौशल किशोर, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस तथा पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने वार्ड संख्या 6 अंतर्गत राजकीय नव प्राथमिक विद्यालय, कचरवा स्थित बूथ संख्या 3 एवं 4; वार्ड संख्या 5 के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बहलोलवा के बूथ संख्या 2 एवं 3; तथा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पोखरखुर्द स्थित बूथ संख्या 1 का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा प्रबंध तथा मतदाताओं की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। वार्ड संख्या 31 के मतदान केंद्र संख्या 3 पर अनावश्यक रूप से जमा भीड़ को पुलिस अधीक्षक ने तत्काल हटवाया, जिससे मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रह सका। कुछ मतदान केंद्रों पर यह शिकायत मिली कि मतदान कक्ष के अंदर दो व्यक्ति एक साथ प्रवेश कर मतदान कर रहे हैं, जिससे गुप्त मतदान की प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता अलग-अलग और पूर्ण गोपनीयता के साथ ही मतदान करें। वार्ड संख्या 27 में भी उपायुक्त ने मतदान प्रक्रिया को अधिक सुचारू एवं तीव्र गति से संचालित करने का निर्देश दिया, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अधिकारियों ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## सदर बीडीओ व थाना प्रभारी ने कई बूथों का किया निरीक्षण

# मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव में प्रशासन रहा मुस्तैद

नवीन मेल संवाददाता






**मेदिनीनगर।** झारखंड में हो रहे नगर निकाय चुनाव के तहत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में मेयर पद एवं वार्ड पार्षदों के चयन के लिए सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ हुआ, जो शाम पांच बजे तक जारी रहा। चुनाव को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस के निर्देशन में चुनाव संपन्न कराया गया। विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी क्रम में सदर बीडीओ सह अंचलाधिकारी जागो महतो ने सिंगरा, पोखराहा, बैरिया, बारालोटा समेत कई बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर तैनात पीठासीन अधिकारियों से मतदान की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्री महतो ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित मतदान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। दूसरी ओर, सदर थाना प्रभारी लालजी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए बहलोलवा, कचरवा, बारालोटा, निमियां समेत कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने तैनात पुलिस बल से स्थिति की जानकारी प्राप्त की और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने का निर्देश दिया।

टीओपी टू प्रभारी राकेश सिंह पैंथर मोबाइल के साथ कांदु मुहल्ला, कुंजड़ा पट्टी एवं दो नंबर टाउन बूथों पर लगातार गश्ती करते रहे। प्रशासनिक सक्रियता के कारण असामाजिक तत्वों में भय का माहौल कायम रहा। समाचार लिखे जाने तक सदर प्रखंड थाना क्षेत्र एवं टीओपी टू क्षेत्र के किसी भी बूथ से किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

## कैमरे की नजर में मतदान








मेयर पद के प्रत्याशियों ने मतदान के बाद अपने निशान दिखाए









# पाइप टूटने से जलापूर्ति ठप, लोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में देवरी सोन नदी से होने वाली पेयजल आपूर्ति जपला–हैदरनगर रोड ओवरब्रिज के समीप पाइप टूटने के कारण पिछले एक सप्ताह से ठप है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि पिछले महीने पाइप लाइन बिछाने के दौरान गड्ढा खोदे जाने से भारी वाहन के दबाव में पाइप क्षतिग्रस्त हो गया था। मरम्मत के बाद कुछ दिन आपूर्ति बहाल रही, लेकिन पुनः तकनीकी खराबी और पाइप टूटने से जलापूर्ति बाधित हो गई। नलों में पानी नहीं आने से लोग चापानलों और अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि मोटर जलने, तकनीकी खराबी और पाइप क्षतिग्रस्त होने की समस्या आम हो गई है। नगर पंचायत कर्मियों के अनुसार मरम्मत कार्य जारी है और तीन-चार दिनों में आपूर्ति बहाल होने की संभावना है। बताया गया कि सोन नदी से जलापूर्ति की योजना पर लगभग 56 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वर्ष 2026 तक हर घर जल-नल योजना पूर्ण करने का लक्ष्य है, लेकिन कार्य की धीमी गति से लोगों में नाराजगी है।

## प्रखंड कार्यालय में शीतल पेयजल संयंत्र बनी शोभा की वस्तु



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में कर्मियों और आगंतुकों को शीतल एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद से लगाया गया वाटर ट्रीटमेंट संयंत्र अब तक चालू नहीं हो सका है। संयंत्र को सुरक्षित रखने के लिए मुख्य द्वार के डिवाइडर को तोड़कर कार्यालय के अंदर स्थापित किया गया था। इसमें चार नल प्वाइंट बनाए गए हैं—दो कोल्ड और दो सामान्य पानी के लिए। बिजली कनेक्शन एवं छत की टंकी से पानी की आपूर्ति की व्यवस्था भी की गई है। हालांकि बगल के नलों से सामान्य पानी तो निकलता है, परंतु संयंत्र से शीतल एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है। लाखों रुपये की लागत से लगाए गए इस संयंत्र के चालू नहीं होने से इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। गर्मी को देखते हुए जल्द इसे शुरू कराने की मांग की जा रही है। प्रखंड कार्यालय की ओर से बताया गया कि संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है।

# मेंटेनेंस कार्य को लेकर मोहम्मदगंज क्षेत्र में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित




नवीन मेल संवाददाता

- 33 केवी लाइन में कार्य के कारण सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेंगे फीडर

**हुसैनाबाद (पलामू)।** मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में 33 केवी विद्युत लाइन के मेंटेनेंस कार्य के कारण 24 फरवरी, मंगलवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह बाधित अवधि सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित की गई है। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो ने जानकारी दी कि मोहम्मदगंज 33 केवी लाइन में तारों का मेंटेनेंस तथा विभिन्न स्थानों पर नए बिजली खंभे लगाने का कार्य किया जाएगा। इस कारण मोहम्मदगंज एवं उससे जुड़े ग्रामीण फीडरों की विद्युत आपूर्ति निर्धारित समय तक पूर्णतः बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि कार्य पूरा होने के बाद शाम 5 बजे के पश्चात बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के बीडी सेक्शन अंतर्गत हैदरनगर थाना क्षेत्र के बहेरा गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार जपला–हैदरनगर रेल मार्ग के बीच रेल खंभा संख्या 360/09A के पास ट्रेन की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। शव मिलने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी रेलवे एवं पुलिस प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही हैदरनगर थाना पुलिस और रेलवे विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। बाद में मृतका की पहचान रोहतास जिला के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पटरी गांव निवासी सुषमा देवी के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार महिला का मानसिक संतुलन कुछ समय से ठीक नहीं था और उन्हें हैदरनगर देवी धाम में इलाज के लिए लाया गया था। सूचना मिलने पर परिजन थाना पहुंचे और शव की शिनाख्त की। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## मारपीट मामले को लेकर पांकी में धानुक समाज का विरोध प्रदर्शन

**पांकी।** थाना क्षेत्र में हुए मारपीट मामले को लेकर धानुक समाज के लोगों ने सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष सड़क पर उतरकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार रविवार को उकसु बरवाडीह में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी क्रम में बनखेता निवासी समाजसेवी नरेंद्र सिंह पर पांकी मुख्य चौक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। घायल नरेंद्र सिंह ने बताया कि वे पान दुकान पर खड़े थे, तभी लाठी-डंडे से लैस लोगों ने उन पर हमला कर दिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया।

# जलमीनार निर्माण के साढ़े तीन साल बाद भी बकाया राशि का भुगतान नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** पंसा पंचायत स्थित कैलाश सिंह उच्च विद्यालय में 15वें वित्त आयोग मद से अगस्त 2022 में स्थापित सोलर आधारित जलमीनार की निर्माण राशि का पूर्ण भुगतान अब तक नहीं किया गया है। जलमीनार से विद्यालय की पेयजल समस्या का समाधान हो चुका है, लेकिन लाभुक समिति को पूरी राशि नहीं मिलने से आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अन्य योजनाओं की राशि का भुगतान हो चुका है, लेकिन इस मद में आवंटन की कमी बताकर भुगतान टाला जा रहा है। लाभुक समिति ने उपायुक्त से मामले की जांच कर बकाया राशि दिलाने की मांग की है।

# एमके इंटर कॉलेज पांकी के 395 विद्यार्थियों का एडमिट कार्ड जारी नहीं

- विशेष परीक्षा की तिथि शीघ्र घोषित करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** छात्रहित सर्वोपरि मंच (पलामू जिला इकाई) ने पांकी प्रखंड अंतर्गत डंडार कला स्थित मजदूर किसान इंटर कॉलेज के 11वीं कक्षा के 395 छात्र-छात्राओं का एडमिट कार्ड जारी नहीं होने के मामले को गंभीर बताते हुए विशेष परीक्षा की तिथि शीघ्र घोषित करने की मांग की है। मंच के पलामू जिला अध्यक्ष दीपू कुमार सिंह एवं प्रतिनिधि शिवदत्त कुमार ने सोमवार को कॉलेज का दौरा कर विद्यार्थियों एवं कॉलेज प्रबंधन से विस्तृत बातचीत की। जानकारी के अनुसार, कॉलेज में निर्धारित सीट से अधिक नामांकन लिए जाने के कारण झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) द्वारा केवल स्वीकृत सीटों के अनुरूप ही प्रवेश पत्र जारी किया गया। परिणामस्वरूप 395 छात्र-छात्राएं परीक्षा से वंचित हो गए, जिससे उनके शैक्षणिक भविष्य पर संकट उत्पन्न हो गया है। विद्यालय प्रबंधन ने लिखित रूप से आश्वासन दिया है कि सत्र 2025-27 की ग्यारहवीं परीक्षा 2026 से वंचित विद्यार्थियों के लिए एक माह के भीतर विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में 18 फरवरी 2026 को रांची में परिषद की परीक्षा समिति की बैठक, जैक अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें विशेष परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है। विद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर विशेष परीक्षा आयोजित नहीं होती है तो इसकी नैतिक जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन की होगी। प्राचार्य सहित सभी कर्मचारी सामूहिक रूप से पदत्याग करने की बात कही है। छात्रहित सर्वोपरि मंच ने परिषद से मांग की है कि विशेष परीक्षा की तिथि, परीक्षा केंद्र एवं आवश्यक दिशा-निर्देश अविलंब जारी किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हो। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष आमिर हमजा, प्रदेश संगठन प्रभारी कुणाल पोद्दार एवं प्रदेश सचिव रईस अंसारी ने संयुक्त रूप से कहा कि यदि तय समय सीमा के भीतर परीक्षा तिथि घोषित नहीं की गई तो मंच लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगा। मंच ने दोहराया कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पेज एक के शेष

### झारखंड में नगर...

इसके अलावा पार्षद और मेयर-अध्यक्ष पद के मतपत्र एक ही मतपेटी में डलवाने की व्यवस्था पर भी सवाल उठे। कई प्रत्याशियों ने आशंका जताई कि इससे मतगणना के दौरान छंटनी में अधिक समय लगेगा और भ्रम की स्थिति बन सकती है। झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने सोमवार को बताया कि सुबह 7:00 बजे से शाम पांच बजे तक लगभग 61.84 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है।

### बंगाल के वरिष्ठ...

उनके विधायक पद को लेकर विवाद अदालत तक पहुंचा था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने सदस्यता खारिज करने का आदेश दिया था, लेकिन इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम स्थगन दे दिया। राजनीतिक उतार-चढ़ाव से भरे लंबे सार्वजनिक जीवन के बाद मुकुल रॉय ने अंततः एक विधायक के रूप में अपनी अंतिम यात्रा पूरी की। उनके निधन से पश्चिम बंगाल की राजनीति ने एक प्रभावशाली रणनीतिकार को खो दिया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का इलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा इलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# कैसे हुआ भारत में हिंदू मंदिरों का क्रमिक विकास व संरक्षण ?

**मुगलों के हमलों में छोटी पोर्टेबल मूर्तियां घरों में छिपाई गईं, राजस्थान की हवेलियां शरणस्थली बनीं**

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** हिंदू मंदिरों ने राजनीतिक आक्रमणों, दार्शनिक परिवर्तनों और सामाजिक उथल-पुथल का सामना किया, फिर भी वे फले-फूले। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की 2024 रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 1 लाख से अधिक सक्रिय हिंदू मंदिर मौजूद हैं। इनमें 70 % 10वीं शताब्दी के बाद बने। हार्वर्ड संस्कृत अध्ययन केंद्र का 2025 शोध बताता है कि ये संरचनाएं प्रकृति पूजा से भक्ति युग तक अनुकूलित होती रहीं। इनके विकास को कालक्रम से समझें।


एआई जेनरेटेड

### प्रारंभिक चरण: प्रकृति पूजा से मूर्तिपूजा (200 ईस्वी तक)-

लगभग 200 ईस्वी में मथुरा में हिंदू देवताओं की पहली पहचान योग्य मूर्तियां बनीं । बलुआ पत्थर से बने शिवलिंग (कभी मुख युक्त), विष्णु, कृष्ण व बलराम की मूर्तियाँ भी यहां बनाई गईं। कुषाण सिक्कों पर शिव-विष्णु-देवी प्रतीक मिले, जो यूनानी-पारसी प्रभाव दर्शाते हैं। एएसआई के 2023 खुदाई डेटा से पता चलता है कि लोग इन्हें बंद गर्भगृहों में नहीं, बल्कि नदी किनारे खुले उपवनों में पूजते थे। यह प्रकृति पूजा से मूर्ति पूजा का प्रथम चरण था।

### गर्भगृह का उदय: प्रारंभिक संरचनाएं (300 600 ईस्वी)-

500 ईस्वी तक मूर्तियां संरचनाओं में प्रवेश कर गईं। उत्तर प्रदेश के भीतरगांव में ईंटों का सबसे पुराना ज्ञात मंदिर मिला। मध्य प्रदेश के नचना में शिव मंदिर ने हिमालय की नकल की – पर्वताकार छत और द्वार पर गंगा-यमुना की नक्काशी बनी। झांसी के पास देवगढ़ का विष्णु मंदिर (5वीं शताब्दी) शास्त्रीय वास्तुकला की शुरुआत था। यहां अनंत नाग पर शयनस्थ विष्णु और गरुडारूढ चारभुजा रूप राम-कृष्ण कथाओं से जुड़े। यूनेस्को की 2025 रिपोर्ट इन्हें प्रोटो-नागर शैली का आधार मानती है।

### चट्टान-कट वैभव: स्मारकीय युग (600-800 ईस्वी)-

600 ईस्वी बाद चट्टान कला का कैनवास बनीं। एलिफेंटा और एलोरा की गुफाएं, कर्नाटक का पट्टाडकल, चेन्नई के पास मामल्लपुरम का तट मंदिर शिव-विष्णु के भव्य चित्रण प्रस्तुत करते हैं। एलोरा का कैलाश नाथ मंदिर एक ही चट्टान से तराशा गया पहाड़ी महल है। कर्नाटक पुरातत्व विभाग का 2024 सर्वे कहता है कि इनमें 80 प्रतिशत मूर्तियां तांत्रिक मंडलों पर बनीं। ये पूजा स्थल ही नहीं, राजाओं की शक्ति के प्रतीक थे।

### स्वतंत्र मंदिरों का उदय: स्थायी शैलियां (800 1000 ईस्वी)-

आठवीं शताब्दी से पत्थर-दर-पत्थर स्वतंत्र मंदिर बने। कांचीपुरम का कैलाशनाथ, हम्पी-पट्टाडकल परिसर उभरे। दसवीं शताब्दी तक जटिलता बढ़ी – उत्तर की वक्ररेखीय नागर शैली, दक्षिण की पिरामिड विमान शैली। मंदिर तांत्रिक अनुष्ठानों के केंद्र बने, जहां पुजारी धन-समृद्धि आकर्षित करते थे। खजुराहो (चंदेल, 950-1050 ईस्वी) इसका चरम था।

### आक्रमणों का दौर: अनुकूलन और पुनरुत्थान (1000 ईस्वी से 18वीं शताब्दी)-

11वीं शताब्दी में महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटा, मगर उसी काल में खजुराहो (एएसआई 2025: 85 में 25 बचे) और भुवनेश्वर का लिंगराज परिसर बने। मुगल सरदारों के हमलों में छोटी पोर्टेबल मूर्तियां घरों में छिपाई गईं। राजस्थान की हवेलियां शरणस्थली बनीं। अकबर के राजपूत सेनापति मानसिंह ने 16वीं शताब्दी में वृंदावन का गोविंद मंदिर बनवाया, जिसे बाद औरंगजेब ने तोड़ा। 17वीं शताब्दी में बंगाल का टेराकोटा कृष्ण मंदिर बनाया गया।

मराठा उदय ने नई लहर लाई – भोंसले-होल्कर ने नासिक, ग्वालियर और काशी विश्वनाथ मंदिर (विशेषकर राम व शिव -केंद्रित पुनर्निर्माण) बनवाए गये। भक्ति आंदोलन ने मंदिर निर्माण को तंत्र से जनभक्ति की ओर मोड़ा । जिसके चलते पुरी जगन्नाथ, तमिलनाडु श्रीरंगम लाखों के केंद्र बने।इनके निर्माण में स्थानीय राजाओं का योगदान रहा।

मंदिर विकास डेटाशीट (यूनेस्को 2023-25 आधारित)-

| कालखंड | प्रमुख उदाहरण | विशेषताएं | स्थिति (अनुमानित) |
|---|---|---|---|
| 200 ईस्वी | मथुरा मूर्तियां | खुले उपवन, मूर्ति संक्रमण | 500+ अवशेष |
| 300-600 ईस्वी | देवगढ़, नचना, भीतरगांव | प्रथम गर्भगृह | 20+ संरक्षित |
| 600-800 ईस्वी | एलोरा, पट्टाडकल | चट्टान-कट, तांत्रिक | 50+ यूनेस्को साइट्स |
| 800-1000 ईस्वी | खजुराहो, हम्पी | नागर/द्रविड़ स्वतंत्र | 300+ बचे |
| 1000 ईस्वी बाद | सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, पुरी | भक्ति पुनरुत्थान | 70,000+ सक्रिय |

## दक्षिण चीन सागर में 7.1 तीव्रता का भूकंप, कांप उठा समुद्र का अंतस्तल

**नई दिल्ली ।** दक्षिण चीन सागर रविवार को 7.1 तीव्रता के भूकंप से थर्रा उठा। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार सोमवार को दक्षिण चीन सागर में 7.1 तीव्रता का एक प्रमुख भूकंप आया। इससे समुद्र का अंतस्तल तक कांप उठा। यह भूकंप स्थानीय समयानुसार सोमवार की सुबह 12:57 बजे आया, जो पूर्वी समय के अनुसार रविवार दोपहर 11:57 बजे था। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार इस भूकंप का केंद्र मलेशिया के बोर्नियो द्वीप पर साबाह राज्य में कोटा बेलुड से लगभग 55-62 किमी (34-38 मील) उत्तर-पश्चिम में दक्षिण चीन सागर में था।

## हाइकोर्ट बोला-फिजिकल रिलेशन के बाद शादी से मना करना अपराध

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाइकोर्ट ने कहा कि फिजिकल रिलेशन के बाद शादी मना करना एक अपराध है। कोर्ट ने ये बात एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई को दौरान कही। कोर्ट ने कहा कि कुंडली मेल न खाने की वजह से शादी से मना करने पर भारतीय न्याय संहिताका सेक्शन 69 लग सकता है, जो धोखे से सेक्सुअल इंटरकोर्स को अपराध मानता है। जज ने कहा कि आरोपी ने प्रॉसिक्यूटर को बार-बार भरोसा दिलाया था कि उनकी शादी में कोई रुकावट नहीं है, जिसमें कुंडली मैच करना भी शामिल है। आरोपी ने इस आधार पर बेल मांगी कि रिश्ता आपसी सहमति से था, और दोनों एक-दूसरे को आठ साल से जानते थे।

# राष्ट्रपति भवन में राजाजी की प्रतिमा लगाने से तमिलनाडु में भाजपा को कितना लाभ?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** क्या एडविन लुटियंस की प्रतिमा हटाने की पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार 22 फरवरी 2026 को 'मन की बात' में घोषणा की कि राष्ट्रपति भवन में ब्रिटिश वास्तुकार सर एडविन लुटियंस की कांस्य प्रतिमा (बस्ट) हटाई जा रही है। उसकी जगह स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (राजाजी) की प्रतिमा लगाई गई, जिसका अनावरण सोमवार 23 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'राजाजी उत्सव' के अवसर पर किया। यह कदम राष्ट्रपति भवन के केंद्रीय प्रांगण में हुआ, जहां यह प्रतिमा अब ग्रैंड ओपन स्टेयरकेस के पास अशोक मंडप के निकट स्थापित है। मालूम हो कि लुटियंस का नाम नई दिल्ली के दिल से जुड़ा है। 1911 में दिल्ली को ब्रिटिश राजधानी बनाने के फैसले के बाद 1920 के दशक में वास्तुकार लुटियंस ने हर्बर्ट बेकर के साथ मिलकर राष्ट्रपति भवन (तत्कालीन वायसराय हाउस), नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, इंडिया गेट और पूरे रायसीना हिल कॉम्प्लेक्स का डिजाइन तैयार किया।

इन इमारतों में भारतीय और मुगल स्थापत्य का मिश्रण है, और विश्व के स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना है। इसके अलावा यह तबके ब्रिटिश साम्राज्य की शक्ति का प्रतीक भी रहा है। आज भी दिल्ली का वह इलाका 'लुटियंस दिल्ली' कहलाता है,

**● इसके पहले मुगल गार्डन का नाम 'अमृत उद्यान', दरबार हॉल का नाम 'गणतंत्र मंडप' व अशोक हॉल का 'अशोक मंडप' , राजपथ को कर्तव्य पथ, पीएमओ को सेवा तीर्थ कर दिया गया**

जो राजनीतिक-प्रशासनिक केंद्र है। लुटियंस की प्रतिमा दशकों से राष्ट्रपति भवन में खड़ी थी, जो उनके योगदान को मान्यता देती थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी ब्रिटिश प्रशासकों की मूर्तियां बनी रहीं, जबकि देश के महान सपूतों को स्थान नहीं मिला। आज देश गुलामी के प्रतीकों से मुक्त हो रहा है और भारतीय संस्कृति से जुड़े प्रतीकों को महत्व दे रहा है।" यह कदम अकेला नहीं है।

पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रपति भवन ने औपनिवेशिक विरासत से दूरी बनाने की कई पहल की हैं। जनवरी 2026 में लॉर्ड कर्जन के भाषणों और विलियम होगार्थ की मूल कृतियों को लाइब्रेरी से हटाकर उनकी जगह वेद, उपनिषद, पुराण और 11 शास्त्रीय भाषाओं की 2,300 प्राचीन पांडुलिपियां व पुस्तकें 'ग्रंथ कुटीर' में रखी गईं। जनवरी में ही ब्रिटिश एड्स- डे - कैंप के चित्र हटाकर परम वीर चक्र विजेताओं की 21 तस्वीरें 'परम वीर दीर्घा' गैलरी में लगाई गईं। बीते वर्ष जुलाई में राष्ट्रपति मुर्मू ने दरबार हॉल का नाम 'गणतंत्र मंडप' और अशोक हॉल का 'अशोक मंडप' किया। 'दरबार' शब्द राजशाही व ब्रिटिश शासन से जुड़ा था, जबकि 'मंडप' प्राचीन भारतीय परंपरा से। जनवरी 2024 में मुगल गार्डन का नाम 'अमृत उद्यान' रखा गया, जो अब जनता के लिए खुला है। 2022 में राजपथ का नाम 'कर्तव्य पथ' किया गया, जो 'राज' से 'जन-स्वामित्व' की ओर बदलाव दर्शाता है। ये सभी कदम 'अमृत काल' में पीएम मोदी के पंच प्रण के पांचवें संकल्प—औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को मिटाना—से जुड़े हैं। यह प्रतीकात्मक है—जैसे 2023 में नए संसद भवन का उद्घाटन, जहां पुरानी लुटियंस-डिजाइन वाली संसद के स्थान पर नया भवन आया। लेकिन सवाल उठता है, क्या यह बदलाव सिर्फ दिल्ली तक सीमित है या राजनीतिक लाभ के लिए भी? राजाजी तमिलनाडु के थे, स्वतंत्रता सेनानी, गांधी के 'अंतःकरण की आवाज' कहे जाते थे। क्या यह तमिलनाडु में भाजपा की स्थिति मजबूत करने की कोशिश है, जहां अप्रैल-मई 2026 में होने वाला विधानसभा चुनाव नजदीक हैं? कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राजाजी जैसे सम्मानित नेता को आगे लाकर दक्षिण में सियासी संदेश दिया जा रहा है, लेकिन क्या प्रतिमा से वोट मिलेंगे, यह बहस का विषय है।लेकिन सच्चाई यह भी है कि कोई माने या न माने लुटियंस ने जो बनाया, वह आज भी विश्व वास्तु व भवन निर्माण में भारत की शान है।

# पोलैंड की नई राजदूत नियुक्त की गई नीता भूषण

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की 1994 बैच की अधिकारी नीता भूषण पोलैंड में भारत की राजदूत नियुक्त की गई हैं। जल्द ही वह पोलैंड में अपना कार्यभार संभालेंगी। वर्तमान समय में वह न्यूजीलैंड में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में काम संभाल रही हैं। इससे पहले उन्होंने जापान, जर्मनी, यूएई और बांग्लादेश में बतौर राजनयिक अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने अबू धाबी में उप राजदूत और अमेरिका के



शिकागो में महावाणिज्य दूत के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी संभाली है। नीता भूषण विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (मध्य यूरोप) भी रही हैं। नीता भूषण ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से इकोनॉमिक्स ऑनर्स की डिग्री ली और फिर उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय से एम.फिल किया। सितंबर 2022 में उन्हें न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। नीता के पास कुक आइलैंड्स, नियू, वनुआतु और समोआ का भी अतिरिक्त प्रभार रहा। शिकागो में उन्होंने 2017 से लेकर 2019 तक अपनी सेवा दी। यहां उन्होंने अमेरिका के मिडवेस्ट क्षेत्र के 10 राज्यों में भारतीय हितों का नेतृत्व किया।

## बांग्लादेश में दो समूहों में हिंसक झड़प बेटा व पिता समेत 4 की मौत

**एजेंसी । ढाका**

बांग्लादेश के नरैल सदर उपजिला में वर्चस्व को लेकर दो समूहों में हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में पिता और बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गई। बांग्लादेशी मीडिया द डेली स्टार की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह नरैल सदर उपजिला में वर्चस्व कायम करने को लेकर दो विरोधी समूहों के बीच झड़प हो गई। मरने वालों की पहचान खलील मोल्ला, उनके बेटे तहज्जुद मोल्ला (38), उनके पड़ोसी फिरदौस शेख (33) और ओसिकुर फकीर (35) के रूप में हुई है। ये सभी बाराकुला गांव के रहने वाले थे। सिंगशोलपुर यूनियन के बाराकुला इलाके में सुबह करीब 5:15 बजे झड़पें शुरू हुईं। द डेली स्टार से बात करते हुए, नरैल सदर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर (इन्वेस्टिगेशन) अजय कुमार कुंडू ने कहा कि खलील मोल्ला और खैर मोल्ला के दो समूहों के बीच इलाके में दबदबा बनाने को लेकर लंबे समय से झगड़ा चल रहा था। खैर मोल्ला के समूह के लोगों ने सुबह विरोधियों पर अचानक हमला कर दिया, जिससे दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प शुरू हो गई। इंस्पेक्टर ने कहा, "एक समूह के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरे समूह के ओसिकुर फकीर को हॉस्पिटल ले जाया गया।

## नेपाल के बीरगंज में दो समूहों के बीच झड़प के बाद तनावपूर्ण माहौल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नेपाल में 5 मार्च को चुनाव होने जा रहा है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, देश के कुछ इलाकों में हिंसा की तस्वीरें सामने आ रही हैं। नेपाली मीडिया की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, रविवार शाम को दो युवा समूहों के बीच झड़प के बाद परसा जिले के बीरगंज में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। नेपाली मीडिया काठमांडू पोस्ट की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन ऑफिस परसा ने कहा कि बिगड़ती सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए कर्फ्यू सोमवार सुबह 9:45 बजे से अगली सूचना तक लागू कर दिया गया है। यह आदेश बीरगंज मेट्रोपॉलिटन सिटी के अंदर लागू है। चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर भोला दहल ने कहा कि कर्फ्यू पूर्व में बाईपास रोड से पश्चिम में सिरसिया नदी तक और उत्तर में गंडक चौक और दक्षिण में शंकराचार्य गेट तक के इलाके में लागू है। कर्फ्यू वाले क्षेत्र में आना-जाना, जमावड़ा, रैली, प्रदर्शन, मीटिंग और धरने पर रोक लगा दी गई है। हालांकि, जरूरी सर्विस देने वाली गाड़ियां, पत्रकार, पहले से तय यूनिवर्सिटी एग्जाम में बैठने वाले स्टूडेंट, परीक्षा लेने वाले स्टाफ, टूरिस्ट गाड़ियां, और मानवाधिकार संगठन और डिप्लोमैटिक मिशन की गाड़ियां चल सकती हैं।

# कवच और एआई से मजबूत हो रही भारत में रेलवे सुरक्षा

कवच एक स्वचालित स्थितिजन्य जागरूकता प्रणाली है जो ट्रेनों को मानवीय भूलों, संचालन की सीमाओं और उपकरणों की नाकामी से होने वाली खतरनाक घटनाओं के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। रेल चालकों को उनके केबिन में सिग्नलिंग सूचना के समयबद्ध प्रदर्शन के जरिए चलने की अनुमति, लक्षित गति, लक्षित दूरी और सिग्नल के पहलुओं का यह प्रदर्शन 120 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रफ्तार में सुरक्षित संचालन के लिए आवश्यक हो जाता है। आरडीएसओ से विकसित प्रणाली बिना अनुमति सिग्नल पार करने की दशा में तथा अत्यधिक गति और टक्कर से ट्रेनों की रक्षा करता है। पारंपरिक सिग्नलिंग प्रणाली का संचालन पटरी के किनारे सिग्नलों को देखने और गति नियंत्रित रखने की चालक की क्षमता पर काफी हद तक निर्भर था। मानव



पर निर्भर इस प्रणाली की अपनी सीमाएं थीं। सिग्नल को नजरंदाज किए या गलत समझे जाने से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी जिससे चालक को निर्धारित गति, लक्षित दूरी, किसी खास समय में अवस्थिति और पटरी के झुकाव के बारे में जानकारी अपने केबिन में नहीं मिल पाती थी। पटरी के घुमाव और खराब मौसम की वजह से सिग्नल की दृश्यता प्रभावित होती थी। सुरक्षा के लिए ट्रेनों के बीच दूरी ज्यादा रखे जाने की वजह से नेटवर्क की क्षमता में कमी आती थी। बिना पूर्व सूचना के बाधित सेक्शन में ट्रेन संचालन से जोखिम और बढ़ जाता था।उत्तरी भारत में कुहासे और कम दृश्यता की स्थितियों से स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणालियों की जरूरत और बढ़ गई थी।एटीपी प्रणालियों को ट्रेन की अवस्थिति, गति और चलने की अनुमति की लगातार निगरानी के लिए विकसित किया गया है। भारतीय रेलवे पूरे रेल नेटवर्क में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, दूरसंचार और डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठा रही है। कवच के साथ-साथ, ये पहलें वास्तविक समय की निगरानी, पूर्वानुमानित रखरखाव, स्वचालित अलर्ट के माध्यम से पारंपरिक सुरक्षा प्रणालियों की पूरक बनती हैं। इनका उद्देश्य मानवीय हस्तक्षेप पर निर्भरता कम करना, सिस्टम की प्रतिक्रिया क्षमता में सुधार करना और दुर्घटना रोकथाम एवं बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। अत्यधिक संवेदनशील रेल गलियारों में रेलवे पटरियों पर हाथियों और अन्य जंगली जानवरों की उपस्थिति का पता लगाने के लिए 'वितरित ध्वनिक सेंसिंग' (डीएएस) तकनीक पर आधारित एक एआई समर्थित अतिक्रमण प्रणाली विकसित की गई है। यह प्रणाली जानवरों की आवाजाही के संबंध में वास्तविक समय में सावधान करती है और ट्रेन चालकों, स्टेशन मास्टरों तथा नियंत्रण कक्षों को चेतावनी भेजती है, जिससे निवारक कार्रवाई तुरंत संभव होती है और दुर्घटना के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

# वैश्विक सिनेमा में धूम मचाने के लिए फरहान अख्तर तैयार...






भारतीय कलाकार लगातार अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। इन्हीं नामों में से एक है फरहान अख्तर... वह एक अभिनेता, निर्देशक और निर्माता के रूप में पहले ही अलग पहचान बना चुके हैं और अब वैश्विक सिनेमा में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। वह निर्देशक सैम मेंडेस के प्रोजेक्ट 'द बीटल्स: ए फोर-फिल्म सिनेमैटिक इवेंट' पर काम कर रहे हैं। अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर फरहान अख्तर ने खुलासा किया है कि वह मशहूर सितार वादक रविशंकर का किरदार निभाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह मौका मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि यह दुनिया के सबसे प्रभावशाली म्यूजिक बैंड में से एक 'द बीटल्स' की कहानी का हिस्सा बनने का अवसर है।''

फरहान अख्तर ने कहा, ''इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना अपने आप में बड़ी जिम्मेदारी है। बीटल्स जैसे बैंड पर फिल्म का हिस्सा बनना और वह भी सैम मेंडेस जैसे निर्देशक के साथ काम करना किसी सपने से कम नहीं है। मेरे लिए महान संगीतकार रवि शंकर जैसी शख्सियत को पर्दे पर उतारना आसान नहीं है, चूंकि वह भारतीय शास्त्रीय संगीत को पश्चिमी दुनिया तक पहुंचाने वाले संगीतकार थे। ऐसे में मेरे लिए किरदार को और भी बेहतरीन तरीके से निभाने की चुनौती और बढ़ जाती है।'' बातचीत के दौरान फरहान अख्तर ने एक किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया, ''उत्तर भारत में लखनऊ के पास एक छोटे से गांव में भी लोग बीटल्स का नाम जानते थे। भले ही वहां लोग अंग्रेजी नहीं बोलते थे, लेकिन अगर उनसे पश्चिमी दुनिया के किसी मशहूर नाम के बारे में पूछा जाता, तो जवाब होता था 'बीटल्स'। यह इस बात का सबूत है कि भारत का बीटल्स के साथ एक खास रिश्ता रहा है, जो सीधे संगीत के जरिए जुड़ा है।